जबलपुर
बुधवार, 8 अक्टूबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-1
वर्ष : 20, अंक : 161
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 30
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com





8 वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा
मैट्रो 14 गन्ने के पत्तों से उपजा नवाचार: ..


मप्र को केंद्र सरकार की बड़ी सौगात, दो बड़ी रेल लाइन परियोजनाओं पर काम शुरू

# वडोदरा और रतलाम के बीच 259 किमी लंबी तीसरी और चौथी लाइन बनाने व इटारसी-भोपाल-बीना के बीच 84 किमी लंबे ट्रैक पर चौथी लाइन को मंजूरी

## इटारसी-भोपाल-बीना के बीच चौथी रेल लाइन से 32 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन होने से बचेगी जो 1.3 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक हुई। जिसमें सरकार ने करीब 24,634 करोड़ रुपए की लागत वाली चार बहुत महत्वपूर्ण 'मल्टी-ट्रैकिंग' रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। ये परियोजनाएं मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेंगी और इन परियोजनाओं से रेल कनेक्टिविटी को शानदार मजबूती मिलेगी। साथ ही, क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट द्वारा मंजूर इन चार में से दो परियोजनाएं मध्यप्रदेश से जुड़ी हुई हैं। इस दौरान मंत्रिमंडल ने गुजरात के वडोदरा और मध्य प्रदेश के रतलाम के बीच 259 किमी लंबी तीसरी और चौथी लाइन बनाने व मध्य प्रदेश में इटारसी-भोपाल-बीना के बीच 84 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर चौथी लाइन बिछाने को मंजूरी दी।



### व्यापार और आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

1 **वडोदरा-रतलाम** तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना के बारे में बताते हुए रेल विभाग ने कहा कि इसके पूरा होने के बाद इस मार्ग पर अतिरिक्त यात्री ट्रेनों का परिचालन संभव होगा। साथ ही व्यापार और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसकी अनुमानिक लागत 8,885 करोड़ रुपए है और यह पूरा सेक्शन गुजरात और मध्य प्रदेश से होकर गुजरेगा।

2 **उधर इटारसी-भोपाल-बीना** के बीच चौथी रेल लाइन को लेकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह काफी लंबा और इंपॉर्टेंट सेक्शन है। 237 किमी के इस प्रोजेक्ट से टूरिज्म कनेक्टिविटी बढ़ेगी साथ ही 32 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन होने से बचेगा जो 1.3 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। रेल विभाग का कहना है कि इटारसी- भोपाल- बीना चौथी रेल लाइन परियोजना से दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जाने या वहां से आने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा का अनुभव मिलेगा। साथ ही सांची और भीमबेटका जैसे यूनेस्को स्थलों तक पहुंच भी आसान होगी।



## भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान, 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों को दिया गया यह सम्मान


**नईदिल्ली।** फिजिक्स नोबेल पुरस्कार जॉन क्लार्क, माइकल डेवोरेट, जॉन मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार बिजली के सर्किट में बड़े पैमाने पर क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए दिया गया है। नोबेल पुरस्कार पाने वाले तीनों अमेरिकी वैज्ञानिक हैं।स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इसकी घोषणा की है। भौतिकी का नोबेल पुरस्कार 2025 कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले के जॉन क्लार्क, येल यूनिवर्सिटी और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के मिशेल एच. डेवोरेट और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के जॉन एम. मार्टिनिस को प्रदान किया जाएगा। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने इलेक्ट्रिक सर्किट में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और ऊर्जा क्वांटीकरण की खोज के लिए उनके अग्रणी कार्य को मान्यता दी, जो मानवीय पैमाने पर क्वांटम परिघटनाओं को प्रदर्शित करने की खोज में एक सफलता का प्रतीक है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शर्मा मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 में चमक बिखेरने वाले अभिषेक शर्मा और कुलदीप यादव को आईसीसी 'मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित किया गया है। इसमें सितंबर माह में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चुना गया है, जिसमें जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी शामिल हैं। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप के दौरान शानदार फॉर्म दिखाई।



### यूजीसी नेट दिसंबर 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** जीसी नेट दिसंबर 2025 सेशन के नोटिफिकेशन का इंतजार खत्म हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के साथ ही रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इस एग्जाम के लिए इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 7 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी नसीहत

# मैदान में जाएं अधिकारी...गांव में रात बिताएं, जनप्रतिनिधियों का करें सम्मान

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ करते हुए नसीहत दी कि अधिकारी मैदान में जाएं व आसपास रहकर व्यवस्थाओं का संचालन करें।

लगातार दौरे करें, गांवों में रात्रि विश्राम करें और लोगों से संवाद भी। इस दौरान छात्रावास, स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान, निर्माण कार्यों, हॉस्पिटल आदि का औचक निरीक्षण करें। जनता को गुड गवर्नेंस लाभ दिलाने के लिए यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिलों में तैनात अधिकारी अपने काम और नवाचार से अपनी पहचान कायम करें। डॉ. यादव ने अफसरों को यह भी ताकीद किया कि वे जनप्रतिनिधियों का सम्मान करें और उनके सुझावों को आवश्यकता के अनुसार मानें। कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, एसपी समेत 250 से अधिक आईएएस, आईपीएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। कांफ्रेंस को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी संबोधित किया।

### 1 स्कूल, अस्पताल छात्रावास और आंगनबाड़ी का करें औचक निरीक्षण

### 2 काम और नवाचार के जरिए अपनी पहचान कायम करें अफसर

कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के सभी 55 जिलों के कलेक्टर, एसपी समेत 250 से अधिक आईएएस, आईपीएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल



- सीएम ने राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर में दो दिवसीय कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया
- कांफ्रेंस को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी संबोधित किया

### प्रदेश में स्थापित की है जवाबदेह शासन व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी लोक सेवकों से प्रदेश के समग्र और समावेशी विकास के लिए प्राण-प्रण से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनता के कल्याण के लिए शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर मिशन मोड में कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश में जवाबदेह शासन व्यवस्था स्थापित की है। लोक सेवकों का यह दायित्व है कि वे अपनी प्रतिभा, लगन, क्षमता और समर्पण के साथ जनता तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाएं।

### जनता, मीडिया, जनप्रतिनिधियों से बनाएं आत्मीय संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में इसी बात पर मंथन किया जाएगा कि शासन व्यवस्था को और अधिक सहज, सरल, बेहतर, पारदर्शी और विकेंद्रीकृत कैसे बनाया जाए, जिससे योजनाओं का लाभ और अधिक शीघ्रता से जनता तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी ज्वलंत विषय पर पूरी दक्षता और तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। स्थानीय जनता, मीडिया और जनप्रतिनिधियों से निरंतर आत्मीय संवाद बनाए रखें।



सीएम डॉ.यादव का सीएस अनुराग जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया

### गुड गवर्नेंस से ग्रेट रिजल्ट की ओर हों अग्रसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारी है कि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिले। गुड गवर्नेंस से हम ग्रेट रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं। सभी को इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स ऐसे जनहितैषी कार्य करें, जो आने वाले समय में जिले की जनता को याद रहें। अपने कार्यकाल का एक-एक क्षण जन-कल्याण में लगाएं और प्रदेश को नई ऊंचाईयों में ले जाएं। उन्होंने कहा कि नवाचार दीर्घकालिक हों। जिस विभाग से संबंधित हों, उसकी पूरी कार्ययोजना विभाग से अनुमोदित हो, जिससे नवाचार स्थाई हो सके।

### मिलने की व्यवस्था, जनसुनवाई को और बेहतर बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन से मिलने की व्यवस्था और जनसुनवाई को और भी बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि जिलों में कई बार स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया में नकारात्मक खबरें छपती हैं, इनको वेरीफाई कर इनका तत्काल खंडन किया जाना चाहिए। आज सोशल मीडिया की पहुंच जन-जन तक है। शासन के द्वारा किए जा रहे लोक-कल्याणकारी कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाए। डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि शासन ने जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वह फील्ड अधिकारियों की मेहनत एवं प्रतिबद्धता से अवश्य प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि आने वाले समय में अपने प्रदेश को सुशासन, विकास एवं आम जनता की संतुष्टि के विषय में अग्रणी राज्य बनाएंगे।






आरोपी मोहम्मद इरफान नाम का युवक

## स्कूल से लौट रही नाबालिग का मुंह दबाया, झाड़ियों में रेप किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा

रीवा के गढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक बदमाश ने नाबालिग छात्रा से रेप किया। पीड़िता स्कूल से घर लौट रही थी। इसी दौरान घात लगाकर बैठे मोहम्मद इरफान नाम के बदमाश ने उसे रोका। मुंह दबाकर झाड़ियों में ले गया। लड़की के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। नाबालिग ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। बच्ची की चीख सुनकर लोग वहां पहुंचे। पीड़िता ने उनसे मदद मांगी। ये देखकर बदमाश इरफान भागने लगा। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी कई दिनों से उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। मंगलवार सुबह 10 बजे वो स्कूल जा रही थी। सुनसान रास्ते पर साइकिल सहित धक्का मारकर उसे घास में गिरा दिया। इसके बाद पकड़कर उसका मुंह दबाया। उसके साथ मारपीट की। जबरन झाड़ियों में ले जाकर पटक दिया और रेप किया। बताया जा रहा है की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी इरफान पुलिस को चकमा दे रहा था। वह उत्तर प्रदेश जाने की फिराक में था। गढ़ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

- आरोपी कई दिनों से छेड़खानी कर रहा था



संघ पर आपत्तिजनक पोस्ट, हुई एफआईआर


## युवक ने सोशल मीडिया स्टेटस पर लगाई थी आपत्तिजनक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर में संघ के वाट्सएप स्टेट्स पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने को लेकर जगन्नाथ जिले के सह कार्यवाह ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है। संयोगितागंज थाने पर संघ के जगन्नाथ जिले के राणा बख्तावर सिंह नगर के नगर सह कार्यवाह गजानंद आमकुल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक कार्यकर्ता ने उन्हें आकर बताया कि लक्की पांडे नाम के युवक ने अपने मोबाइल में वाट्सएप स्टेटस लगाया है। जिसमें संघ को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई, जो अशोभनीय है। लक्की पांडे ने संघ की विचारधारा को चोट पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह की टिप्पणी का स्टेटस लगाया है।

- पुलिस लक्की पांडे नाम के युवक को तलाश रही



## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

# एसआईआर के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार अंतिम चुनावी सर्वेक्षण से बाहर रखे गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार एसआईआर के तहत बाहर रखे गए मतदाताओं का विवरण 9 अक्टूबर तक देने के लिए कहा है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में जोड़े गए ज्यादातर नाम नए मतदाताओं के हैं और कुछ पुराने मतदाताओं के हैं। बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अब तक किसी भी बाहर रखे गए मतदाता द्वारा कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की गई है।

### एसआईआर चुनाव आयोग का कार्यक्षेत्र, उसे स्वतंत्र रूप से काम करने दिया जाए

*अब तक किसी मतदाता ने कोई अपील नहीं की*

*बिहार चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई*



#### पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आयोग बाहर रखे गए मतदाताओं के बारे में जो भी उनके पास है, उसे गुरुवार तक पेश करेगा। अदालत ने कहा कि सभी के पास मसौदा मतदाता सूची है और अंतिम सूची भी 30 सितंबर को प्रकाशित हो चुकी है, इसलिए तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा कि अदालती आदेशों के परिणामस्वरूप चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी है।

#### दिल्ली में बैठे नेता मुद्दे को उठा रहे

आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि प्रभावित/हटाई गई सूची में शामिल किसी भी मतदाता ने अदालत का रुख नहीं किया है और न ही अपील दायर की है, बल्कि दिल्ली में बैठे राजनेता और गैर-सरकारी संगठन ही इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

#### यह आयोग का कार्यक्षेत्र, कोई सामने नहीं आया

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि एसआईआर पूरी तरह से केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह बात एक याचिका की सुनवाई के दौरान कही। कोर्ट ने यह भी जोड़ा कि देश में कुछ लोग अनधिकृत रूप से रह रहे हो सकते हैं, जो अपनी पहचान उजागर होने के डर से सामने नहीं आना चाहेंगे।

#### अन्य राज्यों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वह एसआईआर की प्रक्रिया में अन्य राज्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और विशेषाधिकारहै। सुनवाई के हम हर काम अपने हाथ में क्यों लें? चुनाव आयोग के पास अपना तंत्र है, उसे काम करने दिया जाए।

#### याची शिकायतकर्ताओं की 100 लोगों की सूची दें, जिनके नाम हटे

कोर्ट ने यह भी कहा कि देश में कुछ लोग बिना अनुमति के रह रहे हैं, वे सामने आने से डरेंगे क्योंकि उनका नाम मतदाता सूची से हटने पर उनकी पहचान उजागर हो सकती है। याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे कम से कम 100 ऐसे लोगों की सूची प्रस्तुत करें, जिनका दावा है कि उनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए, लेकिन उन्हें कोई आदेश नहीं मिला, जिसके कारण वे अपील नहीं कर पा रहे। हमें उन लोगों की एक इलस्ट्रेटिव लिस्ट चाहिए, जिन्हें यह शिकायत है।

#### जयराम ने कहा

### चुनाव आयोग में बताने की हिम्मत नहीं रही

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर फिर से हमला बोलते हुए कहा कि मतदाता सूची से गैर नागरिकों को हटाने के लिए मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की जरूरत पर बल दिया



और कहा कि चुनाव आयोग में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह देशवासियों को बता सके कि बिहार में कितने गैर नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया में समानता और पारदर्शिता की कमी है। रमेश ने कहा कि अगर चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी होती कि बिहार में कितने गैर-नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, तो उसकी पोल और भी ज्यादा खुल जाती।

## खबर संक्षेप

### सीजेआई पर भड़काऊ टिप्पणी, यूट्यूबर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर अजीत भारती से नोएडा पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। यह



कार्रवाई सीजेआई बीआर गवई के ऊपर जूता फेंकने की कोशिश के बाद यूट्यूबर अजीत भारती द्वारा दिए गए विवादित और भड़काऊ टिप्पणी से जुड़ा है। पहले नोएडा सेक्टर-58 थाने और फिर डीसीपी ऑफिस, चौकी ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ की गई।

### योगी के मंत्री दिनेश प्रताप को ब्रेन हैमरेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सराकर में मंत्री और लोकसभा चुनाव में रायबरेली से राहुल गांधी



के खिलाफ भाजपा की तरफ से मैदान में उतरने वाले दिनेश प्रताप सिंह को ब्रेन हैमरेज हुआ है। उनका इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा है। सिंह को इलाज के लिए चार अक्टूबर को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### ज्ञानवापी वुजुखाना की 10 नवंबर को सुनवाई


**प्रयागराज।** वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर स्थित कथित वुजुखाने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (



एएसआई) से वैज्ञानिक सर्वे कराए जाने संबंधी राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख तय की है। अब 10 नवंबर को सुनवाई होगी। किसी भी अदालत को किसी तरह के अंतरिम अथवा अंतिम सर्वे आदेश देने पर रोक लगाई गई है।

### सिरफिरे ने चलती बस में यात्रियों पर किया हमला

**पुरी।** ओडिशा के पुरी जिले में मंगलवार को हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। यहां चलती



बस में एक सिरफिरा घुस गया और अचानक यात्रियों पर हमला कर दिया। इस हमले में चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए कनास अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर को पकड़ लिया गया और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

### शशि थरूर के पड़ोसी बने केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास छोड़ने के लगभग एक साल बाद आम आदमी पार्टी के प्रमुख और



दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को आखिर नया अलॉट हो गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद आया है। उन्होंने उपयुक्त आवास का अनुरोध किया था। केजरीवाल को 95, लोधी एस्टेट स्थित टाइप -7 बंगला अलॉट किया गया है, वे शशि थरूर के पड़ोसी होंगे।

## चुनाव आयोग के कार्यक्रम के बाद राजनीतिक दलों में सरगर्मी बढ़ी

# एनडीए और महागठबंधन का सीट बंटवारा लगभग तय, 2-3 दिन में ऐलान भी संभव

### सभी दलों में गठबंधन को लेकर हलचल तेज, बैठकों का दौर शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना


राज्य के दोनों प्रमुख राजनीतिक गठबंधन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी दलों के महागठबंधन (एमजीबी) के बीच सीटों का बंटवारा लगभग तय हो चुका है। संभावना है कि 2-3 दिनों के भीतर दोनों गठबंधनों की ओर से यह औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार में दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को रिजल्ट का ऐलान कर दिया है। पहले चरण का नामांकन 10 अक्टूबर से और दूसरे चरण का 13 अक्टूबर से शुरू होगा।

17 अक्टूबर को पहले और 20 अक्टूबर को दूसरे चरण के नामांकन का आखिरी दिन है। अब चाहे जैसे हो, सीट और कैंडिडेट का ऐलान इस सप्ताह तक हो जाना चाहिए। एनडीए में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भाजपा के बीच सीटों को लेकर सहमति कायम है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और लोक जनशक्ति पार्टी - रामविलास (एलजेपी-आर) को मिलने वाली सीटों पर भी सहमति करीब बन चुकी है।



#### चिराग और प्रधान मिले, 45 मिनट चली बैठक

बिहार चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर ताबड़तोड़ बैठकों का दौर जारी है। मंगलवार को एनडीए के सहयोगी लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे ने दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान बिहार चुनाव को लेकर चर्चा हुई, जो करीब 45 मिनट तक चली, जिसमें सीट बंटवारे पर भी गहन मंथन हुआ।बताया जा रहा जीतन राम मांझी 15 सीटों पर अड़े हैं, तो वहीं चिराग पासवान की 30 सीटों की जिद है।



#### अक्षरा भी लड़ेंगी चुनाव?

अब भोजपुरी फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने भी राजनीति में कदम रखने के संकेत दे दिए हैं। अक्षरा ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने लिखा- गिरिराज सिंह जी से आशीर्वाद मिला। इसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है कि क्या अक्षरा भी इस बार बिहार के चुनावी रण में उतरेंगी।

### इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की आनाकानी

महागठबंधन में सीट बंटवारें को लेकर पिछले दो दिनों से लगातार बैठकें हो रही हैं लेकिन कांग्रेस, वामदल और वीआईपी अपनी-अपनी मांगों पर अड़ी है। तेजस्वी यादव कांग्रेस के पिछले प्रदर्शन को देखते हुए इस बार 55 सीटें देना चाहते हैं लेकिन वह आनाकानी कर रही है। कांग्रेस 70 सीट से कम पर चुनाव लड़ना नहीं चाह रही है। वहीं वाम दल 40 सीट और वीआईपी को डिप्टी सीएम का पद चाहिए। सूत्र बता रहे हैं कि अब तक जो फॉर्मूला तय हुआ है उसके हिसाब से इंडिया गठबंधन में राजद के खाते में करीब 130, कांग्रेस को 55 सीट, वामदल को 35, वीआईपी को 20 सीटें मिल सकती है।

#### आरजेडी और कांग्रेस ज्यादा सीटें चाह रहीं

महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस ने वामपंथी दलों को पिछली बार की तुलना में अधिक सीटें देने का निर्णय लिया है। दोनों दल अपने हिस्से की सीटों में से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की मांग समायोजित करेगी। महागठबंधन में सीएम फेस को लेकर चल रही तनातनी भी समाप्त हो गई है और सभी घटक दलों ने तेजस्वी के चेहरे पर ही चुनावी मैदान में जाने का निर्णय लिया है। हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) को महागठबंधन में आस लगाए बैठी है।

#### सीट बंटवारे को लेकर घोषणा नहीं हो सकी

*पटना वीर चंद पटेल मार्ग में भाजपा, जदयू, राजद दफ्तर बाहर गाड़ियों की लंबी कतारें 2 दिनों से लग रही है। मंगलवार सुबह से ही इन सभी कार्यालयों में भीड़ है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे। जदयू नेताओं के साथ बैठक हुई। जदयू के कोटे की सीटों पर मंथन हुआ। इस दौरान संजय झा ने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती से खड़ा है और जल्द सीट शेयरिंग हो जाएगी।*

## राजस्थान हाईकोर्ट का सख्त सवाल

### सरकारी इमारतों में हादसों के कारण बताएं? 9 अक्टूबर तक रोडमैप भी दें



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी इमारतों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि कुछ इमारतें गिर रही हैं तो कुछ में आग लग रही है। आखिर इन सरकारी भवनों के साथ क्या हो रहा है। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी उस समय आई जब रविवार रात जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में आग लगने से आईसीयू में भर्ती 8 मरीजों की मौत हो गई थी। अदालत यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जो जुलाई में झालावाड़ जिले के एक सरकारी स्कूल की इमारत गिरने की घटना से संबंधित थी। उस हादसे में 7 छात्रों की मौत हो गई थी।

#### ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय बताएं

न्यायमूर्ति महेंद्र कुमार गोयल और न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि सरकारी इमारतों को क्या हो गया है? कुछ ढह रही हैं, कुछ में आग लग रही है। अदालत ने राज्य सरकार को 9 अक्टूबर तक एक सुरक्षा रोडमैप पेश करने का निर्देश दिया है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके, खासतौर पर स्कूल भवनों में। राज्य के महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) राजेन्द्र प्रसाद ने अदालत को बताया कि असुरक्षित स्कूल भवनों से छात्रों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है और उनकी मरम्मत व पुनर्निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

#### व्यवस्थाओं से कोर्ट 'नाराज'

इससे पहले कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जर्जर भवनों की जगह किए गए वैकल्पिक व्यवस्थाओं की निरीक्षण रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था। इस रिपोर्ट में बताई व्यवस्थाओं से कोर्ट नाराज हुआ था। अब कोर्ट ने सरकार से 9 अक्टूबर तक जर्जर भवनों को लेकर पूरी योजना का रोड मैप पेश करने के लिए कहा है।

#### बजट और अपनी योजना बताएं

कोर्ट ने पूछा है कि कब कितना बजट खर्च किया गया, कितना एलोकेट किया है, किस तरह खर्च किया जाना है पूरा प्लान दें। वरना हम मुख्य सचिव को भी तलब कर सकते हैं। कहीं छत गिर रही है, कहीं आग लग रही है।

## पीएम 8-9 को महाराष्ट्र को देंगे सौगातें

# अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और मुंबई मेट्रो लाइन-3 का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 8-9 अक्टूबर को नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और समर्पित भी करेंगे। वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। 9 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर की मेज़बानी करेंगे। दोपहर लगभग 1:40 बजे, दोनों देशों के प्रधानमंत्री मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में सीईओ फोरम में भाग लेंगे। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्री ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के छठे संस्करण में शामिल होंगे। वे फेस्ट में मुख्य संबोधन भी देंगे।

#### 19,650 करोड़ की लागत आई



पीएम मोदी लगभग 19,650 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हवाई अड्डे के चरण 1 का उद्घाटन करेंगे। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत विकसित किया गया है। मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में, एनएमआईए, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के साथ मिलकर कार्य करेगा।

#### मुंबई मेट्रो लाइन-3 के चरण 2बी भी समर्पित करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड तक फैली मुंबई मेट्रो लाइन-3 के चरण 2बी का उद्घाटन करेंगे, जिसका निर्माण लगभग 12,200 करोड़ की अनुमानित लागत से हुआ है। वे 37,270 करोड़ से अधिक की कुल लागत वाली पूरी मुंबई मेट्रो लाइन 3 (एक्वा लाइन) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

# आतंक फैलाने 'विशेष समुदाय' का इस्तेमाल कर रही टीएमसी

### सांसद- विधायक पर हमले को लेकर भड़की बंगाल भाजपा, भट्टाचार्य का आरोप

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल में हमले करवाने के लिए एक 'विशेष समुदाय" का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल को पश्चिमी बांग्लादेश में बदला जा रहा है।

हमले में शामिल संदिग्धटीएमसी के प्रमुख नेता थे। जलपाईगुड़ी ज़िले के नागराकाटा गांव में भीड़ के हमले में मुर्मू और विधायक शंकर घोष लहूलुहान हो गए। ये बदुआर्स क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों का हालचाल जानने के लिए गए थे।

#### टीएमसी पूरे एक समुदाय को भड़का रही



*मुर्मू का हाल जानते राज्यपाल बोस।*

भट्टाचार्य ने राजनीतिक कारणों से गिरफ्तारी न होने का आरोप लगाते हुए कहा किभाजपा पर हमला सिर्फ़ इसलिए किया गया क्योंकि उसके उम्मीदवारों को उस निर्वाचन क्षेत्र से अच्छी बढ़त मिली थी। उन्होंने कहा कि टीएमसी पूरे बंगाल में एक समुदाय को बीजेपी के ख़िलाफ़ भड़का रही है। टीएमसी हर जगह लोगों को आतंकित करने की सुनियोजित कोशिश कर रही है।

#### हमले पर लोकसभा ने गृह मंत्रालय से रिपोर्ट मांगी

*लोकसभा सचिवालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से बंगाल में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले पर तीन दिनों के भीतर एक तथ्यात्मक नोट मांगा है। मुर्मू और भाजपा विधायक शंकर घोष सोमवार को बंगाल के उत्तरी भाग में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित दुआर्स क्षेत्र के दौरे के दौरान भीड़ के हमले में घायल हो गए थे। लोकसभा सचिवालय ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर बंगाल सरकार से इस मामले में तीन दिनों के भीतर एक 'तथ्यात्मक नोट' भेजने को कहा है।*

#### हमले में घायल मुर्मू के चेहरे की होगी सर्जरी

जलपाईगुड़ी जिले के नागरकट्टा इलाके में राहत कार्यों का दौरा कर रहे मुर्मू और घोष पर हमला किया था। इस हमले में भाजपा सांसद को गंभीर चोट लगी है, उनकी स्थिति गंभीर है और उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसमें आंख के नीचे हड्डी टूटने की भी जानकारी है। अस्पतालके वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद का आईसीयू में इलाज किया जा रहा हैं और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। मुर्मू को चोटों के इलाज के लिए सर्जिकल इंटरवेंशन की आवश्यकता पड़ सकती है।

## कैबिनेट ने 4 राज्यों में मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

# रेलवे के नेटवर्क में 894 किलोमीटर की होगी वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ में चार बड़ी मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 24,634 करोड़ रुपए है और इनका निर्माण 2030-31 तक पूरा होने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

#### भीड़भाड़ कम होगी और संचालन की दक्षता व सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी





*इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से रेल लाइन की क्षमता में वृद्धि होगी, भीड़भाड़ कम होगी और संचालन की दक्षता व सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के "नए भारत" के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की जनता को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत हैं, जिसका उद्देश्य एकीकृत योजना के माध्यम से कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। इनसे लोगों, माल और सेवाओं का सुचारु आवागमन सुनिश्चित होगा।*

#### ये परियोजनाएं कुल 18 जिलों को लाभान्वित करेंगी

मंजूरी प्राप्त चार परियोजनाओं में : वर्धा-भुसावल तीसरी और चौथी लाइन (314 किमी, महाराष्ट्र), गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 किमी, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़), वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी लाइन (259 किमी, गुजरात और मध्य प्रदेश), और इटारसी-भोपाल-बीना चौथी लाइन (237 किमी, मध्य प्रदेश) शामिल हैं। ये परियोजनाएं कुल 18 जिलों को कवर करेंगी और लगभग 3,633 गांवों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी, जिससे लगभग 85.84 लाख लोग लाभान्वित होंगे, जिनमें दो आकांक्षी जिले, विदिशा और राजनंदगांव शामिल हैं।

#### माल परिवहन क्षमता में होगी बढ़ोतरी

इसके अलावा ये रेलवे मार्ग कोयला, सीमेंट, कंटेनर, फ्लाई ऐश, अनाज और स्टील जैसी सामग्रियों के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं से वार्षिक अतिरिक्त माल परिवहन क्षमता 78 मिलियन टन प्रति वर्ष होगी। रेल परिवहन पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा-कुशल होने के कारण भारत को जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा, लॉजिस्टिक लागत कम करेगा, 28 करोड़ लीटर तेल के आयात को घटाएगा और 139 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन को कम करेगा, जो लगभग छह करोड़ पेड़ों के रोपण के बराबर है।

## सीएम सिद्धारमैया का ऐलान

### कर्नाटक में जाति गणना का काम नहीं हो सका पूरा, 18 तक बंद रहेंगे स्कूल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैय ने मंगलवार को राज्य के सभी सरकारी और सरकार से सहाता प्राप्त स्कूलों में आठ से 18 अक्टूबर तक के अवकाश की घोषणा की है। यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि शिक्षक 'सामाजिक एवं शैक्षणिक सर्वेक्षण' (जिसे जाति गणन कहा जा रहा है) का काम पूरा कर सकें।

यह सर्वेक्षण मंगलवार तक पूरा किया जाना था। लेकिन कई जिलों में काम देरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल और अधिकारियों के साथ बैठक कर सर्वेक्षण की सीमा 10 और दिन बढ़ाने का फैसला लिया है। बैठक



के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि हम 7 अक्टूबर तक सर्वेक्षण पूरा करना चाहते थे। कोप्पल जिले में 97 फीसदी सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उडुपी और दक्षिण कन्नड़ जिलों में यह क्रमशः 63 फीसदी और 60 फीसदी ही हुआ है। कुछ जिलों में देरी हो रही है।






# यह प्रतिमा 10वीं-11वीं सदी की, 13वीं से 15 वीं सदी में मुगलों ने आक्रमण कर इसे तोड़ डाला था

## आजादी के 77 साल बाद भी यह 'पुनर्स्थापित' नहीं

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

खजुराहो के जावरी मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति लगभग 10वीं-11वीं सदी की बताई जाती है। जो चंदेल वंश के राजा धंगके काल में बनी थी। इस मूर्ति का सिर कटा हुआ है, जिसका कारण संभव 13वीं से 15वीं सदी के विदेशी आक्रमण हैं। यह पुरातात्विक स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है, और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) इसकी देख-रेख करता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि इस मूर्ति के पुनर्निर्माण की याचिका को एएसआई के अधिकार क्षेत्र में माना जाता है, इसलिए कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया

इस मूर्ति के पुनर्निर्माण की याचिका को एएसआई के अधिकार क्षेत्र में माना जाता है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था

## मुझे कोई अफसोस नहीं, ये सब ऊपर वाले ने कराया


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीजेआई पर सुनवाई के दौरान जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर (72) ने कहा है कि उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा कि सीजेआई ने अपनी टिप्पणी से सनातन धर्म का मजाक उड़ाया। मैं उनकी टिप्पणी से आहत हूं। जब भी सनातन धर्म से जुड़े मामले आते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ऐसे ही आदेश देता है।

## खबर संक्षेप

### यौन उत्पीड़न के आरोप में अभिनेता हेमंत गिरफ्तार



**मुंबई।** अभिनेता बी.आई. हेमंत कुमार को यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बाद गिरफ्तार किया गया है। हेमंत पर आरोप है कि फिल्म में काम देने के बहाने उन्होंने एक्ट्रेस का यौन उत्पीड़न किया। फिलहाल पुलिस इस मामले में हेमंत की गिरफ्तारी के बाद आगे की जांच कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार, हेमंत कुमार ने 2022 में एक्ट्रेस से संपर्क किया था। और उसे अपनी फिल्म में लीड रोल प्ले करने का ऑफर दिया था। शुरुआत में फिल्म का टाइटल 3 बताया गया और बाद में इसे बदलकर रिची नाम दिया गया। फिल्म में रोल के लिए एक्ट्रेस के साइन भी लिए गए।

### उत्तर रेलवे ने ट्रेनों के समय में बदलाव किया



**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के राज्यों में हो रही बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने पूर्वोत्तर राज्यों से दिल्ली के बीच आने जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट अस्थायी रूप से बदला गया है। यह बदलाव मंगलवार से प्रभावी हुआ है। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक ट्रेनों का अलग अलग संपूर्ण विवरण दिया।

### बस की छत पर गिरा मलबा, 15 की मौत



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। मरोतन से घुमारवीं जा रही बस झंडूता के बरठीं में दुर्घटनाग्रस्त का शिकार हो गई। भूस्खलन का मलबा सीधे बस की छत पर गिरा। अब तक इसमें 15 लोगों की मौत हो चुकी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बचाव दल की टीम रेस्क्यू में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि बस में 30 लोग थे।

## कफ सिरप कांड

### मप्र-राजस्थान में अब तक 23 बच्चों की मौत, 6 राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सुप्रीम कोर्ट में याचिका

# सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में राष्ट्रीय न्यायिक आयोग से कराएं जांच




*जहरीली कफ सिरप पर अब 6 राज्य जाग गए हैं। ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। पर, यह जहरीली सिरप कई राज्यों में सप्लाई हो चुकी है और कई बच्चे इसका सेवन कर चुके हैं। चिंताजनक बात ये कि पता नहीं किस राज्य से कितने बच्चों की मौत की खबर आ जाए?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली
हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्यप्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, पंजाब और तेलंगाना ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है।

- तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया, 5 दिन में मांगा जवाब
- अब तक श्रीसन फार्मा के मालिक और उसके किसी भी स्टाफर की गिरफ्तारी नहीं

**भोपाल के दवा बाजार में मिली प्रतिबंधित कफ सिरप रेस्पिफ्रेस डी और एएनएफ की 80 बॉटल्स**



### परासिया में एक और बच्चे की मौत

परासिया क्षेत्र में एक और बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है।बच्चे की मौत किडनी फेलियर से हुई। प्रशासन ने मृतक बच्चे का नाम आधिकारिक सूची में दर्ज कर लिया है। साथ ही जिले में मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।

### आगर मालवा में अमानक दवाओं की खेप पहुंची!

आगर मालवा में भी अमानक दवाइयों की खेप पहुंचने की जानकारी पर प्रशासन तुरंत हरकत में आया। ड्रग्स विभाग की सतर्कता से रातों-रात कार्रवाई कर पूरी खेप वापस करवाई गई। एसडीएम मिलिंद ढोके के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभागऔर ड्रग निरीक्षण टीम ने जिले के मेडिकल स्टोर्स व एजेंसियों की जांच की।

### बैन दोनों कफ सिरप की सैंपलिंग, लेबोरेटरी में होगी जांच

मंगलवार को फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने भोपाल के दवा बाजार में छापेमारी की है। यहां पर कफ सिरप रेस्पिफ्रेस डी और एएनएफ कफ सिरप के स्टॉक की जांच की गई। टीम ने तीन दुकानों से 80 बोतलें जब्त की हैं, जबकि दो अन्य दुकानों ने प्रतिबंधित कफ सीरप का स्टॉक कंपनी को वापस भेज दिया है।

### इधर, झोलाछाप ने गलत इंजेक्शन लगाकर छीन ली दीक्षा की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के पीपलिया मीरा गांव की दो साल की मासूम दीक्षा की मौत झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से हो गई। बच्ची पांच दिन तक कोमा में जिंदगी और मौत से जूझती रही। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है, पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम पीपलिया मीरा में उस वक्त कोहराम मच गया जब दो साल की मासूम दीक्षा पिता कन्हैयालाल की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर बरखेड़ी स्थित मुस्कान क्लीनिक में इलाज कराने गए थे, जहां डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा ने खांसी-बुखार के लिए इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और कुछ ही देर में वह कोमा में चली गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर अशोक विश्वकर्मा के पास न तो सही डिग्री है और न ही इलाज की अनुमति। क्लीनिक पूरी तरह फर्जी तरीके से चलाया जा रहा है।

## जापान दौरे पर हैं आईएएस पत्नी

# हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को मारी गोली

**घर की बेसमेंट में अपने सिर में गोली मारी**

**डीजीपी और एडिशनल चीफ सेक्रेटरी की शिकायत की थी**



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस के आईजी रैंक के अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना सेक्टर-11 की है। चंडीगढ़ पुलिस की महिला एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना दोपहर 1.30 बजे मिली थी।जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। अभी उन्होंने वहां ज्वॉइन नहीं किया था। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई पूरण कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं। 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार ने घर की बेसमेंट में अपने सिर में गोली मारी है।

### सुसाइड नोट मिला पुलिस ने छिपाया

घटना स्थल पर सुसाइड नोट भी मिला है, जिस चंडीगढ़ पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। हालांकि, इसकी पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है। वाई पूरन सिंह 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। जानकारी के अनुसार आईजी वाई पूरन कुमार बीते डेढ़ वर्ष से काफी सुर्खियों में रहे थे। उन्हें एडीजीपी रैंक से आईजी रैंक में प्रमोट किया गया था। आईजी वाई पूरन कुमार ने पिछले वर्ष वन ऑफिसर वन हाउस पॉलिसी के तहत शिकायत दी थी और प्रदेश के कई अफसरों की शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कई आईपीएस अफसरों ने एक से ज्यादा सरकारी आवास ले रखे हैं।

## वर्ल्ड बैंक ने फिर जताया भरोसा

# विकास दर का अनुमान 6.3 से बढ़ाकर किया 6.5%

**उपभोग वृद्धि में निरंतर मजबूती**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.3% से बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। उपभोग वृद्धि में निरंतर मजबूती के चलते भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, बैंक ने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के प्रभाव के बारे में आगाह किया है।

विश्व बैंक द्वारा दक्षिण एशिया के विकास से जुड़ी रिपोर्ट में कहा कि भारत में कृषि उत्पादन और ग्रामीण मजदूरी वृद्धि अपेक्षा से बेहतर रही हैं।

## नए बाउंटी प्रोग्राम से मालामाल होंगे टेक एक्सपर्ट्स

# गूगल के लिए 'कीड़ा' पकड़ें और पाएं 26 लाख का इनाम!

**यह प्रोग्राम वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर केंद्रित**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टेक जगत की दिग्गज कंपनी गूगल ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम्स की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए एक नया एआई बग बाउंटी प्रोग्राम लॉन्च किया है।

इस पहल के तहत अगर कोई शोधकर्ता या एक्सपर्ट कंपनी के एआई टूल्स में गंभीर सुरक्षा खामी पकड़ लेता है, तो वह 30,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 26 लाख रु.) तक के इनाम का हकदार होगा। गूगल के अनुसार यह प्रोग्राम केवल वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर केंद्रित है।

## सुरक्षित लैंडिंग के बाद वापसी रद्द

# एयर इंडिया की कोलंबो से चेन्नई आ रही फ्लाइट से टकरा गया पक्षी

विमान में उस समय 158 यात्री सवार थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एयर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट में बर्ड हिट की घटना सामने आई, जिसके बाद एयरलाइन को अपनी वापसी उड़ान रद्द करनी पड़ी। हवाई अड्डा प्राधिकरणों के मुताबिक, विमान में उस समय 158 यात्री सवार थे। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार बर्ड हिट का पता लैंडिंग के बाद चला। घटना के बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया और एयर इंडिया के इंजीनियरों ने उसकी विस्तृत जांच की।

**एयर इंडिया का बयान**

### इंजन ब्लेड पर प्रभाव के निशान

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 7 अक्तूबर को एआई 273 फ्लाइट के चालक दल ने चेन्नई से कोलंबो के लिए उड़ान के दौरान संभावित बर्ड स्ट्राइक की सूचना दी। कोलंबो में लैंडिंग के बाद इंजीनियरों ने विमान का निरीक्षण किया और कोई क्षति नहीं पाई, जिसके बाद इसे संचालन के लिए मंजूरी दे दी गई। यही विमान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एआई 274 फ्लाइट के रूप में कोलंबो से चेन्नई के लिए रवाना हुआ।

## रागिनी ने कहा- जिंदगी ने सचमुच अपना सर्कल पूरा कर लिया

# गूगल इंडिया ने पहले रिजेक्ट किया अब बनाया रागिनी को स्टार्टअप हेड

**वे लीप डॉट क्लब की को-फाउंडर भी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



गुरुग्राम की रागिनी दास को गूगल इंडिया ने स्टार्टअप हेड नियुक्त किया है। रागिनी के अनुसार 2013 में इसी गूगल ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था।

कई बड़ी कंपनियों का हिस्सा रहने के बाद अब रागिनी को उनकी ड्रीम जॉब मिल गई है। रागिनी दास ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए अपने सफर की दिलचस्प कहानी सुनाई है। गूगल इंडिया से पहले रागिनी कई बड़ी कंपनियों का हिस्सा रह चुकी हैं। इसके अलावा वे लीप डॉट क्लब की को-फाउंडर भी हैं। गूगल इंडिया में अपनी नई जॉब पर बात करते हुए रागिनी ने बताया कि 2013 में गूगल ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था और उसी कंपनी ने उन्हें स्टार्टअप हेड के तौर पर हायर किया है।

## पीएम मोदी आज करेंगे इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2025

# भारत की टेक्नोलॉजी पर होगी दुनिया की निगाहें तकनीकी प्रगति- डिजिटल नेतृत्व आएगा सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बुधवार को एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 8 से 11 अक्टूबर के बीच होगा।

यह आयोजन भारत की डिजिटल प्रगति, नवाचार और 5जी, एआई आईओटी जैसी तकनीकों में उसकी वैश्विक क्षमता को प्रदर्शित करेगा। भारत एक बार फिर डिजिटल दुनिया में अपनी ताकत दिखाने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 (आईएमसी 2025) का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन फोरम माना जाता है, जहां भारत की तकनीकी प्रगति और डिजिटल नेतृत्व दुनिया के सामने पेश होगी। इस साल के कार्यक्रम में 150 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा आगंतुक और 7,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन का मकसद भारत को ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करना है।

कार्यक्रम में 150 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा आगंतुक और 7,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे



### 8.8 करोड़ के निवेश के लिए होगा मुकाबला

आईएमसी में इस बार 6 प्रमुख ग्लोबल समिट्स आयोजित की जाएंगी, जो डिजिटल इनोवेशन के अलग-अलग क्षेत्रों पर केंद्रित होंगी। इनमें भारत 6जी संगोष्ठी, एआई शिखर सम्मेलन, साइबर सुरक्षा

### यह एशिया मोबाइल कांग्रेस बनने की दिशा में : ज्योतिरादित्य सिंधिया

कार्यक्रम से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को यशोभूमि में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आईएमसी 2025 भारत में कनेक्टिविटी का नया युग शुरू करेगा, जहां 5जी, एआई आईओटी , मशीन लर्निंग और सैटेलाइट कम्युनिकेशन जैसी तकनीकें दुनिया को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ेंगी। सिंधिया ने कहा कि अब कहना गलत नहीं होगा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि एशिया मोबाइल कांग्रेस बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

चिरमिरी थाना क्षेत्र का मामला, दो की हालत गंभीर, दो वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त

# चिरमिरी ओपन कास्ट कोयला खदान में ब्लास्ट, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा



छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले के चिरमिरी ओपन कास्ट कोयला खदान में ब्लास्ट होने से 10 लोग मलबे में दब गए। जो लोग दबे हैं उनमें से 4 ठेका मजदूर हैं जबकि वहीं 6 एसईसीएल के कर्मचारी हैं। घायल मजदूरों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। मामला चिरमिरी थाना क्षेत्र का है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि मौके पर मौजूद बारूद वाहन और एक दूसरी गाड़ी पूरी तरह से डैमेज हो गई। जानकारी के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब खदान में बारूद भरा जा रहा था। हादसे में घायल सभी मजदूरों को गोदरीपारा के रीजनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में दो महिला मजदूर भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही चिरमिरी नगर निगम के महापौर राम नरेश राय और एसईसीएल के अधिकारी अस्पताल पहुंचे। स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में अस्पताल परिसर में मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि कोयला खदान में बारूद भरने समय बारुद में अचानक विस्फोट हो गया जिस कारण से वहां काम कर रहे मजदूर मिट्टी और पत्थरों के मलबे के नीचे दब गए। ब्लास्ट के बाद ओपन कास्ट माइंस के कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आ रही है।

## फंदे पर लटका मिला शव, मामला संदिग्ध

**कोरबा।** दर्री के पुष्प पल्लव कॉलोनी में रहने वाली कामकाजी महिला मंजू राव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर के कमरे की खिड़की में चुनरी के सहारे उसका शव लटका मिला। मंजू के परिजन चाहते हैं कि घटना की निष्पक्ष जांच होना चाहिए। उन्हें उसके साथ अनहोनी की आशंका है। मंजू राव का विवाह 18 वर्ष पहले सुनील राव के साथ हुआ था। उनके दो बच्चे हैं। सुनील ने बताया कि रात्रि को भोजन के बाद सभी सो गए। रात्रि को पत्नी द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी हुई जिस पर उन्होंने अपने घर के लोगों और पड़ोसियों को जानकारी दी। तुरंत एक डॉक्टर को बुलाया गया, जिसने जांच की। सुनील ने पत्नी के साथ किसी भी तरह से विवाद या अन्य घटना से इनकार किया। सुनील ने बताया कि उसकी पत्नी दुकान में काम करने जाती है और काम करने के बाद घर आई इसके बाद सभी ने एक साथ खाना खाया और वह टीवी देख रहे थे। वह अपने कमरे में चली गई। बच्चों को लेकर थोड़ी देर बाद जाकर अंदर देखा तो यह घटना सामने आई। मंजू के द्वारा उठाए गए कदम की जानकारी रात में ही उनके परिजनों को खरसिया में मिल चुकी थी। जिस पर वे कोरबा पहुंचे। मंजू



की मां बिसुन भट्ट ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 2007 में हुई और उसके बाद किसी प्रकार का कोई समस्या सामने नहीं आई। लेकिन अचानक उसने यह कदम कैसे उठाया यह समझ नहीं आ रहा है। रक्षाबंधन में दोनों बच्चों को लेकर खरसिया आई हुई थी, लेकिन कभी भी किसी तकलीफ के बारे में नहीं बताई।

### खबर संक्षेप

### डॉ प्रवीण सोनी की अनुचित असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में आईएमए एकजुट

**भोपाल।** जहरीले कफ सिरप कांड में छिंदवाड़ा के डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशभर के डॉक्टर एक हो गए। डॉक्टर प्रवीण सोनी की अवैधानिक गिरफ्तारी और जिम्मेदारों को बचाने के लिए शासकीय लीपापोती से चिकित्सक आक्रोशित हैं। इस पूरी व्यवस्था में चिकित्सक का कार्य बीमारी की रोकथाम, डायग्नोसिस और इलाज के अलावा कुछ नहीं है। दवाई का लाइसेंस, गुणवत्ता जांच और हर एक बैच की जांच में फूड एंड ड्रग विभाग का नियंत्रण है। चिकित्सक को लाइसेंस प्राप्त दवाइयों को लिखने का अधिकार होता है, मरीज के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए। ऐसे में गैर कानूनी प्रक्रिया के द्वारा चिकित्सक को बलि के बकरे की तरह इस्तेमाल करते हुए जिम्मेदारों को बचाने की कोशिश की जा रही है। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशाली ने इसकी निंदा की है। जल्द ही डॉक्टरों के साथ तत्काल छिंदवाड़ा जाकर डॉ प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी का विरोध एवं उन्हें रिहा करने को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

### फेस्टिव सीजन में बना महविश का करियर



**इंदौर।** फेस्टिव सीज़न की शुरुआत के साथ ही अमेज़न इंडिया उन हज़ारों-लाखों एम्प्लॉयीज़, एसोसिएट्स और पार्टनर्स की मेहनत का जश्न मना रहा है, जिनकी वजह से करोड़ों कस्टमर्स और सेलर्स तक तेज़, भरोसेमंद और बेहतर सेवाएँ पहुँच पाती हैं। इन्हीं में से एक हैं महविश खान, जो अमेज़न इंडिया में मार्केटिंग एसोसिएट हैं। महविश इंदौर में पली-बढ़ीं और कॉलेज के दिनों से ही उन्हें कविता लिखने और मंच पर पेश करने का शौक था। महविश की कॉर्पोरेट यात्रा 2021 में शुरू हुई, जहाँ उन्होंने कॉपीराइटिंग और मार्केटिंग कॉन्टेंट का पदभार सँभाला। महविश कहती हैं, अमेज़न का प्रयोग और विश्वास की संस्कृति मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। क्रिएटिव बैकग्राउंड से टेक्निकल काम में आना कभी मुश्किल नहीं लगा, क्योंकि लीडर्स का सहयोग का भाव हमेशा ही मेरे साथ रहे। अमेज़न ने उन्हें न सिर्फ पेशेवर, बल्कि व्यक्तिगत विकास के भी मौके दिए, जैसे कि कर्मचारियों को समाज के प्रति योगदान करने में सक्षम बनाने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम्स, ग्लोबल मंथ ऑफ वॉलंटियरिंग (जीएमवी) जैसी पहलें और बड़े ब्रांड कैम्पेन्स पर काम करने का रोमांच।

कफ सिरप मामले में बच्चों की असामयिक मृत्यु की घटना पर सीएम ने जताई संवेदनाएं

# पीड़ितों से मिले सीएम, कहा-यह सिर्फ आपकी पीड़ा नहीं, हम सबका दुख है...

अपने समस्त कार्यक्रमों को निरस्त कर परासिया पहुंचे मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ छिंदवाडा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव छिंदवाड़ा जिले के परासिया में कफ सिरप के सेवन से हुई मासूम बच्चों की असामयिक मृत्यु की घटना पर अत्यंत संवेदनशील कदम उठाते हुए पूर्व में तय सभी कार्यक्रम निरस्त कर सोमवार को छिंदवाड़ा के परासिया पहुंचे और मृत बच्चों के परिजनों से उनके घर जाकर मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने शोक संतृप्त परिजन से भेंटकर गहन दुःख व्यक्त कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरी आंखों से अपनी आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त कीं। डॉ यादव ने कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, हम सबकी पीड़ा है।

*गहन दुःख व्यक्त कर सबको बंधाया ढांढस*



### डेहरिया परिवार से बोले-इस दुख की घड़ी में मैं और राज्य सरकार आपके साथ



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने परासिया क्षेत्र की नगर परिषद न्यूटन पहुंचकर मासूम को खोने वाले खान परिवार और ग्राम बेलगांव के डेहरिया परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बाद में परासिया मुख्यालय पहुंचे और वहां खान परिवार, ग्राम दीघावानी के यदुवंशी परिवार और उमरेठ के सोनी परिवार से मुलाकात की। डॉ यादव ग्राम बड़कुही पहुंचकर यहां के ठाकरे परिवार, ग्राम सेठिया के पिपरे परिवार और ग्राम इकलेहरा के उईके परिवार से मुलाकात कर उनके दुःख में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजन के आंसू पोछते हुए कहा कि यह सिर्फ आपकी नहीं, मेरी और हम सबकी पीड़ा है। आपके बच्चों का दुख मेरा भी है। वेदना की इस घड़ी में मैं, और पूरी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### अस्पताल में भर्ती बच्चे बच जाएं तो होगी तसल्ली



न्यूटन में खान परिवार की पीड़ित माता आफरीन, जिन्होंने अपना 5 वर्ष का बेटा खोया है, मुख्यमंत्री को अपने समक्ष देखकर रो पड़ी। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चे को तो नहीं बचा पाए, लेकिन अभी जो बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, यदि वे बच जाएंगे, तो हमारे दिल को बड़ी दिलासा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि दुर्घटना अत्यंत ही दुखद और हृदयविदारक है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सबको न्याय मिलेगा। घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति या संस्था इस हादसे के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाएगा। आज ही दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की गई है।

### खुद को अकेला महसूस न करें परिजन



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार दुःख की इस घड़ी में उनके साथ है। कोई भी परिजन खुद को असहाय या अकेला महसूस न करे। सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुःख में राज्य सरकार हमेशा सहभागी है। घटना से पीड़ित परिजन को सभी प्रकार की शासकीय मदद तत्परता से मुहैया कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रभावित परिवारों को सांत्वना देते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति कतई नहीं होने पाए। उन्होंने कहा कि घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।

## मध्य प्रदेश में पुलिस विभाग में फेरबदल-आईपीएस, राज्य पुलिस सेवा के 6 अधिकारियों के हुए तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में एक अहम फेरबदल करते हुए आईपीएस राज्य पुलिस सेवा के 6 अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह विभाग ने आदेश जारी करते हुए कई जिलों में नई पद स्थापना की है। पुलिस व्यवस्था को और व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है। इन आईपीएस अफसर के तबादले में अनु बेनीवाल को मनावर से ग्वालियर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

वहीं सर्वप्रिय सिंह जो बैरसिया में एसडीओपी थे। उन्हें अब सिंगरौली जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदित्य पटले जो इंदौर में कार्यरत थे अब छतरपुर जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा आशीष खरे को सहायक पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय से छिंदवाड़ा जिले का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। एक महत्वपूर्ण बदलाव की तबादला में किया गया है। रश्मि धुर्वे का 2 सितंबर को इंदौर ग्रामीण जोन में तबादला किया गया था। उसे पुलिस मुख्यालय ने निरस्त कर दिया है। वह यथावत बालाघाट जोन में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर बनी रहेगी। वही मनजीत सिंह चावला जो इंदौर में एसीपी महिला सुरक्षा थे अब उन्हें इंदौर ग्रामीण जोन का सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है।

## मुख्यमंत्री की घोषणा पर हुआ अमल-एमपी में 8 साल बाद 500 पदों पर की जाएगी सब इंस्पेक्टरों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश के बाद पुलिस भर्ती में सब इंस्पेक्टर की भर्ती का नोटिफिकेशन मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के तहत होने वाली सूबेदार, उप निरीक्षक भर्ती के लिए भर्ती नियम पुस्तिका जारी की गई है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अवधि 27 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी।

10 नवंबर तक भर्ती की प्रक्रिया के लिए आवेदन किया जाएगा। पुलिस भर्ती में शामिल होने के लिए विभिन्न गाइडलाइन भी जारी की गई है। सीधी भर्ती के पदों के लिए आरक्षण अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए 500 शुल्क रखा गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लिए 250 रुपए तय किया गया है। लकी भारती की प्रक्रिया साल 2026 में शुरू होगी। 9 जनवरी को दो चरणों में भर्ती की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए मध्य प्रदेश में बड़े लंबे समय से सब इंस्पेक्टर बनने के लिए अभ्यर्थी इंतजार कर रहे थे।

### इन नियमों का करना होगा पालन

बोर्ड की तरफ से आयोजित होने वाली परीक्षा में मूल फोटो युक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही मतदाता पहचान पत्र पैन कार्ड आधार कार्ड पासपोर्ट कोई एक आइडेंटी कार्ड होना जरूरी है। वेरीफाई होने पर ही आधार मान्य किया जाएगा. अभ्यर्थी को आधार कार्ड लाना अनिवार्य किया गया है। परीक्षा में प्रवेश के समय परीक्षा के दौरान आधार बेस बायोमेट्रिक का सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी को समय पर आना होगा। इसके बाद अगर वह लेट होता है तो उसे प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल फोन कैलकुलेटर सनग्लास पूरी तरीके से वर्जित किया गया है।

पुलिस व जेल प्रशासन में मचा हड़कंप, तलाश जारी

## हत्या का आरोपी अस्पताल की जेल वार्ड से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में शनिवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। यहां हत्या के मामले में सजा काट रहा कैदी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना के बाद पुलिस व जेल प्रशासन में हड़कंप मच गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना अंतर्गत ग्राम मल्हार निवासी मुकेशकांत हत्या के मामले में अंबिकापुर केंद्रीय जेल में सजा काट रहा था। इसीबीच बीते दिनों उसके स्वास्थ्य खराब होने पर उसे जेल से अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती कराया गया था। शनिवार सुबह कैदी बाथरूम जाने के बहाने सुरक्षा कर्मियों



को चकमा देकर फरार हो गया। घटना का पता चलते ही जेल वार्ड में तैनात सुरक्षाकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल मामले की सूचना मणिपुर थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पूरे इलाके में नाकेबंदी कर दी गई है। पुलिस टीम फरार कैदी की तलाश में जुट गई है और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, अस्पताल और जेल वार्ड की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं अधिकारियों का कहना है कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही कैदी को पकड़ लिया जाएगा।

मृतका की पहचान के प्रयास कर रही पुलिस

## हसदेव नदी में मिला अज्ञात महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के नवागढ़ थाना के एनीकेट में एक 30-40 वर्ष की अज्ञात महिला का हसदेव नदी में शव मिला हैं।

मृतका महिला की पहचान नहीं हो पाई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसा है या फिर हत्या पुलिस मामले की जांच में जुटी



है। नवागढ़ थाना प्रभारी अशोक वैष्णव ने बताया कि ग्राम तालदेवरी में बने एनीकेट में एक महिला की लाश को हसदेव नदी में तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को हसदेव नदी से डीडीआरएफ टीम की मदद से बाहर निकला गया है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस टीम ने लाश की पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जांजगीर-चांपा जिले के दौरे पर थे उपमुख्यमंत्री साव

## डिप्टी सीएम साव ने किया अटल परिसर का लोकार्पण

हर नगर में अटल पथ स्थापित करने के लिए सरकार कृत संकल्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जांजगीर-चांपा जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान वे नगर पंचायत पामगढ़ पहुंचे, जहां कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने भारत माता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, और इसके बाद अटल परिसर का लोकार्पण किया।

सभा को संबोधित करते हुए अरुण साव ने कहा कि सरकार बनने के बाद यह तय किया गया है कि प्रदेश के हर नगर में अटल का परिसर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का देश की राजनीति, गांवों और किसानों की प्रगति में योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना और शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण जैसी ऐतिहासिक योजनाएं अटल की ही देन हैं। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 8 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही नगर पंचायत भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए और वार्डों के विकास के लिए अतिरिक्त 1 करोड़ रुपए की घोषणा उपमुख्यमंत्री ने की। इसके अलावा खरौद, शिवरीनारायण और नवागढ़ नगर पंचायतों में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया गया।

सागर के कड़ता में जन संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित, जिला प्रशासन के नवाचार 'उड़ान योजना' का किया शुभारंभ

# फ्रूट फारेस्ट्री योजना से महिलाओं को मिल सकेगा स्व-रोजगार: राज्यपाल पटेल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सागर जिले में प्रारंभ की गई फ्रूट फारेस्ट्री योजना एक अभिनव योजना है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को सीधा आर्थिक लाभ होगा। आगामी तीन वर्षों में लगभग 10 लाख पौधों के रोपण से महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा। उनके जीवन में बदलाव आएगा और वे सशक्त होंगी। राज्यपाल पटेल सोमवार को सागर जिले के रहली विकासखंड के ग्राम पंचायत कड़ता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। जनजातीय वीरों के संग्रहालय का अवलोकन किया और आम का पौधा भी रोपा। राज्यपाल ने कड़ता के ही जनजाति समुदाय के राजेश गौंड़ के घर पहुंचकर भोजन किया। उन्होंने पीएम आवास हितग्राही राजेश और उनके परिजनों से आत्मीय चर्चा करते हुए अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी भी ली।



### उड़ान योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में तैयार की गई 'उड़ान योजना' का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने बताया कि उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विशेष मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। राज्यपाल पटेल ने योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना से अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी अवश्य ही लाभान्वित होंगे।

### सिकल सेल बीमारी से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी

राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर और आनुवांशिक बीमारी है। इस बीमारी से बचाव का सबसे कारगर उपाय जागरुकता ही है। सबको सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में आमजन को लगातार जागरूक करना होगा। सिकल सेल रोगियों को सही समय और सही उपचार लेने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के शहडोल से ही सिकल सेल उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय मिशन लांच किया है। हम सभी संकल्प लें कि वर्ष 2047 तक देश को सिकल सेल एनीमिया मुक्त बनाएंगे। जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना रहली विधानसभा क्षेत्र के कड़ता ग्राम से ही शुरू हुई थी। उन्होंने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी।

## जनजाति समुदाय का कल्याण केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: राज्यपाल पटेल



जनजाति समुदाय का कल्याण केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय के उत्थान को ध्यान में रखकर अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को अशोकनगर जिले के चंदेरी विकासखंड के ग्राम खानपुर में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि साथी एवं आदि सहयोगियों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी "सबका साथ- सबका विकास-सबका विश्वास" की परिकल्पना के साथ हर वर्ग के हित में कार्य कर रहे हैं।

### *इस दीवाली स्वदेशी अपनाने का संकल्प लें*

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी अभियान संचालित है। उन्होंने ग्रामवासियों से आव्हान किया कि इस दीपावली पर वोकल फॉर लोकल का संदेश अपनाएं। स्थानीय उत्पादों को खरीदने का संकल्प लें। स्वदेशी अभियान को सफल बनाने में हर वर्ग सहभागी बने। राज्यपाल पटेल ने अशोकनगर जिले की विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ी की चर्चा करते हुए स्थानीय बुनकरों के उत्पाद खरीदने की अपील की। प्राथमिक शाला, आरोग्य केंद्र, आगनबाड़ी और आदि सेवा केन्द्र का निरीक्षण राज्यपाल पटेल द्वारा प्राथमिक विद्यालय खानपुर का किया गया।*

## दशहरे की रंजिश में युवक ने की फायरिंग, होटल संचालक की लापरवाही से हुई घटना

# परिवार के सामने हुए अपमान का गोली चलाकर लिया बदला

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक पिस्तौल लेकर अभिनंदन होटल में घुसा और काउंटर पर बैठे कर्मचारी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, लेकिन होटल के कांच चकनाचूर हो गए। यह हमला किसी लूट या अचानक झगड़े का नतीजा नहीं था, बल्कि दशहरे के दौरान हुए पुराने विवाद और होटल प्रबंधन की लापरवाही का परिणाम था।

### दशहरे पर मारपीट, परिवार के सामने बेइज्जती

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक घमापुर क्षेत्र का निवासी है। दशहरे के दिन वह अपने परिवार के साथ अभिनंदन होटल में खाना खाने आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर वेटर और कर्मचारियों से विवाद हुआ। मामला इतना बढ़ा कि होटल कर्मचारियों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। परिवार की महिलाओं के सामने हुई इस घटना से युवक अपमानित महसूस करता रहा और उसने बदला लेने की ठान ली।

### प्रबंधन ने दबाया मामला, पुलिस को नहीं दी जानकारी

मारपीट की घटना के समय बस स्टैंड चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव को इसकी सूचना मिली थी। पुलिस तत्काल होटल पहुंची, लेकिन संचालक ने मामले को छोटी-मोटी कहासुनी बताकर दबा दिया। यदि उस समय होटल प्रबंधन ने सच्चाई बताई होती, तो पुलिस दोनों पक्षों के बीच सुलह करवा सकती थी और यह गोलीबारी टल सकती थी।





## पहले भी हो चुकी हैं मारपीट की घटनाएं, होटल प्रबंधन पर उठे गंभीर सवाल

### पहले भी हो चुकी कई घटनाएं

दरअसल, अभिनंदन होटल में पहले भी कई बार मारपीट और विवाद की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन होटल संचालक हर बार इन्हें दबाने की कोशिश करता रहा है। सुरक्षा और अनुशासन को नजरअंदाज करने की यही लापरवाही मंगलवार को बड़ी वारदात का कारण बनी।

### वीडियो में साफ दिखा आरोपी, संचालक बचा

फायरिंग के दौरान होटल में भगदड़ मच गई। घटनास्थल से आरोपी अपने साथी के साथ फरार हो गया। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें होटल संचालक अश्विनी बंगाली गोलीबारी के बीच बाल-बाल बचते दिख रहे हैं, जबकि हमलावर युवक कैमरे में साफ नजर आ रहा है।

### पुलिस ने किया जल्द गिरफ्तारी का दावा

चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश तेज कर दी गई है। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने होटल प्रबंधन से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय के 200 शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश पर रोक

## जबलपुर सहित अन्य जिलों से सामूहिक रूप से भेजा जा रहा था खंडवा

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर सहित राज्य के अन्य जिलों के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पदस्थ 200 शिक्षकों को सामूहिक रूप से खंडवा स्थानांतरित करने के आदेश को अनुचित पाया। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। कोर्ट ने शिक्षकों को वर्तमान एकलव्य विद्यालय में पदस्थ रखने की व्यवस्था दी है।



याचिकाकर्ता एकलव्य आवासीय विद्यालय, रामपुर छापर में पदस्थ उपमा शांडिल्य की ओर से याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि 23 सितंबर, 2025 को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता सहित जबलपुर सहित राज्य के अन्य जिलों के विभिन्न एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पदस्थ 200 शिक्षकों को सामूहिक रूप से खंडवा स्थानांतरित कर दिया गया था। याचिकाकर्ता 2024 में उच्च पद प्रभार पर रामपुर छापर के एकलव्य आवासीय विद्यालय में पदस्थ हुई थी। दरअसल, 11 नवंबर, 2024 को संभागायुक्त, जबलपुर ने एक पत्र जारी किया था, जिसके जरिए साफ किया गया था कि एकलव्य विद्यालयों में स्थान नहीं है, इसलिए शिक्षक स्थानांतरण के विकल्प पेश करें। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने एकलव्य विद्यालय, रामपुर छापर, रांझी व सदर के विकल्प भरे थे। इसके बावजूद इन विकल्पों को दरकिनार कर खंडवा भेजने का आदेश जारी कर दिया गया। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद 23 सितंबर, 2025 के आदेश को अनुचित पाकर स्थानांतरण पर रोक लगा दी।



## भजन गायिका सुश्री मैथली का सामाजिक सेवा संगठन ने किया सम्मान

**जबलपुर**। नर्मदा महोत्सव कार्यक्रम एक अनोखी पहचान हो चुका है जिसमें शोभा बढ़ाने हेतु अनेक कलाकार अपनी भूमिका निभा रहे हैं, आज इसी तारतम्य में जबलपुर पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री मैथली ठाकुर का स्वागत सामाजिक सेवा संगठन के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. जय कुमार रोहाणी, गौरव शर्मा, अमित चंदवानी, निक कुंदवानी, सचिन राजपूत, जयेश टेकचंदानी, रिंकू रजक, आलोक मिश्रा, रोहित ओसवाल, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गोला-बारुद बनाने का काम भी अडाणी-अंबानी को दिया जा रहा

## ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आरोप

जबलपुर।

ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने यहां पत्रकारवार्ता में वर्तमान में म्युनिसेंस इंडिया लिमिटेड से गोला बारूद बनाने के लिए एनओसी को लेकर केंद्र सरकार पर मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि गोला बारूद एक सेंसिटिव काम है प्राइवेट में जहां प्रतिस्पर्धा के कारण कीमत कम होगी साथ ही इसकी क्वालिटी में ही फर्क आएगा, जिससे हमारे सैनिकों के जान माल के नुकसान की हमेशा संभावना बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में यह काम टाटा अडाणी और अम्बानी को दिया जा रहा है। इसी प्रतिस्पर्धा के कारण आठ निर्माणिया बंद होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि आयुध निर्माणियों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आयुध निर्माणियां देश का एक मजबूत स्तंभ है। श्री पाठक ने आगे कहा कि चाहे वह 1965 की लड़ाई हो चाहे 1971 की एवं 1999 का कारगिल युद्ध आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों ने अपना जी जान लगाकर आयुध सामग्री का निर्माण किया ताकि सरहद में सैनिकों को आयुध सामग्री मिलती रहे। वर्तमान सरकार जैसे आपदा में अवसर ढूंढ लेती है वैसे ही यह प्राइवेट कंपनियां आपदा के समय उच्च कीमतों पर सप्लाई आर्डर लेगी और क्वालिटी से समझौता भी करेगी वर्तमान में ऑपरेशन सिंदूर में जीसीएफ में बने एल 70 गन ने जिस तरह कोहराम मचाया वह जग जाहिर है जबकि इस प्रोजेक्ट को बंद कर दिया गया था जिसे पुनः चालू करने का विचार मंथन किया जा रहा है निगमीकरण के मुद्दे पर एसएन पाठक द्वारा कहा गया निगमीकरण के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व में दो रक्षा मंत्री द्वारा आयुध निर्माणियों को निगमीकरण नहीं होने का वादा किया गया, मगर वर्तमान सरकार निगमीकरण के रास्ते निर्माणियों को प्राइवेट कंपनी में झोंकने का काम कर रही है जो पूर्णता कर्मचारी विरोधी है और देश की संवेदनशीलता के साथ कुठाराघात है आठवें वेतनमान के संबंध में श्री पाठक द्वारा कहा गया यह सरकार शुरू से आठवें वेतनमान का विरोध कर रही थी मगर दिल्ली चुनाव के पहले इसकी घोषणा कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की गई, जिसमें वह सफल भी रहे लेकिन इसका अभी तक गठन नहीं किया गया। सरकार की मंशा क्या है यह सरकार जाने मगर कर्मचारियों के मन में रोष है इसी मांग को लेकर ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन का प्रदर्शन जारी है इसी तारतम्य में आगामी 10 मार्च को 41 आयुध निर्माणियों में पर्चा वितरण एवं 14 मार्च को गेट मीटिंग के माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित किया जाएगा। आने वाले समय फेडरेशन हड़ताल के बारे में भी विचार कर रही है। कार्यक्रम के संयोजक जीसीएफ के मीडिया प्रभारी से उत्तम विश्वास ने कहा कि कर्मचारी दुविधा में है प्रतिनियुक्ति का समय 31 दिसंबर को खत्म हो रहा है फेडरेशन द्वारा प्रसार भारती मॉडल की मांग किया जा रहा है जिसमें कर्मचारियों की नौकरी सेवा शर्तें सुरक्षित रहे मगर सरकार द्वारा कोई आश्वासन नहीं दिया गया। कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है जिसका असर उत्पादन में भी होने की आशंका है। इस अवसर पर जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा के अध्यक्ष विनय गुप्ता महामंत्री रोहित यादव कार्य समिति सचिव अमित चंदेल एवं वरिष्ठ एवं कार्य समिति सदस्य राजा पांडे आदि उपस्थित रहे।



# बाबा साहब के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला, एन.एस.ए लगाने की मांग को लेकर बसपा ने किया विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर**। ग्वालियर के अनिल मिश्रा द्वारा दो दिन पूर्व भारतीय संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग मीडिया के सामने किया गया, साथ ही विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिसके विरोध में बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के नेतृत्व में पूरे मध्य प्रदेश में अनिल मिश्रा के खिलाफ हर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर आव्हान किया गया, इसी क्रम में जबलपुर के घंटाघर में बसपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के विरोध में नारे लगाये, साथ ही डॉ. अंबेडकर चौक से घंटाघर तक नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, साथ ही बसपा जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन और वीडियो की सी.डी. देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।



ज्ञापन में बसपा प्रदेश प्रभारी बालकिशन ने बताया कि अनिल मिश्रा पर देश की महान शख्सियत बाबा साहब पर अभद्र भाषा बर्दाश्त करने लायक नहीं है, उन्होंने बसपा बाबा साहब के सम्मान से आए दिन खिलवाड़ करने के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया, साथ ही अब तक कार्यवाही नहीं होने पर कहा कि बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिखावा करने वाली भाजपा, कांग्रेस वास्तव में अब तक कार्यवाही ना होना, उनका डॉ. अंबेडकर के प्रति झूठा प्रेम दर्शाता है, दोपहर 2 बजे विरोध प्रदर्शन में बसपा जबलपुर जिले के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित बाल किशन चौधरी, राकेश चौधरी, मानक लाल गोंटिया, लखन अहिरवार, दिनेश कुशवाहा, राधेलाल, शिव प्रकाश, सुधा सिंह, संदीप सूर्यवंशी, लक्ष्मण समुद्रे, ऋषभ साठे, नरेंद्र चौधरी, मुकेश सूर्यवंशी, राम प्रसाद चडार, द्वारका प्रसाद, दिलीप चंद, बलराम चौधरी, आशा गोटिया, डॉ सतपाल सिंह, सिकंदर अली, डॉ मनी चौधरी, राकेश समुद्रे, आर.डी. चौधरी, देवकरण, नरेंद्र बैन, बाबु लाल, कुसुम अहिरवार, नियालू अंसारी, ओम समद, मिलिंद लोखंडे, नंद किशोर बिंदुसार, मयंक चौधरी, भोले शंकर, विजय भोरे, कन्हैया लाल, सुरेश बंसकार, राजकुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।




## संत रविदासजी के विचार फूलों की सुगंध भरे

**जबलपुर**। संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 05 अक्टूबर को मध्यान्ह 12.30 बजे से लालकुंआ पोलीपाथर में तुलसीराम एवं चंदाबाई के निवास पर मंच की सभा आयोजित की गई। सभा के मुख्य अतिथि रामसिपाही सेठ रहे, अध्यक्षता तुलसीराम चौधरी ने की। वक्ताओं ने बताया कि "संत रविदास जी के विचार फूलों की सुगंध भरे हैं।" सभा में सदस्यता अभियान विषय पर चर्चा की गई साथ ही कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सभा में मंच के शारदा प्रसाद चौधरी, तुलसीराम चौधरी, मनोज टेलर मास्टर, रामकलीबाई, मीना चौधरी, श्यामाबाई, सीताबाई, सियाबाई, द्रोपदी बाई मोहनलाल चौधरी, श्यामलाल चौधरी, बृजलाल चौधरी, डॉ. मानकलाल जाटव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने पर जोर

**जबलपुर**। नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर यह कार्रवाई तेज़ी से आगे बढ़ रही है।

सोमवार को अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से और सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अभियान के तहत धनवंतरी चौक और हॉकर्स ज़ोन के पास से दो ठेले ज़ब्त किए गए।इसके अतिरिक्त गढ़ा बाजार क्षेत्र में सड़क और नाले के निर्माण में बाधक बनाए गए अतिक्रमण हटाए गए। कांचघर चौराहा, छोटी लाइन से बंदरिया तिराहा और गोरखपुर से रामपुर चौक तक सड़क किनारे बने अस्थायी अतिक्रमणों को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सी.एम. हेल्पलाइन पर प्राप्त 16 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।इस अभियान में दल प्रभारी ब्रिज किशोर तिवारी, दुर्गा राव, रेड ज़ोन प्रभारी अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी, वीरेंद्र मिश्रा, नदीम अहमद खान, लक्ष्मण कोरी सहित कई निगम कर्मचारी शामिल रहे।






## मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 47वां स्थापना दिवस

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ 06 अक्टूबर को संघ का 47वां स्थापना दिवस दीनदयाल चौक जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशमंत्री रजनीश विश्वकर्मा, अटल उपाध्याय, देवेन्द्र कुमार पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, केजी पाठक, वैभव मसीह, कुलदीप सिंह राजपूत, राजेंद्र कुमार शर्मा, आकाश कुमार गुप्ता, संदीप नंदा, छाया पवार, वीरेंद्र सिंह चंदेल, सुशील कुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने देश, प्रदेश हित में कार्य करते हुए अपने अधिकारों की मांग शासन के सामने रखने के विचार रखे, स्वास्थ्य बीमा योजना, सीपीसीटी, महंगाई भत्ता, वेतन विसंगति में सुधार, पदोन्नति, शासकीय आवासों की मरम्मत कराने, कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक समस्त कार्यालयों में आयोजित करवाने, वरिष्ठ कार्य का वरिष्ठ वेतनमान देने जैसी मांगों के निदान के प्रयास करने पर विचार व्यक्त किए गए। समस्त साथियों ने देश प्रदेश हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

### आचार्य श्री की महाआरती के बाद 48 दीपों के साथ किया गया भक्तामर पाठ

# विद्यासागरजी की जयंती, प्रसादसागरजी के दीक्षा दिवस पर सिहोरा-खितौला में हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

शरद पूर्णिमा के पावन पर्व एवं समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की जन्म जयंती, आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज एवं आर्यिका गणिनी 105 ज्ञानमति माता जी के अवतरण दिवस तथा नगर गौरव निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री प्रसाद सागर जी के 29 वें दीक्षा महोत्सव के अवसर पर सिहोरा खितौला में जैन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

सिहोरा में सकल जैन समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पंचायती जैन मंदिर पहुंची। वहां श्रीजी का सामूहिक अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। शाम को मूलनायक 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान एवं आचार्य श्री की महाआरती के बाद 48 दीपों के साथ भक्तामर पाठ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष सन्मति जैन,संजय जैन,विमलेश जैन,अरुण सिंघई, मुलायमचंद जैन, सुनील जैन, महावीर जैन,सप्पू जैन, आनंद सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

## खितौला में जैन समाज ने किया भंडारे का आयोजन

जैन समाज खितौला द्वारा आचार्य श्री के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एंव शांतिपाठ के साथ हुआ जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने आचार्य श्री विद्यासागर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे संयम, त्याग और आत्मशुद्धि की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपने उपदेशों से समाज को यह संदेश दिया कि जीवन का सच्चा लक्ष्य भोग नहीं, बल्कि आत्मकल्याण और दूसरों के प्रति करुणा में है। विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें आसपास से आए अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सफल बनाने में जैन समाज के अनिल जैन,रविन्द्र जैन,अंकुर जैन,नीरज जैन,बंटू जैन,पल्लू जैन, पप्पी जैन,साकेत जैन,रजनीश सिघाई,रूपेश जैन, ऋतिक जैन,सचिन जैन,साकेत जैन,सतीश जैन, कमल जैन,विवेक जैन,सैंकी जैन आदि का योगदान रहा।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी के 79वें अवतरण दिवस पर निकली शोभायात्रा

**मझौली।** नगर में दिगंबर जैन समाज द्वारा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 79वें अवतरण दिवस, आचार्य श्री समय सागर जी के 66वें एवं गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी के 92वें अवतरण दिवस के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पर जाकर सम्पन्न हुई, जहां



विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर धार्मिक झांकियों, बैंड-बाजों और जयघोषों के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल मंदिर में विधिवत पूजन, हवन एवं विधान से हुई। वहीं, शाम को दिगंबर जैन मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवियों में मोनू जैन, मयंक जैन, श्रीकांत जैन, शुभम जैन, अंकित जैन, प्रिंस जैन, राहुल जैन सहित अनेक समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# शरद पूर्णिमा पर आयोजित हुआ भव्य बरेला महोत्सव

**बरेला।** शरद पूर्णिमा पर नगर गौरव दिवस बरेला महोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन दादा दरबार बस स्टेण्ड में सम्पन्न हुआ। पनागर विधायक सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में नगर के पत्रकारों तथा नेत्रदान करने वाले परिवारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।आयोजन में राजस्थान से आये प्रसिद्ध गायक सवाई भाट ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बाँधा वहीं फोगा फोक आर्टिस्ट शहनाज़ के भवाई नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी। कार्यक्रम में श्रीमती माया इंदु तिवारी,हर्ष तिवारी,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे,उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर, सीएमओ संजय पांडे,उपयंत्री संजय कैथवास,पार्षद पीआईसी पिंकी प्रीतम पटेल, दिव्या अरिहंत जैन, दीपेश पटेल, प्रकाश चक्रवर्ती, दीपक सोनकर, पार्षदगण संजना रश्मि पटेल, दिनेश सिंह पटेल, भूपेंद्र यादव, शारदा कृष्णा बर्मन, रामवती महेश चक्रवर्ती, ममता बर्मन, राजकुमार गोंटिया, श्रीकांत उपाध्याय, पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन, पूर्व पार्षद चंदन सिंह पटेल,मुनि विश्वकर्मा, कृष्णा बर्मन,मैसी विश्वकर्मा, निकाय के समस्त कर्मचारी, नगर के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या मे नागरिक नगर गौरव दिवस में उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जबलपुर।** बरेला चौकी गौर अतंर्गत जमतरा रेलवे लाईन पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बरेला चौकी गौर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तरपुर ग्राम पंचायत देवरी बसनिया निवासी 45 वर्षीय बुद्धू बर्मन गत दिवस काम करके घर लौट रहा था तभी शाम 7 बजे जमतरा रेलवे लाईन पर ट्रेन से कटकर बुद्धू बर्मन की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### पिछले 3 सालों में बजट भी आवंटन नहीं

# दुग्ध समृद्धि अभियान में भी डेयरी स्टेट की अनदेखी




**जबलपुर।** 24 फरवरी 2022 में उद्घाटित प्रदेश के एकमात्र जबलपुर डेयरी स्टेट की इस कदर अनदेखी की गई है कि वहां पर डेयरियों के स्थापना हेतु विकसित 70 प्लाटस में से पिछले 3 वर्षों में मात्र 4 डेयरिया स्थापति है। उम्मीद थी कि प्रदेश में वर्तमान में जारी करोड़ों रुपयों के दुग्ध समृद्धि अभियान में डेयरी स्टेट योजना में तेजी आएगी, लेकिन एक रुपए का भी बजट आवंटित नहीं किया, यहांतक पूर्व में भेजी गई मांग की भी अनदेखी हुई। डॉ.पीजी नाजपांडे ने पूर्व कलेक्टर दीपक सक्सेना को विजन डॉक्यूमेंट भेजकर डेयरी स्टेट को 1 जनवरी 2026 तक पूर्ण होने की चर्चा की थी, जिस पर पशुपालन विभाग ने डेयरी स्टेट प्रबंध संचालक को कार्रवाई हेतु निर्देश जारी किए थे। इसे अब 10 माह हो गए, फिर भी कार्य में तेजी नहीं है।

### 45 भूखंडधारियों पर कार्रवाई

मंगलवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच डेयरी स्टेट परियोजना के कार्यपालिक अधिकारी डॉ.एसएस मायल से जब विस्तृत चर्चा की तब उन्होंने बताया कि 45 भूखंडधारियों को अंतिम नोटिस भेजकर भी जब अनदेखी हुई तब उन पर कार्रवाई हेतु फाईल कलेक्टर जबलपुर को भेजी गई है। इसे भी आज एक माह बीत गया है, लेकिन मामला आगे बढ़ा नहीं है। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, गीता पांडे, सुशीला कनौजिया, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## खाई में गिरे विक्षिप्त की मौत

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम महगवां कैमुरा पहाड़ी की खाई में गिरने के कारण एक मानसिक विक्षिप्त युवक की मौत हो गई। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महगवां निवासी 40 वर्षीय मानसिक रुप से विक्षिप्त डेलन सिंह टेकाम गत 3 अक्टूबर की सुबह 6 बजे घर पर बिना बताए कहीं चला गया था, जो वापस नहीं आए। गत 6 अक्टूबर को महगवां के राजकुमार गौंड और नरेश गौंड डेलन सिंह को ढूंढ़ने के लिए कैमुरा पहाड़ के ऊपर गए और नरेश ने फोन पर डेलन के भतीजे उमेश मरकाम को फोन पर सूचना दी। सूचना पाकर भतीजा उमेश कैमुरा पहाड़ पर पहुंचा, जहां पर उसके चाचा डेलन सिंह कैमुरा पहाड की खाई में मृत अवस्था में पड़े थे। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



# नागा घाटी में दुर्घटना को रोकने के लिए बनाए गए स्पीड ब्रेकर

**बरेला।** शारदा मंदिर के निकट नागा घाटी में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और बेलगाम वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए एन एच ए आई द्वारा रबर स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं जिसके कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में इजाफा न हो सके। स्थानीय ग्राम पंचायत रिछाई के सरपंच आशीष शुक्ला ने बताया कि उन्होंने एन एच ए आई को नागा घाटी में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए घाटी में विश्वविद्यालय के समीप दो-तीन जगह स्पीड ब्रेकर बनाने हेतु सुझाव दिए थे जिस पर एन एच ए आई के रिंग रोड प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू द्वारा सुझावों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पीड ब्रेकर बनाने के साथ ही घाटी पर ब्लिंकर औरस्पेशल मार्किंग कर संकेतक लगाए गए हैं। इसके कारण आने वाले वाहनों को दूर से ही यह समझ में आ जाता है कि घाटी में टर्निंग पॉइंट पर वाहनों की गति कम करना है। ज्ञात होवे कि नागा घाटी में आए दिन दुर्घटनाओं की खबर आती रहती है यह स्थान दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात हो चुका है इस संबंध में एन एच ए आई के रिंग रोड प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृतलाल साहू ने बताया कि हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल हाईवे द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं हाईवे पर सुरक्षित यात्रा विभाग का मुख्य उद्देश्य रहा है जिस पर निरंतर काम किया जा रहा है ताकि यात्री सुरक्षित गंतव्य तक पहुंच सकें।

## एस एस महाविद्यालय में वैदिक गणित पर राष्ट्रीय कार्यशाला 9 को

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के गणित विभाग द्वारा 9 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 10.30 बजे से एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका का विषय है वैदिक गणित आधुनिक गणित के लिए प्राचीन तकनीकें प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं गणित विभाग के संयोजन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों,शोधार्थियों एवं शिक्षकों को वैदिक गणित की प्राचीन परंपरागत विधियों से परिचित कराना है ताकि वे इन तकनीकों का आधुनिक गणित और अनुसंधान कार्यों में प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर देशभर से गणितज्ञ,शिक्षाविद और शोधार्थी भाग लेंगे। विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा वैदिक गणना पद्धतियों,तेज़ मानसिक गणना तकनीकों, तथा आधुनिक गणितीय समस्याओं में उनके उपयोग पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन के संयोजक डॉ.सौरभ सक्सेना ने बताया कि कार्यशाला से विद्यार्थियों को गणितीय चिंतन का नया दृष्टिकोण मिलेगा। वैदिक गणित की सरल और त्वरित विधियां न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी सिद्ध होंगी बल्कि शोध कार्यों और नवीन आविष्कारों के लिए भी प्रेरणादायी बनेंगी। गणित विभागाध्यक्ष ने कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में गणित के प्रति जिज्ञासा और रुचि का विकास होगा। कार्यशाला महाविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी और इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी,शोधार्थी एवं शिक्षक सहभागिता करेंगे।

### संत श्री राम बहादुर शरण महाराज का देवलोक गमन



**पनागर।** श्री राम-जानकी मंदिर, उमरिया चौबे (पनागर) के संस्थापक, संत श्री श्री 1008 राम बहादुर शरण महाराज 7 अक्टूबर 2025 को ब्रह्मलीन हो गए। महाराज श्री ने अपने जीवन को धर्म, साधना और समाज सेवा को समर्पित किया। उनका समाधि कार्यक्रम आज बुधवार को श्री राम-जानकी मंदिर परिसर, ग्राम उमरिया चौबे में होगा।



- महाकौशल प्रांत संघ चालक डॉ. दुबे ने दिया संदेश
- आरएसएस का पथ संचलन संपन्न

# पंच परिवर्तन नारा नहीं बल्कि समाज की दशा-दिशा बदलने का संकल्प

**पनागर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पनागर खंड का पथ संचलन नगर में पूरी गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में महाकौशल प्रांत संघ चालक डॉ. प्रदीप दुबे उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं और समाज को संघ के शताब्दी वर्ष के 'पंच परिवर्तन' के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से परिचित कराया। उन्होने संघ के आगामी शताब्दी वर्ष को लेकर चल रहे पंच परिवर्तन के महत्व को समझाया। छोटे-छोटे उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार प्रत्येक स्वयंसेवक और नागरिक इन पांच परिवर्तनों को अपने जीवन और समाज में उतारकर राष्ट्र उत्थान के महान कार्य में अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन को केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की दशा और दिशा बदलने वाला व्यावहारिक संकल्प बताया। स्वयंसेवकों का घोष (बैंड) के साथ भव्य पथ संचलन पनागर नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण के लिए निकला। पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों को देखने के लिए नगर में भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में विभाग और जिले के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें विभाग से उत्तम मिरी, जिले से भरत कोष्ठा, दीप रजक, नंदकिशोर प्रजापति, रामलखन कुशवाहा, प्रमोद हल्दकर, खंड कार्यवाह दीपक तिवारी, पंकज पटेल, नगर कार्यवाह विक्रांत सोनी, शुभम व्यास, केशव सोनी, अमोल लखेरा, रिंकू रजक, आशीष प्रजापति, कुलदीप पटेल, लक्ष्मीकांत बर्मन, नितिन ठाकुर, मयंक खंपरिया, स्वप्निल सराफ, नितिन गौतम, सौरभ ताम्रकार, शिवम ताम्रकार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचलन ने नगर में अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और सेवा भावना का संदेश प्रसारित किया।

### शहर में पैंचवर्क के कार्य तेजगति से कराये जा रहे

## स्पेशल कैम्पेन 5.0 : संभागीय कार्यालयों की हो रही है साफ-सफाई

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एम.आई.सी. सदस्य एवं लोककर्म प्रभारी विवेक राम सोनकर एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में शासन द्वारा संचालित ''स्पेशल कैम्पेन 5.0'' अभियान में मुख्यालय के साथ-साथ सभी संभागीय कार्यालयों में विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि मुख्यालय के कार्यालयों के साथ-साथ संभाग क्रमांक 1 गढ़ा एवं 2 कछपुरा संभागीय कार्यालय में अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा विशेष साफ-सफाई की गयी। इसी प्रकार अन्य संभागीय कार्यालयों में भी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विशेष सफाई कराई जा रही है और अनावश्यक सामग्रियों टूटा



फर्नीचर, खराब स्टेनशनी, ई-कचरा आदि का निस्तारीकरण भी कराया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि बारिश में क्षतिग्रस्त डामलीकृत शहर की सभी सड़कों में पैंचवर्क के कार्य बहुत तेजी से मशीनरी संशाधनों के माध्यम से कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए एक साथ सभी संभागों के अंतर्गत संभागीय यंत्रियों की निगरानी में बहुत तेज गति से पैंचवर्क के कार्य कराये जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत सिविल लाइन थाना, सांई मंदिर के पास, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, दैनिक भास्कर प्रेस के पास, पहावन बाबा, माता मरियम चौक से डॉं. आनंद, माता मरियम चौक से सिविल लाइन चौक, कल्चुरी होटल, एवं डी.आई.जी. ऑफिस के साथ-साथ अन्य संभागों के अंतर्गत मशीनरी संशाधन लगाकर पैंचवर्क के कार्य कराये गए।

**श्री रामाधार सोनी-** सिहोरा, ग्राम बरगी निवासी श्री रामाधार सोनी का 62 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम में किया गया। वे रिंकू सोनी, पुष्पेंद्र सोनी के पिता थे।

**श्रीमती लक्ष्मी बेन पटेल-** नरसिंह वार्ड महानद्दा निवासी श्री शिवदास पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बेन पटेल (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हेमलता चौरसिया-** मछरहाई जवाहरगंज निवासी श्री जवाहर लाल चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता चौरसिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रविकांत विश्वकर्मा-** तुलाराम चौक के पास निवासी श्री रविकांत विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ईश्वर बंशकार-** गली नं. 5, आईटीआई कटंगी रोड निवासी श्री देवा प्रसाद बंशकार के पुत्र श्री ईश्वर बंशकार (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमन पटेल-** जुगनू भवन गोहलपुर निवासी हाई कोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री रमन पटेल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। उनके निधन पर शहर के गणमान्य जनो ने शोक व्यक्त किया है।

**श्री अजीत सिंह उईके-** कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री विश्वनाथ उईके के पुत्र श्री अजीत सिंह उईके (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुंदन लाल शिवहरे-** भरतीपुर निवासी श्री कुंदन लाल शिवहरे (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार सोनकर-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री राजेश कुमार सोनकर (63) का




निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल कोरी-** बागड़ा दफाई पीपी कॉलोनी निवासी श्री मुन्ना लाल कोरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकित इंग्ले-** करियापाथर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री रमेश इंग्ले के पुत्र श्री अंकित इंग्ले (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रशांत काले-** कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई के पास निवासी श्री संतोष काले के पुत्र श्री प्रशांत काले (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली कोल-** बर्न कम्पनी कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री दुलाई कोल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली कोल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गिरजा सिंह ठाकुर-** न्यू शांति नगर सुहागी निवासी श्री गिरजा सिंह ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल मेहरोलिया-** अभिनंदन कॉलोनी तिलहरी निवासी श्री मदन लाल मेहरोलिया (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री चेतराम नामदेव-** रामपुर छापर पीएम आवास निवासी श्री चेतराम नामदेव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## खबर संक्षेप



### आईआईएचएल ने स्टर्लिंग बैंक का किया पूर्ण अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल), मॉरीशस ने बहामास स्थित स्टर्लिंग बैंक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। आईआईएचएल ने एक बयान में कहा कि उसने स्टर्लिंग बैंक की शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीद ली है जिससे यह बैंक अब उसके पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई बन गया है। इसके पहले सितंबर, 2022 में हिंदुजा समूह की कंपनी ने स्टर्लिंग बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ का आईपीओ 10 को खुलेगा


**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के



लिए 100-106 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, 2,516 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अक्टूबर को खुलेगा और 14 अक्टूबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक नौ अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम है।

### देश का कोयला निर्यात चालू वित्त वर्ष में 23 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23.4 प्रतिशत बढ़कर 19.08 लाख टन रहा। सरकार जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की बढ़ती



वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को बढ़ावा दे रही है। इस लिहाज से यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े अस्थायी हैं। देश का कोयला निर्यात 2023-24 में 15.46 लाख टन रहा था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे टूट 88.78 पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 88.78 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशों में डॉलर के मजबूत होने तथा निरंतर विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों के बाजार से अलग रहने के कारण घरेलू मुद्रा सीमित दायरे में रही।

### नवरात्रि में एसयूवी की बिक्री में 60% का उछाल रहा: महिंद्रा

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के एसयूवी मॉडलों की नवरात्रि के दौरान ग्राहक खुदरा बिक्री 60 प्रतिशत बढ़ गई। जीएसटी में कटौती के बाद वाहनों के दाम कम होने से एसयूवी की बिक्री में यह तेजी देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि ग्रामीण बाजार में भी अच्छी बिक्री देखी जा रही है। उन्होंने कहा, 'नवरात्रि के पहले नौ दिनों में डीलरों ने ग्राहकों को एसयूवी की खुदरा बिक्री लगभग 60 प्रतिशत बढ़ने की सूचना दी है। यह पिछले साल की नवरात्रि की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है।' उन्होंने कहा कि खुदरा बिक्री के वास्तविक आंकड़े वाहन पंजीकरण मंच 'वाहन' के आंकड़ों से ही सामने आएंगे।

## 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में बोली वित्त मंत्री

# वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां एआई के दुरुपयोग को रोकने पर ध्यान दें : सीतारमण

एजेंसी ⏭ मुंबई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि आज अपराधी भी कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में कहा कि भारत में विभिन्न एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है।

- कहा, आज अपराधी भी एआई का इस्तेमाल कर रहे

इस कार्यक्रम में सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत की जो वास्तविक समय में निर्बाध लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह नगदी प्रबंधन को बेहतर बनाएगी और अनुपालन सुनिश्चित करेगी। विदेशी मुद्रा लेनदेन वर्तमान में आमतौर पर 36 से 48 घंटों के अंतराल में पूरा हो पाता है।

**खास बातें**

- भारत में एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता
- सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरू



### हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं के संदर्भों में हो

वित्त मंत्री ने कहा, '' हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं, स्थानीय संदर्भों और बहुविध 'इंटरफेस' पर आधारित होना चाहिए ताकि इसे हमारे नागरिक व्यापक रूप से स्वीकार और इसका उपयोग कर सकें।'' मंत्री ने कहा कि एआई ढांचे में केंद्रित दृष्टिकोण भारत को 'ग्लोबल साउथ' के लिए एआई अग्रदूत बना सकता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर कम विकसित देशों के लिए किया जाता है।

### गिफ्ट सिटी वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल

विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली के संचालन के साथ 'गिफ्ट सिटी' हांगकांग, टोक्यो, मनीला सहित कुछ अन्य चुनिंदा वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है जिनके पास स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन को पूरा करने का बुनियादी ढांचा है। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि भारत ऐसे एआई उत्पाद भी बना सकता है जो दुनिया भर में विविध उपयोग-परिस्थितियों के अनुकूल हों। यह एआई विचारों के विकास एवं परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला हो सकता है।

### एआई ने कामकाज के तरीके को बदल दिया

सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) ने वित्त और कामकाज करने के तरीके को बदल दिया है लेकिन इस प्रौद्योगिकी के कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने कहा, हालांकि एआई असाधारण संभावनाओं के द्वार खोलता है, हमें इसके अंधकारमय पक्ष का सामना करना होगा। नवाचार को शक्ति प्रदान करने वाले उन्हीं उपकरणों का उपयोग धोखे एवं धोखाधड़ी के लिए भी किया जा सकता है। मैं इसे व्यक्तिगत नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपने कई 'डीपफेक' वीडियो देखे हैं जिन्हें ऑनलाइन प्रसारित किया जा रहा है...।

### अपराधी नकली वीडियो एआई से बना प्रभावित कर रहे

वित्त मंत्री ने कहा, '' यह इस बात को याद दिलाता है कि हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था को कितनी तेजी से मजबूत करना होगा।'' सीतारमण ने कहा कि धोखाधड़ी की नई पीढ़ी अब 'फायरवॉल' (सुरक्षा प्रणाली) तोड़ने के बारे में नहीं, बल्कि भरोसे को तोड़ने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अपराधी आवाजों की नकल करने, नकली पहचान बनाने तथा असली दिखने वाली नकली वीडियो बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे लोगों को प्रभावित किया जा सकता है।

# अनिल अंबानी पर एसबीआई के आदेश को कोर्ट ने बरकरार रखा

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुंबई उच्च न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आदेश को बरकरार रखा है।

अदालत ने कहा कि एसबीआई का यह आदेश तर्कसंगत है और इसमें कोई कानूनी खामी नहीं है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने तीन अक्टूबर को एसबीआई के 13 जून, 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका खारिज कर दी। इस फैसले की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अंबानी की यह दलील कि उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का मौका नहीं दिया गया और आवश्यक दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए, निराधार हैं। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मास्टर दिशानिर्देशों के तहत एसबीआई के इस आदेश के खिलाफ केवल लिखित आपत्ति दर्ज कराने का अधिकार है, व्यक्तिगत सुनवाई का नहीं। अदालत ने कहा कि अंबानी को जारी अंतिम नोटिस पर कोई जवाब न मिलने पर बैंक ने इस खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया है।

- अदालत ने कहा, एसबीआई का आदेश तर्कसंगत

### रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शर्तों का उल्लंघन किया

एसबीआई ने अदालत में कहा कि रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप इस मामले में व्यक्तिगत सुनवाई आवश्यक नहीं थी। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने अपने ऋण की शर्तों का उल्लंघन करते हुए धन का दुरुपयोग किया। एसबीआई ने दावा किया है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी द्वारा धन का दुरुपयोग किए जाने से 2,929.05 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# नवरात्रि में वाहनों की खुदरा बिक्री 35 प्रतिशत बढ़ीः फाडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री इस साल नौ दिन की नवरात्र अवधि में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ी जिससे पिछले महीने कुल पंजीकरण में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वाहन डीलर के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

- सितंबर में बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार, सितंबर महीने के पहले 21 दिन में बिक्री धीमी रही और 22 सितंबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद इसमें तेजी आई। नवरात्रि के दौरान यात्री वाहन की कुल खुदरा बिक्री 2,17,744 इकाई रही जबकि पिछले वर्ष नवरात्रि अवधि में यह 1,61,443 इकाई रही थी। वाहन डीलर के संगठन के अनुसार, इस उच्च बिक्री के कारण सितंबर में यात्री वाहन खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2,82,945 इकाई से छह प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 इकाई हो गई। 22 सितंबर के बाद नई जीएसटी दर लागू होने के बाद कीमतों में कटौती की उम्मीद कर रहे ग्राहकों ने महीने के पहले हिस्से में खरीदारी नहीं की।



### वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में तीन फीसदी की वृद्धि

नवरात्रि के दौरान 46,204 इकाइयों की खुदरा बिक्री हुई जो पिछले साल की समान अवधि की 37,097 इकाइयों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की पिछले महीने बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 72,124 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 70,254 इकाई थी। नवरात्रि के दौरान इस खंड में बिक्री सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 33,856 इकाई हो गई।

फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बयान में कहा, '' देश के मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए सितंबर 2025 एक असाधारण रूप से अनूठा महीना था। पहले तीन सप्ताह काफी हद तक शांत रहे क्योंकि ग्राहक जीएसटी 2.0 सुधारों की प्रत्याशा में पीछे हट गए। हालांकि, अंतिम सप्ताह में स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई क्योंकि नवरात्रि उत्सव कम जीएसटी दरों के कार्यान्वयन के साथ मेल खाता था जिससे ग्राहक भावना में सुधार हुआ और अधिकतर वाहन श्रेणियों की बिक्री में तेजी आई।''

गिरधर ने कहा कि परिणामस्वरूप माह का अंत कुल मिलाकर पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ हुआ जिसमें तिपहिया और निर्माण उपकरण को छोड़कर सभी खंडों में सकारात्मक गति देखी गई। फाडा के अनुसार, सितंबर के अंतिम दिन में बनी गति दीपावली तक जारी रहेगी जिससे त्यौहार की इस 42 दिन की अवधि के सकारात्मक रुख के साथ खत्म होने की उम्मीद है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 12,87,735 इकाई रही जो सितंबर 2024 में 12,08,996 इकाइयों के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक है। नवरात्र अवधि में बिक्री 36 प्रतिशत बढ़कर 8,35,364 इकाई हो गई।

### निसान अगले साल पेश करेगी एसयूवी 'टेक्ट्रॉन'

एजेंसी : नई दिल्ली। जापानी वाहन विनिर्माता निसान भारत में तेजी से बढ़ते और बेहद प्रतिस्पर्धी मझोले आकार के एसयूवी खंड में नए मॉडल 'टेक्टॉन' के साथ अगले साल फिर से कदम रखने जा रही है।

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने बताया कि टेक्टॉन को जापान, लंदन और भारत में मौजूद निसान की वैश्विक टीमों ने डिजाइन और विकसित किया है।

# मर्सिडीज के लिए सितंबर सबसे अच्छा महीना

**नई दिल्ली।** लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। सितंबर में रिकॉर्ड बिक्री और नवरात्र के दौरान 2,500 से अधिक इकाइयों के पंजीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,119 इकाइयों की बिक्री हुई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बेची गई 5,117 इकाइयों के लगभग बराबर है। पिछले महीने नवरात्र के दौरान सिर्फ नौ दिनों में ही कंपनी ने 2,500 से अधिक वाहन बेच दिए जो भारत में उसके किसी भी त्योहारी मौसम की सर्वाधिक बिक्री है। कंपनी ने कहा कि नवरात्र के दौरान जोरदार मांग के चलते सितंबर महीने में उसके इतिहास का सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन रहा।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 20 / 2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — मण्डला, दिनांक 03.10.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।

| ग्रुप. क्र. | टेण्डर आई. डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु मानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _455610_1 | मण्डला | मक्के बंधा डिठौरी मार्ग पर पुलिया का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 105.23 | 105230 | 12500 | 03 माह वर्षा काल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _455611_1 | मण्डला | बम्हनी ढेंकों मार्ग पर पुलिया का निर्माण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 73.2 | 73020 | 10000 | 03 माह वर्षा काल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _455612_1 | मण्डला | बिसौरा भानपुरगढ़ बिसौरा मार्ग लंबाई 3.00 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 28.55 | 50000 | 5000 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _455613_1 | मण्डला | तरवानी से मगरधा मार्ग लंबाई 3.10 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 34.51 | 50000 | 5000 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| 5 | 2025_PWDRB _455614_1 | मण्डला | मुख्य मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग) संगमघाट मार्ग मार्ग लंबाई 1.30 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 21.99 | 43980 | 5000 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| 6 | 2025_PWDRB _455615_1 | मण्डला | धनवाही मनेरी जमठार मार्ग लंबाई 11.20 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 168.55 | 168550 | 12500 | 03 माह वर्षा काल सहित |
| 7 | 2025_PWDRB _455616_1 | मण्डला | रैबाड़ा जेवनारा पौण्डी घटेरी मार्ग लंबाई 6.30 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 63.63 | 63630 | 10000 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| 8 | 2025_PWDRB _455618_1 | मण्डला | मानिकसरा सांगवा मार्ग लंबाई 9.14 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 137.91 | 137910 | 12500 | 03 माह वर्षा काल सहित |
| 9 | 2025_PWDRB _455620_1 | मण्डला | सिवनी मुख्य मार्ग से पीपरदोन मार्ग लंबाई 4.80 किमी. का नवीनीकरण कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 48.84 | 50000 | 5000 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| 10 | 2025_PWDRB _455622_1 | मण्डला | मनेरी बिलनगरी मार्ग, पिपरिया अमदरी मार्ग, पिपरिया कुटरई मार्ग एवं निवास शहरी क्षेत्र का नवीनीकरण कार्य कुल लंबाई 8.36 किमी. | प्रथम आमंत्रण | 101.18 | 101180 | 12500 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| 11 | 2025_PWDRB _455623_1 | मण्डला | हाईस्कूल पिपरिया पहुंच मार्ग एवं रेस्ट हाउस टिकरिया पहुंच मार्ग का नवीनीकरण कार्य कुल लंबाई 1.40 किमी. | प्रथम आमंत्रण | 22.12 | 44240 | 5000 | 02 माह वर्षा काल सहित |
| | | | | योग रु. | 805.53 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 22/10/2025 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि. विभाग (भ/स) संभाग मण्डला

G-19693/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण (सा.) वनमण्डल, बालाघाट म.प्र.

E-mail : dfotsbghat@mp.gov.in Telephone No.: (07632) 248414

**GeM Bid Year 2025-26**

दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत संयुक्त वन प्रबंधन म.प्र. भोपाल के तहत प्रदत्त स्वीकृति अनुसार समितियों हेतु Solar Lamp (Solar Lantern Systems) सामग्री क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सामग्री क्रय हेतु निर्धारित मानक अनुसार प्रदायकर्ता अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से निम्नानुसार GeM Bid के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**सामग्री का विवरण**

| क्र. | GeM Bid No. | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2025/B/6617532 Dt. 03-10-2025 | Solar Lamp (Solar Lantern Systems) | 200 Nos. |

उपरोक्त सामग्री क्रय से संबंधित निविदा /Bid में अधिरोपित नियम / शर्ते, सामग्रियों का Specification Bid के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट

G-19667/25



## केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / ऋण का प्रकार/ऋण राशि/ बकाया राशि/ब्याज दर | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **सौसर शाखा, सौसर** | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **गोविंदा चिंदु सोमकुमार पुत्र चिंधुजी सोमकुमार** सहबाध्यकारी/ऋणी एवं बंधककर्ताः **श्रीमती संगीता सोमकुमार पत्नि गोविंदा सोमकुमार** | मांग सूचना दिनांक : 03.10.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 8,23,868.33 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 02.10.2025 | मकान नंबर 791, वार्ड नंबर 15, इंदिरा गांधी वार्ड सर्वे नंबर 1154/62/2158, बी.नं. 411, प.ह.नं. 18/9, पर प्रस्तावित भवन का निर्माण। क्षेत्रफल 0.007 हेक्टेयर, मौजा सौसर, तहसील सौसर, जिला छिंदवाड़ा चर्तुसीमाएँः पूर्व-20 फीट कच्ची सड़क, पश्चिम-विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-विक्रेता की शेष भूमि, **शीर्षक धारक का नामः गोविंदा चिंदु सोमकुमार पुत्र चिंधुजी सोमकुमार** |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

स्थान : भोपाल
दिनांक : 08/10/2025

प्राधिकृत अधिकारी
केनरा बैंक



## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 4812/ जि.भू.अ./2025 — **प्रारंभिक अधिसूचना** — सिवनी दिनांक 30/09/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के के बांध क्रमांक - 4 के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। -अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रकिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नहीं होगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव क्रमाक SIA/MP/RIV / 544816 / 2025 राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है। अतः अधिनियम की धारा 11(3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

**अनुसूची**

1- परियोजना का नाम :- पलारी. प.ह.नं.55 रा.नि.म. :-आदेगांव तहसील :-लखनादौन जिला :-सिवनी 2-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल :-11.85 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं उत्तर | सीमाऐं दक्षिण | सीमाऐं पूर्व | सीमाऐं पश्चिम | वृक्ष किस्म | वृक्ष संख्या | संरचनाऐं प्रकार | संरचनाऐं प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 2/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 4.05 | झाडूलाल, सरवद पिता करिया जाति मेहरा पता पलारी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 1 की भूमि | खसरा 4 की भूमि | खसरा 3 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | - | - | - | - |
| 2 | 2/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 2.98 | छेदीलाल, झिन्नो पिता करिया जाति मेहरा पता पलारी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 1 की भूमि | खसरा 10 की भूमि | खसरा 2/1 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | | | | |
| 3 | 4 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.38 | रामवतीबाई पिता लालमन जाति मेहरा पता पलारी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 2/1 की भूमि | खसरा 9/2/1 की भूमि | खसरा 2/1 की भूमि | महानीम नीम | 1 2 | | | |
| 4 | 7 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.40 | | खसरा 6 की भूमि | खसरा 7 की भूमि | खसरा 9/2/1 की भूमि | खसरा 5 की भूमि | | | | |
| 5 | 8 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.41 | रामाबाई पति सुरेश जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 9/2/5 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 9/2/5 की भूमि | | | | |
| 6 | 9/2/5 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.84 | | खसरा 6 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 8 की भूमि | खसरा 9/2/1 की भूमि | | | | |
| 7 | 9/2/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.25 | सुनीताबाई पति महेश जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 7 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 9/2/5 की भूमि | खसरा 9/2/2 की भूमि | | | | |
| 8 | 9/2/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.08 | गोमतीबाई पति जामनसिंह जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 5 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 9/2/1 की भूमि | खसरा 9/2/3 की भूमि | | | | |
| 9 | 9/2/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | जालम पिता अतरलाल जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 4 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 9/2/2 की भूमि | खसरा 9/2/4 की भूमि | | | | |
| 10 | 9/2/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | दीनाबाई पति रमेश जाति अहीर पता लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 4 की भूमि | खसरा 31 3 की भूमि | खसरा 9/2/3 की भूमि | खसरा 9/1 की भूमि | | | | |
| 11 | 9/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.25 | श्यामकुमारी, धँसराम, फूलमत पिता बिहारी, जाति मेहरा, पता पलारी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 4 की भूमि | खसरा 10 की भूमि | खसरा 9/2/4 की भूमि | खसरा 10 की भूमि | | | | |
| 12 | 10 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | | खसरा 2/2 की भूमि | खसरा 13 की भूमि | खसरा 9/1 की भूमि | खसरा 11 की भूमि | | | | |
| 13 | 12 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | रूकमा, हुकमा, सुकमा, सुकरती पिता हेमु, अमनी पिता झीना, कारे, झरिया, पारा, पारे, पिता हुकुम, सोनीलाल इनवाती पिता झारेलाल, मनतिया बाई, सोनवती पुत्री झारेलाल, झीनो बाई इन वाती बेवा झारेलाल, बबीता बेवा कैलाश, गनेशी, अनेशी, कन्हैया, प्रहलाद, बलराम, बतेशी अनेश राम पिता अमान, मीराबाई बेवा अमान, यशवंत पिता कैलाश जाति गौड पता पलारी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमि स्वामी | खसरा 1.11 की भूमि | खसरा 13 की भूमि | खसरा 10 की भूमि | खसरा 19 की भूमि | | | कच्चा कुआ 1 | |
| 14 | 20/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | रुकमनी बरकड़े पति अमरलाल जाति गोंड पता सिवनी मध्य प्रदेश भमिस्वामी | खसरा 19 की भूमि | खसरा 21 की भूमि | खसरा 19 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | | | कच्चा कुआ 1 | |
| कुल योगः- | | | | 11.85 | | | | | वृक्ष | | 4 | कच्चा कुआ 2 | |

1 अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात कय / विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 15 (1) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(संस्कृति जैन)
कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)

G-19698/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## चिंतन

# जहरीली कफ सिरप बनाने वालों को मिले सख्त सजा

आप जिस दवा को जीवनदायनी समझ कर ले रहे हैं, उसमें जहर निकले और मौत का कारण बन जाए तो इसे मुनाफाखोरी के मोह में जीवन से खिलवाड़ कहें, लालफीताशाही का निकम्मापन या कुछ और, क्या कहेंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से अब तक 19 और राजस्थान में 4 बच्चे दम तोड़ चुके हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह दवा कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। कानून तो अपनी कार्रवाई करेगा, लेकिन उनकी मानसिकता के बारे में सोचने भर से रूह कांप उठती है, जिन्होंने नौनिहालों की जिंदगी से ही खिलवाड़ कर दिया। बेचारे छोटे-छोटे बच्चे खांसी की दवा पीकर हमेशा के लिए सो गए। माता-पिता बच्चों को इलाज करवाने के लिए सरकारी अस्पताल से दवा दिलाएं और फिर कुछ ही घंटों में बच्चों के गुर्दे फेल हो जाएं और उनकी मौत हो जाए, यह भयानक, दर्दनाक और क्रोध पैदा करने वाला विषय है। क्या भरोसे के साथ बीमार बच्चों को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाना, माता-पिता की गलती है। बच्चों के माता-पिता और परिवार का अपनी आंखों के सामने बच्चों का हमेशा के लिए नींद में सो जाते हुए देखना दिल दहलाने वाला है, माता-पिता की चीखें परेशान करने वाली है, लेकिन क्या मासूमों की मौत के इस तांडव से हमारे सरकारी अमले की नींद टूटेगी या फिर वो अब भी पहले की तरह खर्राटें ही लेते रहेंगे। 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि भारत में बनने वाले कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। यह आदेश पंजाब स्थित क्यूपी फार्माकेम लिमिटेड द्वारा निर्मित गुआइफेनेसिन टीजी सिरप के परीक्षण के बाद दिए थे। अब मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाईएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्र से ज्यादा नहीं होना चाहिए। तय है कि पैसों का लालच ही इन मौतों की एकमात्र वजह है और इसलिए जहरीली खांसी की दवा में सस्ती और घटिया रसायन मिलाकर इसे बनाया गया। सरकार ने अब दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाकर नष्ट कराने जैसे उपाय शुरू किए हैं। जो काम पहले हो जाना चाहिए था, जो जांच पहले हो जानी चाहिए थी, दवाओं का जो गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण पहले हो जाना चाहिए था, उसे अब किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसी कंपनी को तुरंत सील करे, जिसने मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया। दवा उत्पादन की लागत कम और मुनाफा बढ़ाने के लिए कफ सिरप में सस्ते और जहरीले रसायन को प्रयोग किया गया, जिसके चलते बच्चों की मौतों का यह तांडव हुआ। इसकी तुरंत जांच करवाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि दोबारा से कोई ऐसी हिमाकत ही न करे।



वायु सेना दिवस
डॉ. एलएस यादव

भारती वायुसेना अब 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब वायुसेना के जांबाजों ने दुश्मनों के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया और हर युद्ध को जीतने में अहम भूमिका निभाई है। अब जरूरत है वायुसेना को और मजबूती देकर उसे शक्तिमान बनाने की। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने के बाद अब भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की जरूरत है इसे हर हाल में जल्द पूरा करना होगा।

# वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93 वर्ष पूरे कर 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भी अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है और चीन के पास यह ताकत कम नहीं है। ऐसे में पाक व चीन सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 29 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। मिग विमानों के रिटायर होने के बाद यह संख्या और घट गई। इस कारण वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास करीब 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती। भारतीय वायुसेना की ओर से विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए 114 मेक इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को दिया है। इन विमानों की कीमत दो लाख करोड़ से ज्यादा होगी। इन विमानों का निर्माण फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर करेंगी। मेक इन इंडिया राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। रक्षा मंत्रालय इस पर कब निर्णय लेगा यह पता नहीं, लेकिन वायु सेना इस सौदे को जल्द फाइनल करना चाहती है, क्योंकि वायुसेना के विमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इससे भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने से यह समस्या और बढ़ गई है। हालांकि भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन दक्षिण एशिया की स्थिति और भू-राजनातिक उथल-पुथल को देखते हुए यह संख्या कम है। इन स्थितियों या दो मोर्चों पर युद्ध छिड़ने की स्थिति से निपटने के लिए 45 स्क्वाड्रन होना बेहतर होगा।

भारतीय वायुसेना की इस कमी को दूर करने के उद्देष्य से भारत सरकार ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों पर भरोसा जताया है। इसके लिए पिछले दिनों ही 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद का आर्डर दिया है। विदित हो कि वर्ष 2021 में 46000 करोड़ रुपये की लागत से 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद कों मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक इनकी आपूर्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। फिर भी सरकार ने वायुसेना की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 में 62,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इन विमानों को बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि वह इसी महीने से इन विमानों की आपूर्ति प्रारम्भ कर देगी। दरअसल, इन विमानों की आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति है। एचएएल ने अमेरिका की जीई कंपनी से '404 इंजन' लेने का समझौता कर रखा है। इस समझौते के मुताबिक इन इंजनों की आपूर्ति मार्च 2024 में शुरू होनी थी, परन्तु ऐसा नहीं हो पाया। जीई कंपनी ने इस साल पहला इंजन अप्रैल में, दूसरा जुलाई में और तीसरा सितम्बर में दिया। अब तक मात्र तीन इंजनों की ही आपूर्ति हो सकी है। डील के मुताबिक जीई कंपनी को हर माह दो इंजनों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा। इस देरी से वायुसेना काफी चिंतित है। कुछ समय पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद कहा था कि बीते 40 साल से एचएएल तेजस निर्माण में लगा है, लेकिन अभी तक 40 विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया है। भारतीय वायुसेना के पास तेजस के दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन हैं। अगर इंजनों की आपूर्ति तेजी से हो तो एचएएल दो से ढाई दर्जन विमानों की आपूर्ति सालाना कर सकता है।



अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति में देरी के कारण भारत अब फ्रांस के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाएगा। इसके लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच संयुक्त परियोजना को सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर सकती है। सफ्रान कंपनी भारत के पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत जेट इंजनों के विकास और उनके निर्माण में मदद करेगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होकर उभरेगी और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य दोहरे इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमानों के लिए भारत में 120-किलोन्यूटन इंजन का विकास और उत्पादन करना है। इस काम के लिए सफ्रान कंपनी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगी। डीआरडीओ की गैस टरबाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के साथ मिलकर बनाई जाने इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन सात अरब डॉलर होगी। यदि यह मंजूरी मिलती है तो भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपने विमान इंजन डिजाइन विकसित करने की क्षमता है। वर्तमान में ऐसे इंजन बनाने की यह तकनीक केवल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास है।

राफेल लड़ाकू विमान बढ़ाने की तैयारी के साथ ही भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में लगा हुआ है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है। इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि अगर भारत इसके लिए तैयार होता है तो एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। इस काम के लिए रूस की एक टीम जल्द ही एचएएल के नासिक प्लांट का दौरा करने वाली है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपरकंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा और अपनी सीमाओं की पूर्ण रूप से सुरक्षा कर पाएगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अपराध
डॉ. रमेश ठाकुर



# हेल्थ सिस्टम पर 'कलंक' है 'कफ सिरप' हादसा


कफ सिरप कांड की चर्चाएं इस समय भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में हैं। दिल-दहला देने वाली कथित 'कफ सिरप' घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने लोगों का ध्यान एकाएक भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर खींचा है। सरकारों की मिलीभगत से जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में गुपचुप तरीके से फैला है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन ही बदनाम था। पर, 3 वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से अधिक जब बच्चों की मौत हुई, तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की जमकर थू थू भी हो रही है।

अफ्रीकी बच्चे जब भारत में बनीं कफ सिरप पीकर मरे, तब, केंद्रीय हुकूमत ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। यहां तक कि कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस तक रद किए गए थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह कंपनियां चुनावी चंदा देकर बहाल हो गई थीं। दुख इस बात का है कि अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति अब भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। घटना की तपिश पूरे देश में आग की तरह फैली हुई है। सभी जानते हैं कि जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा गोलमाल होता है। ऐसी खबरें भी समय-समय पर आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जिनकी पहुंच सीधे-सीधे हुकूमतों तक होती है। इसलिए शिकायतों पर सरकारी तंत्र चुप रहता है। गलतियों पर आंख मूद लेता हैं। थोड़ी बहुत कार्रवाई की बात उठती है तो दवा माफिया कमिशन के नाम पर मोटा माल चढ़ाकर मामले को रफादफा करवा ही लेते हैं। लेकिन उनके ये कृत्य कई बेकसूर मरीजों की जान ले लेते हैं। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता कई समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं, जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है, लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमिशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर जहर भी गटक जाएंगे, तो उन्हें पता थोड़ी न चलेगा? दवाइयों के सेवन से हुई मौतों के गुनाहगारों पर कभी कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती? आरोपियों पर दोष तक सिद्ध नहीं होते, उससे पहले ही आजाद हो जाते हैं। इस तंत्र में सभी मिले होते हैं। एक मुनाफा खाता है तो दूसरा कमीशन?

बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' के पीने से हुई बच्चों की मौत ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांडा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। मुद्दे को शांत करने और खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई और दिखावे की धरपकड़ हो रही है। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो? और मुनाफा कमाने के भूखे केमिस्ट विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले, ऐसी कल्पना सभी करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं? भारत में करीब 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को खांसी में कफ सिरप नहीं देने को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर चुकी है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गवा गए। क्या उनके परिजनों को महज 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देकर उनके जख्मों को भरा जा सकेगा? शायद कभी नहीं? ऐसे सख्त आदेश पहले भी दिए गए। ऐसे मुद्दे जैसे ही शांत होते हैं, कार्रवाही भी दम तोड़ देती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

# जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्रिकेट का चमकता सितारा यशस्वी जायसवाल

भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का दौर जारी है और इस दौर का सबसे चमकता सितारा निस्संदेह यशस्वी जायसवाल हैं जिनकी कहानी संघर्ष से सफलता तक का प्रतीक बन चुकी है। मुंबई के आज़ाद मैदान के टेंटों से लेकर भारतीय टीम की जर्सी तक का उनका सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अब भारतीय क्रिकेट में अगली उम्मीद है वनडे क्रिकेट में उनका नया अध्याय। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने पहले ही अपने प्रदर्शन से दुनिया को चौंका दिया है। उनका 171 रनों का डेब्यू शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेली गई 214 रनों की ऐतिहासिक पारी उनकी क्षमता और परिपक्वता का प्रमाण हैं। इतनी कम उम्र में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं।

*– प्रदीप जैन, कांकेर*

## करंट अफेयर

# संरा की शांति वार्ताओं से महिलाएं नदारद : गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता व्यक्त की है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67 .6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में निवास कर रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, 'पूरी दुनिया में हम सैन्य खर्च में परेशान करने वाले रुझान, अधिक सशस्त्र संघर्ष और महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ और भी अधिक चौंकाने वाली क्रूरता देख रहे हैं।' गुतारेस ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2000 को इस प्रस्ताव को अपनाने के बाद कुछ प्रगति अवश्य हुई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के रूप में वर्दीधारी महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है। इसके अलावा महिलाओं ने स्थानीय मध्यस्थता का नेतृत्व किया है, लैंगिक-आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय को आगे बढ़ाया है।

## ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर



ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्रा: केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है और अधिकतर लड़कियां वनस्पति आधारित आहार को अपना रही हैं।

## ट्रेंड

### सहयोगियों पर हमला निंदनीय



पश्चिम बंगाल में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अतिरिक्त राशि स्वीकृत



जम्मू एवं कश्मीर में बाढ़ के कारण कई जगह मकान टूट गए। घरों के निर्माण के लिए 1,30,000 की मूल सहायता के साथ 40,000 की अतिरिक्त राशि शौचालय निर्माण के लिए हमने स्वीकृत कर दी है ताकि वे निर्माण कर सकें।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### पीएम मोदी का आभार



मैं जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त समय से पहले जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अत्यंत आभारी हूं।

**-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर**

### शर्मनाक घटना



मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया। यह हमारे लोकतांत्रिक और न्यायिक इतिहास की एक शर्मनाक घटना है। 2014 के बाद जिस तरीके से राजकीय संरक्षण में विभिन्न-विभिन्न माध्यमों से देश में घृणा और हिंसा को नॉर्मलाइज किया गया है यह उसका दुष्परिणाम है।

**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# 24 घंटों में तीन मासूमों की मौत
## पांच और बच्चे लड़ रहे जिंदगी की जंग



# अभी तक 19 मौतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

*छिंदवाड़ा में सिरप कांड अब सियासी दांव पेंच की दहलीज पर आ खड़ा हुआ है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सियासत में लगे है। कांग्रेस पार्टी ने पीड़ित परिवारों के लिए एक करोड़ मुआवजे की मांग की है। वहीं प्रशासन गांव गांव मुनादी कराकर सिरप न पिलाने की अपील कर रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन से पीड़ितों में थोड़ी राहत तो है परंतु इस बात की नाराजगी देखी गई है कि पूर्व कलेक्टर द्वारा समय रहते कदम नही उठाया गया। वहीं जो नेता सीएम के साथ पीड़ितों को सांत्वना देने गए थे वे अगर पहले पहुंच जाते तो यह संदेश जाता कि सरकार उनके साथ है। फिर भी 32 दिनों बाद ही सही सरकार ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही और इलाज के लिए जो खर्च देने की बात कही है वह डूबते को तिनके का सहारा की तरह बेहद प्रभावशील रही है। सीएम के आगमन के साथ 16 बच्चों की मौतों का मातम अभी चल ही रहा था कि मंगलवार को तीन और बच्चों की मौत की खबर ने झंझोर दिया। मासूमों की मौत एक कहर बनकर जिले पर आई है।जिससे जिले का आम से खास तक बेहद दुखी है।*



धानी डेहरिया



वेदांश पवार



जियासु यदुवंशी

## बीमार बच्चों के परिजनों में दहशत

छिंदवाड़ा में कफ सिरप से 24 घंटों में तीन बच्चों के दम तोड़ने से बीमार बच्चों के परिजनों में दहशत का माहौल है। जहरीली कफ सिरप के कारण बच्चों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले 24 घंटों में, नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान तीन और मासूमों में तामिया की धानी डेहरिया (1 छिंदवाड़ा कफ सिरप त्रासदी 24 घंटों में 3 और बच्चों की मौत, मृतकों की संख्या 17 हुई 5 माह), जुन्नारदेव की ज्यांशु यदुवंशी (2 साल) और रीधोरा के वेदांश पवार (ढाई साल) ने दम तोड़ दिया। इन मौतों के साथ, जिले में मृतकों की संख्या अब 19 हो गई है। यह सामने आया है कि डॉ. प्रवीण सोनी समेत कुछ चिकित्सकों ने बच्चों को 'कोलड्रिफ सिरप' दी थी, जिसके कारण कई बच्चों की किडनी डैमेज हुई।

### कोलड्रिफ सिरप का विक्रय एवं वितरण को प्रतिबंधित किये जाने के लिये एडवाईजरी जारी

जिले के विकासखंड परासिया अनुविभाग में किडनी फेलियर से बच्चों की असामायिक मृत्यु हुई है। उक्त कोलड्रिफ सिरप का विक्रय एवं वितरण को प्रतिबंधित किये जाने के लिये एडवाईजरी जारी की गई है, जिसके अनुसार ₹खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल मध्यप्रदेश के पत्र 04 अक्टूबर 2025 में जारी एडवाईजरी के अंतर्गत कोलड्रिफ सिरप का विक्रय एवं वितरण को प्रतिबंधित किया गया है । इसलिये सभी आमजनों को सूचित किया गया है कि वे कोलड्रिफ सिरप का क्रय एवं उपयोग नही करें। साथ ही भारत सरकार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली द्वारा जारी एडवाईजरी 03 अक्टूबर 2025 के अनुसार सभी चिकित्सकों द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी-खांसी के लिये आमतौर पर कोई भी सिरप उपयोग की सलाह नहीं दी जानी चाहिये । जारी एडवाईजरी के अनुसार कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन ने सभी चिकित्सकों, दवा विक्रेता एवं आमजनों को इस एडवाईजरी से सूचित होने एवं उसका पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं ।

## सीएम ने परिजनों को दी सांत्वना

16 मासूम बच्चों की मौत के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री को छिंदवाड़ा आना पड़ा। मुख्यमंत्री का दौरा भी तब बना जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को छिंदवाड़ा और परासिया जाने का अपना प्रोग्राम जारी किया। आनन फानन में मुख्यमंत्री ने 6 अक्टूबर के अपने सारे कार्यक्रम रद्द कर छिंदवाड़ा का रुख किया । और परासिया में न्यूटन पहुंचकर मासूम शहीदों के परिजनों से मुलाकात की। सबसे बड़ी बात तो यह है कि मुख्यमंत्री के साथ छिंदवाड़ा जिले के वह नेता भी नजर आए जो पिछले एक महीने में कभी किसी मासूम बच्चों के परिजन से मिलने नहीं पहुंचे। वह भी मुख्यमंत्री के बहाने मासूम शहीदों के परिजनों को सांत्वना देते नजर आए । और मासूम बच्चों के परिजन नेता, मुख्यमंत्री का मुंह ताकते बैठे रहे। क्योंकि जो उन्हें मिलना था उसकी घोषणा तो मुख्यमंत्री पहले ही कर चुके । कांग्रेस के एक्टिव होने के बाद ड्रग माफिया से जुड़े अधिकारियों को हटाया गया । इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि ने निभाई । उन्होंने पहली मौत के बाद ही मुख्यमंत्री और कलेक्टर को इस बात से अवगत करा दिया था कि यह गंभीर मामला है। लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। उनके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नकुलनाथ भी एक महीने के दौरान कभी भी मासूमों की खोजखबर लेने नहीं पहुंचे। आखिरकार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को छिंदवाड़ा आकर कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी।

### IMA का विरोध, डॉक्टर की रिहाई की मांग कितनी जायज?

परासिया के सरकारी डॉक्टर शिशु रोग विशेषज्ञ प्रवीण सोनी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और जेल भी भेज दिया गया है । जिसका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भारी विरोध जताया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का विरोध जायज है क्योंकि डॉक्टर किसी दवा को मरीज के स्वास्थ सुधार के लिए लिखता है। जिसका उसे अधिकार है और डॉक्टर को नहीं पता होता कि जो दवा वह लिख रहा है उस दवा में दवा में दर्शाए गए कंटेंट के अलावा भी और कुछ मौजूद है । लेकिन मौत के कारोबार के इस पूरे रैकेट में कहीं न कही डॉक्टरों की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। दवा कंपनी डॉक्टरों को फॉरेन टूर दे रही है । दवा कंपनी डॉक्टरों को महंगे गिफ्ट दे रही है और दवा कंपनी डॉक्टरों को मोटा कमीशन दे रही है। उसके बाद डॉक्टर दवा लिख रहे। इस बात की तरफ भी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का विरोध सामने आना जरुरी है। मेडिकल रिप्रेंटेटिव के माध्यम से कंपनी गिफ्ट और मोटा कमीशन ऑफर करती है वहीं शासकीय सेवारत चिकित्सक को निजी सेवाएं देने पर प्रतिबंध होता है। अधिकांशतः डॉक्टर मरीजों को निजी क्लीनिक में आने के लिए दबाव बनाते है। आईएमए को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए। आम आदमी निजी चिकित्सालयों की लूट से बेहद परेशान रहता है। कोरोना में भी त्रासदी का फायदा इन चिकित्सालयों ने उठाया है। डॉक्टर पंकज भूतड़ा भी कार्यवाहियां हुई थी। असली दर्द तो सिर्फ पीड़ित ही बता सकते है। आईएमए विरोध तो कर रहा है परंतु अंदर की बात सब जानते है।

## तामिया में कांग्रेस का धरना, कब जागेगी सरकार
## पीड़ितों की मुआवजा राशि एक करोड़ बढ़ाए सरकार



**तामिया।** जहरीले कफ सिरप एवं मध्यप्रदेश सरकार की अकर्मण्यता के कारण जान गवाने वाले नौनिहालों के परिजनों को 1 - 1 करोड़ मुआवजा दिए जाने एवं दोषियों को बर्खास्त कर गिरफ्तार किए जाने के सम्बंध में ब्लॉक कांग्रेस तामिया और छिंदी ने धरना दिया। छिन्दवाड़ा जिले के परासिया में निजी क्लिनिक में उपचार के दौरान जहरीले कफ सिरप के कारण जान गवाने वाले नौनिहालों के परिजनों को राज्य शासन के द्वारा मात्र 4 - 4 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा कर एवं एक डॉक्टर की गिरफ्तारी कर अपनी जबाबदारी से मुँह मोड़ लिया गया है। और नागपुर में अपने नौनिहालों का उपचार करा रहे परिजनों को आज तक किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा अभी तक उपलब्ध नही कराई गई है। कार्यवाही के नाम पर अभी तक सिर्फ एक डॉक्टर की गिरफ्तारी कर कुछ छोटे अधिकारियों को निलंबित किया गया है, जबकि इस दवा को बनाने वाले एवं इसे प्रदेश में बिक्री की अनुमति देने वाले अधिकारी एवं मंत्री अभी भी खुले घूम रहे है। न जाने किस दबाव में सरकार इनके गिरेवान में हाँथ डालने से डर रही है। अतः काँग्रेस पार्टी आप से माँग करती है कि जहरीले कफ सिरप से जान गवाने वाले बच्चों के परिजनों को 1 - 1 करोड़ की मुआवजा राशि एवं नागपुर में उवचार करा रहे परिजनों को 5 - 5 लाख की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए एवं दोषी स्वास्थ्य मंत्री एवं ड्रग कंट्रोलर सहित सभी दोषी अधिकरियों को तत्काल बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाए। जिससे कि प्रदेश में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुन्नारदेव के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम तिवारी, तामिया अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, छिंदी के अध्यक्ष समेत उईके, जिप सदस्य नवीन मरकाम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्र कुमार बत्रा, सुंदर पटेल, जमाई नगर कांग्रेस के अरुणेश जायसवाल,राजेश राय, शंकर पाल, शब्बीर जाफरी, दिनेश मालवीय,राजा खान, अनिल साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सांसद ने कहा बच्चों के इलाज का खर्चा राज्य शासन वहन करेगा

छिंदवाड़ा लोकसभा के संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से कफ सिरप से प्रभावित बच्चों का नागपुर के अस्पतालों में इलाज का सम्पूर्ण वहन राज्य शासन करेगा प्रभावित परिवारों की आर्थिक स्थिति से सांसद बंटी विवेक साहू जी ने मुख्यमंत्री जी को कराया था अवगत सांसद बंटी विवेक साहू जी के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कफ सिरप के कारण किडनी संक्रमण से प्रभावित नागपुर के विभिन्न अस्पतालों में उपचाररत 9 बच्चों के इलाज का संपूर्ण व्यय राज्य शासन द्वारा वहन किए जाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात होगी मुख्यमंत्री के छिंदवाड़ा दौरे एवं प्रभावित परिवारों से मुलाकात के दौरान छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा उन्हें अवगत कराया गया था कि जिन परिवारों के बच्चे नागपुर में उपचारत हैं यह सभी कमजोर आर्थिक स्थिति के हैं। इसके पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रभावित बच्चों के उपचार की समुचित व्यवस्था एवं सतत पर्यवेक्षण के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारी और चिकित्सकों की संयुक्त टीम नागपुर में तैनात की गई है। यह टीम प्रभावित परिवारों एवं अस्पताल प्रबंधन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए बच्चों के उपचार की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है।

## किडनी फैलियर, नागपुर में चल रहे बच्चों का इलाज

परासिया तहसील में वायरल फीवर के उपचार उपरांत किडनी फेलियर होने के कारण अभी तक १६बच्चो ने अपनी जान गंवा चुके हैं ,अभी कुछ बच्चे नागपुर में इलाज हेतु एडमिट है जिनका गहन उपचार नागपुर में चल रहा है , उपचार संबंधित जानकारी जिला प्रशासन की मेडिकल टीम उपचार संबंधित मेडिकल बुलेटिन हर दिन जारी करें जिस से आमजनो एंव पिडित वर्ग के स्नेही जनों को जानकारी मिल सके ,इन बच्चों की गहन चिकित्सा का खर्चा कौन वहन कर रहा है उसकी जानकारी सार्वजनिक करना चाहिए,पिडित परिवार वैसे ही मध्यम गरीब वर्ग से आते हैं उनकी ऐसी स्थिति नहीं है की वो इतना मंहगा खर्च वहन करे , मध्यप्रदेश शासन एंव जिला प्रशासन इन पिडित परिवार के प्रति संवेदनशील भावनाओं से उनके उपचार हो रहे मंहगे खर्चो पर नजर रखते हुए, उचित उपचार में पूर्ण सहयोग प्रदान करें ,मेडिकल बुलेटिन बच्चों उपचार संबंधित हर दिन जारी करें।

# सहेली के साथ मिलकर की हत्या, मुख्य आरोपी देवरानी समेत तीन लोग गिरफ्तार
## अवैध संबंधों को लेकर देवरानी ने कर दी जेठानी की हत्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले के कुमनगांव में एक महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। यह मर्डर किसी और ने नहीं, बल्कि मृतका की देवरानी ने अपने पति के साथ अवैध संबंध होने के शक में अपनी सहेली के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने हत्या की मुख्य आरोपी देवरानी समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।**

परसवाड़ा पुलिस के अनुसार, 3 अक्टूबर को कुमनगांव में घर के पास झाड़ियों में लेखवती यादव (30) का शव मिला था। जांच में पता चला कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी।

पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड की जांच के लिए एसडीओपी अरविंद कुमार शाह के नेतृत्व में एक टीम गठित की। जांच के दौरान 100 से अधिक मोबाइल नंबरों की छानबीन और गोपनीय सूत्रों की मदद से पुलिस आखिरकार आरोपियों तक पहुंची। एएसपी आदर्शकांत शुक्ला के मुताबिक,



सुखिया उर्फ सविता पति नंदकिशोर यादव (23) ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। सुखिया ने बताया कि उसे शक था कि उसके पति का जेठानी लेखवती के साथ अवैध संबंध है। इससे नाराज होकर और जेठानी को सबक सिखाने के लिए उसने हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत सुखिया ने अपनी सहेली भूरी उर्फ उर्मिला पिता अशोक मेरावी (18) के साथ मिलकर दशहरा के दिन 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे लेखवती को मंदिर जाने के बहाने मुरम गढ्ढा के पास बुलाया। वहां पहुंचकर दोनों ने लेखवती की साड़ी के पल्लू से ही उसका गला घोंट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद उन्होंने शव को झाड़ियों में फेंक दिया। हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से सुखिया ने अपने एक परिचित बीजाटोला निवासी रविशंकर सोनवाने (26), के साथ मिलकर मृतका के मोबाइल को एक नाले में फेंक दिया और सीम कार्ड को पत्थर से तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों सुखिया उर्फ सविता, भूरी उर्फ उर्मिला और रविशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही गोताखोरों की मदद से नाले से मृतका का मोबाइल, सिम कार्ड और आरोपियों के मोबाइल तथा मोटर साइकिल बरामद कर लिया है। शुरुआत में आरोपी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे, लेकिन पुलिस टीम की गहन पूछताछ और जांच के कारण उन्हें सच बताना पड़ा।

## 2 दिन से युवक लापता गुमशुदगी का मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर फरियादिया शांति बाई पति श्यामलाल प्रजापति उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्र. 10 बाजार मोहल्ला अमानगंज ने थाना उपस्थित होकर जुवानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेरा छोटा लड़का कैलाश कुमार उम्र 20 साल का टावर के सामने पुराने वाले घर में अपने दादा के साथ रहता था और वहीं रहकर पढ़ाई लिखाई करता था खाना-पीना खाने घर आता जाता रहता था दिनांक 05.10.2025 को छोटा लड़का कैलान जब रात करीब 10 बजे तक घर खाना खाने नहीं आया तो मेरे बड़ा लड़का कमलेश ने फोन लगाकर पूछा तो कैलाश ने बताया कि में मैं पन्ना आ गया हूं सुबह घर आ जाऊंगा, फिर इसके बाद दूसरे दिन लड़का कैलाश का फोन बंद आने लगा उसी दिन से लडका कैलाश की तालास कर रहे है लेकिन लडका कैलाश का कोई पता नहीं चल रहा है।

## परिवार सहित पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय के लिये गुहार लगाई

**छतरपुर।** मंगलवार को एक युवती ने अपने परिवार के साथ जिला मुख्यालय पर एसपी ऑफिस पहुंचकर आवेदन देते हुए अपने साथ हुए गलत कार्य की शिकायत एसपी से की है। नौगांव थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने आवेदन देकर बताया कि तीन आरोपियों पर गलत कार्य करने का गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि घटना 1 अक्टूबर की है, जब वह अपने घर से बैंक जाने के लिए निकली थी। इस दौरान आरोपी नरेश, चन्द्र और मनोज ने उसका पीछा किया। युवती के अनुसार आरोपियों ने कट्टा दिखाकर उसे जबरन गाड़ी पर बैठाया और दौरिया के पास स्थित एक सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ गलत कार्य किया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद आरोपी उसे वापस घर के पास कॉलेज के समीप छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान उसके भाईयों ने युवती को देखा और आरोपियों से विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद गांव के सरपंच राकेश अहिरवार उसके घर आए और धमकी दी कि अगर इस घटना की शिकायत किसी से की या पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई, तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। बताया जा रहा है कि आरोपी सरपंच के भतीजे हैं। मामले को लेकर पीड़िता अपने परिवार सहित मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। वहीं पुलिस ने इस मामले में विगत 1 अक्टूबर 2025 को युवती के साथ हुई छेड़छाड़ का मुकदमा पहले ही दर्ज कर लिया था। अब पीड़िता द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच की जा रही है।

# संकीर्तन के साथ नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश की परिक्रमा की



**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 4 माह चातुर्मास विश्राम की आखरी नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश के साथ लड्डू गोपाल जी तुलसी मैया भगवान राधा कृष्ण की एक साथ 108 परिक्रमा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज के सानिध्य में क्वार शरद पूर्णिमा संकीर्तन के माध्यम से की गई। जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक पर सावित्री सदन गौशाला में कार्तिक माह के हर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ की सफलता के लिए 1100 हनुमान जी नाम का हवन विधि विधान से रुद्राभिषेक आचार्य मोहित तिवारी नितिन चौबे ने कराया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डा सुधीरअग्रवाल परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबनी कैलाश विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा दुर्गा पटेल विनोद विश्वकर्मा गुड्डू नेता उपस्थित थे।



## पुस्तक एवं कौशल विकास यात्रा का सफल समापन

**जबलपुर।** देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित पुस्तक एवं कौशल विकास यात्रा 2025 का सफल समापन हो गया। इसके अंतर्गत आईसेक्ट क्षेत्रीय कार्यालय विजय नगर जबलपुर में ये यात्रा पहुंची और यहां पर इस यात्रा का शुभारंभ किया गया, जिसमें छात्रों ने कविताओं को प्रस्तुत किया, साथ ही छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें भी वितरित की गई। इस यात्रा के पूर्व विभिन्न स्कूलों में चित्रकला, निबंध एवं सांस्कृतिक नृत्य की प्रतियोगिताएं कराई गईं। इसके उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिताओं में ज्ञानोदय स्कूल गढ़ा एवं शासकीय हाईसेकण्डरी स्कूल तमरहाई आदि ने हिस्सा लिया। इस वर्ष की यात्रा का मुख्य आकर्षण AI Literacy Mission रहा। आईसेक्ट के विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर तक एआई, एआर/वीआर जैसी भविष्य की तकनीकों से संबंधित जानकारी, डेमो और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई। इन कोर्सेस में कम्प्यूटर, आईटी, फ्यूचरस्किल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग और फाइनेंस, शिक्षक, प्रशिक्षण, कृषि और रिटेल जैसे रोजगारोन्मुखी विषय शामिल थे।आईसेक्ट के प्रवक्ता निशाल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। कार्यक्रम में केन्द्र के सुनील सोनी, विशाल विश्वकर्मा, येचेंद्र रहंगडाले, रुचि शुक्ला, राजुल सोनी, अमृता साहू का विशेष योगदान रहा।

## वीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर में 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर एवं वेटरनरी इंटरनल एंड प्रिवेंटिव मेडिसिन सोसाइटी (वीआईपीएम) के संयुक्त तत्वावधान में छठा वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई है। यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा ने बताया कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन मेडिसिन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है जो की 8-10 अक्टूबर तक चलेगा। जलवायु संकट में पशुचिकित्सा का कायाकल्प पशु स्वास्थ्य हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का उद्-घाटन मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि पशुपालन एवं डेयरी मंत्री लखन पटेल रहेंगे। इस वर्ष का सम्मेलन एक समसामयिक एवं दूरदर्शी विषय पर केंद्रित है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस) जैसी अत्याधुनिक तकनीक रोग पूर्वानुमान, त्वरित एवं सटीक निदान, प्रभावी उपचार और सतत पशुधन उत्पादन की दिशा में नए अवसर प्रस्तुत कर रही हैं। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन देश के विभिन्न राज्यों से 400 ( वैज्ञानिक, शिक्षाविद, शोधकर्ता, नीति-निर्माता एवं विद्यार्थी) सम्मिलित हो रहे हैं। कुल शोध सारांश 438 तथा 14 मुख्य शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। कुलगुरु ने आगे बताया कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कुल 9 तकनीकी सत्र रहेंगे, जिसमें प्रमुख विषय क्लाइमेट चेंज एवं वन हेल्थ, फार्म एवं कंपेनियन एनिमल मेडिसिन, वैकल्पिक चिकित्सा आदि रहेंगे। सम्मेलन में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिये जायेंगे जिनमें श्रेष्ठ शोध प्रबंध, यंग साइंटिस्ट पुरस्कार, फील्ड वेटरिनेरियन पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स जैसे विशेष पुरस्कार शामिल हैं। यह आयोजन जलवायु संकट जैसी वैश्विक चुनौती से निपटने हेतु ठोस कदम सिद्ध होगा और पशुधन क्षेत्र को सतत विकास की दिशा में अग्रसर करेगा। इस दौरान संस्थान के डॉ आरके शर्मा, आयोजक सचिव डॉ देवेंद्र गुप्ता, सहसचिव डॉ अमिता तिवारी, डॉ बृजेश सिंह, सहायक कुल सचिव डॉ रामकिंकर मिश्र, जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, नर्मदा भाग ने विजयादशमी उत्सव मनाया



**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की भाँति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, नर्मदा भाग में मालवीय नगर के द्वारा विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयोजन का विशेष महत्व है क्योंकि इस वर्ष संघ कार्य की शताब्दी पूर्ण हो रही है। सन 1925 में विजयादशमी के ही दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ कार्य प्रारंभ किया था। इन 100 वर्षों में समाज को संगठित, चरित्र संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने हेतू अनेक संघ कार्य निःस्वार्थ भाव से किये गये। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में महाकौशल प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह विनोद नेमा और वाणी स्पीच सेंटर से मुख्य अतिथि डॉ. विशाल मेहरा उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता ने संघ के प्रारंभ से समाज हित में किये, कार्यों का वर्णन किया, साथ ही साथ वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों की भी चर्चा अपने उद्बोधन में की। इसके साथ ही पंच परिवर्तन के विषयों जैसे नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, कुटुंभ प्रबोधन, समरसता और स्वदेशी से भी समाज को परिचित कराया। आयोजन में स्वयंसेवकों के अलावा समाज की सभी जाति बिरादरियों के प्रमुख अपने समाज के साथियों के साथ उपस्थित हुए। मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुईं। विजयादशमी उत्सव के द्वारा समाज को नई ऊर्जा प्राप्त होती है, एक उत्साह का भाव उत्पन्न होता है। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के समर्पण, अनुशासन और समाज के प्रति सेवाभाव को प्रदर्शित करता है।

## धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर

## दशहरा मिलन एवं राम अलंकार रत्न सम्मान समारोह संपन्न



**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर में सभी पात्रों की विदाई, राम अलंकार, उत्कृष्ट सेवा, उत्कृष्ट अभिनय, शासन-प्रशासन, इलेक्ट्रिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, संस्कारधानी की सम्मानित दुर्गा उत्सव समिति, गणेश समिति, धार्मिक ट्रस्ट, साधु-संत, महात्मा, नागरिकगण सभी का आभार व्यक्त किया। देव कुरचानिया, अभिषेक उपाध्याय ने आधुनिक उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मण क्रोध अलंकार, उत्कृष्ट सम्मान प्रदान कर रामचंद्र मर्यादा पुरुषोत्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दशानन रावण को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित, प्रवण अवस्थी, उत्तम एवं मर्यादा के लिए शबरी ओम प्रकाश पाठक, आदेश दीक्षित, बन्नी महावर को सम्मानित किया। दशहरा उत्सव के लिए अभिषेक चौकसे, सीताराम कुरचानिया, मधुर तिवारी, राम सेवा मंडल द्वारा सम्मानित किया, व्यास पीठ के लिए प्रमोद तिवारी, शिव शंकर मिश्रा, नरेश जूनियर सिंगर श्रृंगार के लिए आशीष पाठक, सतीश पाठक विशेष पुरस्कार से सम्मानित हुए, वस्त्र ग्रह रजनीकांत अवस्थी, शारदा तिवारी, अनमोल रत्न पुरस्कार सम्मानित संतोष तिवारी, सुमरनी पुरस्कार से सम्मानित प्रकाश सोनी, राहुल रजक, दिलीप रजक, उत्तम सेवा मंडल पुरस्कृत धनंजय वाजपेई प्रचार प्रसार हेतु राम जनकी पुरस्कार प्रदान किया, संतोष पटेल, छाया रामानंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, मार्गदर्शन दिनेश शुक्ला, संजय शुक्ला, शिवदत्त चौबे डॉक्टर शंकर पांडे, डीपी कमल, रमेश बिल्वरिया, रामस्वरूप श्रीवास, अंत में सभी की विदाई करते हुए आभार व्यक्त किया गया। जय श्री राम उद्घोष के साथ 2025 रामलीला को विराम दिया गया।



## नामदेव समाज का सम्मेलन 14 दिसम्बर को

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद द्वारा 14 दिसम्बर को बंशी बारातघर दमोहनाका जबलपुर में होने वाले विशाल एवं भव्य युवक-युवती परिचय एवं विवाह सम्मेलन की तैयारियों हेतु नामदेव समाज की आवश्यक बैठक गत दिवस रामभरत नामदेव प्रांतीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यों ने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों के अलावा विधवा, विधुर का परिचय कराने की समिति ने व्यवस्था का निर्णय लिया, वहीं जिनके विवाह पहले से तय हो चुके हैं और वे इस सम्मेलन में विवाह करने के इच्छुक हैं, वे सम्मेलन तिथि से 15 दिन पूर्व संपर्क कर सकते हैं। बैठक में रामभरत नामदेव प्रांतीय अध्यक्ष, जेपी वर्मा, रूपराम, लक्ष्मण, रामबहोरी, रामप्रकाश, रवि, केदार, प्रदीप, संदीप, शंकरलाल, विजय, श्रीकांत, दीपक, अतुल, राजेश, टीपी नामदेव सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भारी वाहनों का प्रवेश रोकने अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन

**जबलपुर।** शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र विजयनगर से दमोहनाका, गोहलपुर, आधारताल मार्ग पर दोपहर के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर मुस्लिम लीगल एडवोकेट द्वारा अपर कलेक्टर नदीमा शीरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारी वाहनों के प्रवेश पर शीघ्र प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस दौरान अधिवक्ता मो. फिरोज अंसारी, निखिल पटेल, रोहित, आसिफ खां, अय्यूब अंसारी, इरफान अहमद आदि उपस्थित रहे।

## नहीं रूका स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान 31 मार्च 2028 तक बढ़ी समय सीमा

जबलपुर।

भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय द्वारा 16 जुलाई 2025 को जारी अधिसूचना के माध्यम से देशभर में स्मार्ट मीटर की स्थापना हेतु समय-सीमा को 31 मार्च 2028 तक विस्तारित किया गया है। कतिपय समाचार पत्रों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को उपभोक्ताओं के विरोध के कारण रोक/टाल दिया गया है, की बात कही जा रही है जो कि वास्तविक तथ्यों के पूर्णतः विपरीत है। वास्तविकता यह है कि यह निर्णय उपभोक्ता विरोध के कारण नहीं, बल्कि देशभर में आर डी एस एस योजना के क्रियान्वयन को सुसंगत तरीके से सुनिश्चित करने हेतु लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा डिस्कॉम्स को 900 प्रति मीटर अनुदान प्रदान की जाएगी।भारत सरकार द्वारा रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के अंतर्गत डिसकाम को दिए जा रहे अनुदान की समय सीमा वर्ष 2028 तक बढ़ा दी गई है। यह केवल अनुदान की समयसीमा बढ़ाने से संबंधित है और इसका उपभोक्ताओं के विरोध से कोई संबंध नहीं है। उक्त अधिसूचना के अनुरूप मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने भी राज्य में स्मार्ट मीटर स्थापना की समयसीमा को मार्च 2028 तक बढ़ाने की अनुमति दी है, ताकि परियोजना को सुचारू रूप से तथा चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

**विरोध ने रोका स्मार्ट मीटर अभियान संबंधी खबरें असत्य और निराधार**

## "नैमिषारण्य: जहाँ समय चक्र ठहर गया" का विमोचन 14 को

### नैमिषारण्य हिन्दू तीर्थ पर डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी की हैं यह कृति
### नैमिषारण्य पीठाधीश्वर पंडित अनिल कुमार शास्त्री देंगे विशेष व्याख्यान

जबलपुर।



14 अक्टूबर 2025, समय सायंकाल 5 बजे, स्थान होटल गुलज़ार महानद्दा, जबलपुर में डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी, संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की अद्भुत कृति "नैमिषारण्य : जहाँ समय चक्र ठहर गया" का विमोचन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर के मुख्य अतिथि होंगे वेद व्यास धाम नैमिषारण्य के पीठाधीश्वर वेद व्यास पंडित अनिल कुमार शास्त्री, जो नैमिषारण्य के ऐतिहासिक, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व पर विशेष व्याख्यान देंगे।

**नैमिषारण्य का धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व**

नैमिषारण्य प्राचीन काल से ही हिन्दू धर्म का एक महान तीर्थ है। यह वह पुण्यभूमि है जहाँ देवताओं और ऋषियों ने यज्ञ सम्पन्न किए तथा अनेक महापुराणों की रचना हुई। यही वह स्थान है जहाँ भगवान सत्यनारायण की कथा का प्रारंभ हुआ और जहाँ वेदों एवं पुराणों का प्रथम बार वाचन हुआ। मान्यता है कि नैमिषारण्य में समय का चक्र थम गया था, इसलिए इसे "अनन्त तीर्थ" कहा गया। यहाँ साधना, तपस्या और ज्ञान की अखंड धारा आज भी प्रवाहित होती है।

यह तीर्थ केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के आध्यात्मिक उत्थान और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रतीक माना जाता है। इस कार्यक्रम में इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना तिवारी एवं राष्ट्रीय सचिव श्रीमती अभिलाषा सप्रे भी उपस्थित रहेंगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों से इस समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। यह विमोचन समारोह केवल साहित्यिक और धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जागरण और आध्यात्मिक प्रेरणा का भी एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# सोशल मीडिया के युग में किताबों से नाता जोड़ रहे युवा

**जबलपुर रीडर्स ग्रुप में है अधिकतर युवा**

**इस रविवार 100 वीं चौपाल लगने जा रही**

अनुरोध पटेरिया






**जबलपुर।** गुजरे दशक में मैगजीन और किताब पढ़ने वालों की संख्या में तेजी से कमी आई है। पांच युवाओं ने प्रयास किया। पहले दहाई के अंक को पार किया फिर सैकडा। अब 99वीं चौपाल तक हजारों की संख्या में किताब प्रेमियों का ग्रुप बन गया है। जबलपुर रीडर्स ग्रुप में अधिकतर युवा और कुछ अन्य आयु वर्ग के लोग शामिल है। 695 दिन यानि लगभग दो साल पूर्व सोशल मीडिया पर किताब पढ़ने प्रेमियों से आव्हान किया गया कहा गया, हर रविवार अपने जैसों से मिलने भंवरताल गार्डन आइए। नयन जैन कहते हैं सोचा था कुछ उम्र दराज लोग ही आएंगे। लेकिन नब्बे फीसदी युवा जुड़े। चौपाल से जुड़ीं मनीषा कहतीं है सुबह सैर करने आते थे एक दिन इस कोने में बैठे और ई बुक से नाता तोड़ा अब कागजों में छपे शब्दों के रथ पर सवारी करते है।

ग्रुप क्रिएटर मेंबर सिद्धार्थ चौहान कहते हैं चौपाल को बंधनों से मुक्त रखा गया है,कभी भी आएं, कभी भी जाएं, पढ़ें , सुने या बोलें आपकी मर्जी। किताब लाएं या न लाएं। यहां उपलब्ध रहतीं है। जबलपुर रीडर्स को जोड़ने के प्रथम प्रयास के बारे में संस्कार जैन ने बताया कि पहली चौपाल में हम पांच और खूब सारी किताबें साथ थी। ग्रुप एडमिन विशाल सिंह बताते हैं कि किसी ने देखा, किसी ने पूछा और कुछ साथ बैठ गए। रीडिंग कम्युनिटी बढ़ने लगी। ग्रुप के प्रारंभिक साथी सुभाष चौहान ने बताया उद्देश्य था हरेक वर्ग के लोगों को किताब के पठन पाठन से जोड़ना अतः जो खुद आए उन्हें अपना बना लिया जो नहीं आए उन्हें समझाना जारी रखा। ग्रुप के सूत्रधार आशुतोष मिश्रा कहते है किताबों में कुछ नया नहीं होता, जब हम पढ़ते हैं तो लगता है कि हमें पता है या हमने देखा है। पर ये भी मानते हैं कि जैसा लिखा है वो और भी बेहतर है। चौपाल की साथी कामनी सोनी कहानियां लिखतीं है पर दूसरों के लिखे को खूब पढ़ती ओर बताती भी है।

जबलपुर रीडर्स ग्रुप अपने उद्देश्य में सफल रहे । पढ़ने वाले और न पड़ने वाले चौपाल में आते है। और किताबों के संसार में हो जाते हैं। अपने सवालों के जवाब किताबों में ढूंढते है। कोई किसी समस्या का साधन पा लेता है। किसी की उलझन किताबें सुलझाती है, तो किसी को नेक राह दिखातीं है। चौपाल के साप्ताहिक साथी अनिकेत सिंह कहते है किताबें पढ़ने से समग्र विकास होता है। अमित गेडाम के अनुसार विजन ब्रॉड होता है। कृतिका विश्वकर्मा के अनुसार नए थॉट आते है। अनुकृति श्रीवास्तव कहती हैं कि बंद रास्तों में सफलता की खिड़की खुलती है। गौरव साहनी कहते है किताबें बहुत कुछ देते है पर मांगती कुछ नहीं। जबलपुर रीडर्स का ये प्रयास इस रविवार सौ वीं चौपाल लगाने जा रही है।

**ई बुक से नाता तोड़ा अब कागजों में छपे शब्दों के रथ पर सवारी**



## गुरु रामदास जी के प्रकाशोत्सव पर गूंजी गुरुवाणी

**जबलपुर।** सिख धर्म के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास के पवित्र प्रकाशोत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा सदर में भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर का आयोजन किया गया। रागी जत्था भाई नरिन्द्रसिंह एवं साजिंदे साथियों ने जहां गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर साध संगत को रसविभोर किया वहीं ज्ञानी अमरवीर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाओं का जिक्र कर कहा कि ब्रह्माण्ड के सभी जीवों का ईश्वर एक ही है, इस सीख को हमें कभी विस्मृत नहीं करना चाहिए। उन्होंने सरबत के भले की अरदास प्रार्थना के बाद मुखवाक भी श्रवण करवाया। कार्यक्रम का संचालन सचिव लखबिंदर सिंह ने किया । श्रीमती बबल कौर सेठी और परमजीत कौर परमार ने आभार व्यक्त किया। प्रधान साहब प्रभजोत सिंह ने बताया कि एल्गिन से सेवानिवृत चीफ मेडिकल ऑफिसर श्रीमती जीके मल्होत्रा एवं कर्नल रजिंदर सिंह मल्होत्रा गुरुद्वारा सदर में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेक कर अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया।

### भावांतर भुगतान योजना के सफल क्रियान्वयन पर हुई बैठक, 200 मंडियों में सोयाबीन की आवक

# कृषि सचिव ने की मंडी बोर्ड के अधिकारियों और सचिवों संग बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के कृषि सचिव निशांत बरबड़े ने प्रदेश की समस्त मंडी सचिवों सहित मंडी अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में भावांतर भुगतान योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में व्यापक रूप से निर्देश दिए गए।

मध्य प्रदेश की 259 मंडी समितियों में से लगभग 200 मंडियों में सोयाबीन की आवक होती है। इन मुख्य मंडियों के साथ-साथ उप मंडियों में भी भावांतर भुगतान योजना को क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। 80 से अधिक उप मंडियों में भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों से कृषि उपज सोयाबीन की खरीदी मंडी के व्यापारियों द्वारा की जाएगी।




**मंडी बोर्ड एमडी ने की सचिवों से वन टू वन चर्चा**

बैठक में मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड कुमार पुरुषोत्तम ने मंडी सचिवों से योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए व्यापक रूप से वन टू वन चर्चा की गई। पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की जानकारी सभी मंडी सचिवों को दी गई। जिसमें अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना द्वारा योजना की बारीकियों पर अपनी बात कही गई। बैठक में मध्य प्रदेश के सभी 259 मंडी सचिव, सातों आंचलिक अधिकारी, अपर संचालक आरआर अहिरवार, संयुक्त संचालक संगीता ढ़ोके, उपसंचालक प्रवीन वर्मा, डॉ. पूजा सिंह, प्रोग्रामर संजीव अग्निहोत्री, सहायक संचालक योगेश नागले, अविनाश पाठे, अरविन्द परिहार, गोविन्द शर्मा, कंसल्टेंट निरंजन सिंह तथा नैनसिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

***अब तक 1.15 लाख से अधिक किसानों के हो चुके हैं पंजीयन***

*इस संबंध में कृषि सचिव ने योजना के सफल संचालन के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पंजीयन की तारीख 3 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है जो कि 17 अक्टूबर 2025 तक जरी रहेगी। वर्तमान तक 1.15 लाख से अधिक कृषकों के पंजीयन किए जा चुके है। 24 अक्टूबर 2025 से सोयाबीन की खरीदी मंडियों में प्रारंभ होगी।*

***सचिव और भारसाधक अधिकारी की निगरानी में शुरू हो नीलामी***

*कृषि सचिव ने निर्देशित किया कि मंडी में जब प्रथम नीलामी प्रत्येक कार्य दिवस में प्रारंभ की जाएगी, तब मंडी सचिव और भारसाधक अधिकारी उक्त नीलामी स्थल पर मौजूद रहेंगे। तथा अपनी निगरानी में नीलामी प्रारंभ करायेगें। मंडी समितियों में लागू ई-मंडी योजना के अंतर्गत ही भावांतर भुगतान योजना में किसानों की कृषि उपज सोयाबीन की खरीदी होगी। मंडी में आने वाले किसानों को किसी किस्म की कोई परेशानी ना हो इस बाबत व्यापक रूप से तैयारी मंडियों में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।*

## उत्सव सीज़ेड गोल्ड ज्वेल्स को केयर एज क्रेडिट रेटिंग

**मुंबई।** उत्सव सीज़ेड गोल्ड ज्वेल्स लिमिटेड जो कि 18 कैरेट, 20 कैरेट और 22 कैरेट के सीज़ेड गोल्ड ज्वेलरी, 22 कैरेट की प्लेन कास्टिंग ज्वेलरी, 22 कैरेट की पेपर कास्टिंग ज्वेलरी, प्राकृतिक हीरे की ज्वेलरी और 18 कैरेट की लैब-ग्रो हीरे की ज्वेलरी के प्रमुख निर्माताओं में से एक है, को केयर एज रेटिंग्स द्वारा इसके बैंक सुविधाओं के लिए क्रेडिट रेटिंग्स प्रदान की गई हैं।ये रेटिंग्स कंपनी की मजबूत बुनियादी संरचना को दर्शाती हैं और इसकी वित्तीय अनुशासन व व्यावसायिक स्थिरता को उजागर करती हैं। कंपनी की क्रेडिट रेटिंग्स इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स द्वारा प्रदान की गई थीं। अब ये रेटिंग्स वापस ले ली गई हैं, क्योंकि उत्सव ने आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (अनापत्ति प्रमाणपत्र) प्रदान किया था, जिसे इसके बैंकरों ने विधिवत स्वीकार किया औरउत्सव सीज़ेड गोल्ड ज्वेल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पंकजकुमार जगावत ने कहाकि हमें केयर एज रेटिंग्स द्वारा प्रदान की गई रेटिंग्स पर खुशी है, जो हमारी मजबूत बुनियादी संरचना और अनुशासित वित्तीय प्रबंधन को दर्शाती हैं।

# करवा चौथ से बाजार में लगे चार चांद, दुकानों पर महिलाओं की भीड़, पार्लरों में बुकिंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

करवाचौथ को लेकर राजधानी के सभी बाजारों में अच्छी चलह-पहल रही और सुहागिन महिलाएं खूब खरीदारी में जुटी हुई है। करवा चौथ से तीन दिन पहले सोमवार को राजधानी के बाजार में ग्राहकी की रंगत जोरदार रही। करवा, पूजा थाल, चूड़ा, सींक, चूड़ियां, मेहंदी, मेकअप का सामान खूब खरीदारी हुई।

**करवा चौथ की खरीदारी भोपाल में करीब 25 करोड़ रु. के कारोबार का अनुमान**

वहीं पुरुषों ने भी पत्नियों को देने के लिए उपहार खरीदारी करते दिखे। कैट के अनुसार देशभर के बाजारों में करीब 22 हजार करोड़ रुपए का और राजधानी भोपाल में करीब 25 करोड़ रुपए के कारोबार की उम्मीद है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली, उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 के अनुसार भोपाल सहित देशभर के बाजारों में करवाचौथ के पूर्व दो दिन से खरीदारी को लेकर बाजार में जोश बना। कपड़ों, ज्वेलरी से लेकर श्रृंगार-कॉस्मेटिक्स का सामान, गिफ्ट आइट्म्स, पूजा के समानों की जमकर शॉपिंग हुई। इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा रौनक दिखाई दे रही है। व्यापारियों के अनुसार करवाचौथ पर मेहंदी लगाना बहुत शुभ माना जाता है। इसलिए मेहंदी का बड़ा कारोबार होता है। करवा चौथ पर एक बेहतर व्यापार का बड़ा अवसर है। भारतीय परंपरा के मुताबिक आगामी नवंबर से शुरू होने वाले शादियों के लिए भी सोने के गहनों आदि की बुकिंग भी करवा चौथ से शुरू हो जाती है।

## आंकड़ों पर आधारित निवेश की कला सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी के जरिए

**मुंबई।** सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी एक डेटा-आधारित निवेश दर्शन है, जो भारतीय निवेशकों के लिए कई अलग-अलग और विशेष अवसरों को आगे बढ़ा सकता है। कोमल नारंग, चीफ क्लाइंट ऑफिसर, जियोब्लैकरॉक, एसेट मैनेजमेंट कंपनी का कहना है कि सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी (**SAE**), ही भविष्य का रास्ता है। सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी एक ऐसा निवेश का तरीका है, जो सोच में एक्टिव (सक्रिय) है, लेकिन लागू करने में सिस्टमैटिक (व्यवस्थित) है। पारंपरिक एक्टिव फंड ज्यादातर व्यक्तिगत अनुभव और निर्णय पर निर्भर करते हैं, जबकि पैसिव फंड सिर्फ एक इंडेक्स (सूचकांक) की नकल करते हैं। लेकिन सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी (**SAE**) एक अलग रास्ता अपनाता है। यह एक क्वांटिटेटिव (संख्यात्मक), डेटा-आधारित प्रक्रिया का इस्तेमाल करके ऐसा एक्टिव पोर्टफोलियो बनाता है, जो जानबूझकर बेंचमार्क (**Benchmark**) से अलग हो। उदाहरण के लिए, अगर किसी इंडेक्स में 500 शेयर हैं, तो सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी (**SAE**) उन सबको रखने के बजाय लगभग 120–130 शेयर चुन सकता है। यह चुने हुए स्टॉक के मार्केट कैपिटलाइजेशन (बाजार पूंजीकरण) के वजन को एक तय सीमा के अंदर बदलने की छूट देता है। इस तरीके की सबसे बड़ी खासियत है रीयल-टाइम और वैकल्पिक डेटा का उपयोग, जैसे क्रेडिट कार्ड लेन-देन, नौकरी की घोषणाएं, और ऑनलाइन गतिविधियां। ऐसे संकेत निवेशकों को जल्दी यह समझने में मदद कर सकते हैं कि कंज्यूमर का व्यवहार कैसा बदल रहा है, कंपनियों का प्रदर्शन कैसा है, या किसी सेक्टर में नया ट्रेंड क्या है, वो भी तिमाही नतीजों से पहले।हालांकि भारत में सिस्टमैटिक एक्टिव इक्विटी की शुरुआत हमारे जियोब्लैकरॉक फ्लेक्सी कैप फंड से होगी, लेकिन इसका विचार इससे कहीं बड़ा है। यही तरीका फैक्टर-आधारित फंड्स (जैसे ग्रोथ, वैल्यू, रोटेशन स्ट्रैटेजीज़) या फिर सेक्टर-फोकस्ड फंड्स पर भी लागू किया जा सकता हैब्लैकरॉक के अलादीन प्लेटफॉर्म को भारत में लाकर और इसे जियो के डिजिटल-फर्स्ट डिस्ट्रीब्यूशन इकोसिस्टम के साथ जोड़कर, हम ऐसे अनोखे स्थान पर हैं, जहां बड़े पैमाने पर हाई क्वालिटी और कम लागत वाले प्रोडक्ट्स निवेशकों को दिए जा सकते हैं। यह साझेदारी संचालन को और अधिक प्रभावी बनाती है और निवेश समाधान पहले से कहीं अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद करती है।

### करवा चौथ से पहले सोना-चांदी ने फिर बनाया नया शिखर

# चांदी डेढ़ लाख के पार, सोना 1.22 लाख रु. पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सुहागनी का पर्व करवा चौथ 10 अक्टूबर को है, लेकिन इसके पहले सराफा बाजार में सोने -चांदी की भाव ने एक बार फिर हाई भाव का रिकॉर्ड बनाया है। राजधानी के सराफा बाजार में 3 फीसदी जीएसटी कर के साथ सोना 1 लाख 22 हजार 90 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा। जबकि चांदी डेढ़ लाख रुपए के पार यानी 1 लाख 53 हजार रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गया।

गौरतलब है कि सोमवर को सोने -चांदी की शुरुआत तेजी के साथ हुए और दोनों के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 787 रुपए की तेजी के साथ 1,18,900 रुपए के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,18,113 रुपए था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,108 रुपए की तेजी के साथ 1,19,221 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,19,426 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,18,900 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 1,19,426 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।



**चांदी भी रिकॉर्ड स्तर तक चमकी**

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 883 रुपए की तेजी के साथ 1,46,627 रुपए पर खुला। पिछला बंद भाव 1,45,744 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,456 रुपए की तेजी के साथ 1,47,200 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,47,479 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 1,46,627 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने आज 1,47,479 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## सैमसंग फैब बड़े ऑफर्स के साथ लाया एआई का जादू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने बड़े शॉपिंग इवेंटफैब ग्रैब फेस्ट में आकर्षक कीमतों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया है। सैमसंग के एआई-पावर्डटीवी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, स्मार्टफोन, मॉनिटर, साउंड डिवाइसऔर अन्य उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो पर विशेष फेस्टिव ऑफर्स के साथ, फैब ग्रैब फेस्ट उपभोक्ताओं के लिए सैमसंग के इंटेलिजेंट इकोसिस्टम में अपग्रेड करने का सबसे बेहतरीन अवसर है, जो रोजमर्रा के जीवन को बदल देता है। विशेष रूप से, एसी, टीवी और मॉनिटरपर जीएसटी में कटौती के बाद नई कम कीमतें भी अब लागू हो गई हैं।

## घरेलू निवेशकों के समर्थन से शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रमुख बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने और घरेलू संस्थागत निवेशकों का समर्थन मिलने से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 137 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद 136.63 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 519.44 अंक बढ़कर 82,309.56 अंक पर पहुंच गया था लेकिन ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली होने से यह अपनी बढ़त काफी हद तक गंवा बैठा।

निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 30.65 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,108.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू इक्विटी बाजार अनुकूल वैश्विक संकेतों से मजबूती के साथ खुला लेकिन दूसरी तिमाही के नतीजे औसत रहने की संभावना बढ़ने से बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।"

नायर ने कहा कि बाजार अल्पावधि में तीसरी तिमाही में हालात बेहतर होने से संबंधित टिप्पणियों पर नजरें रखेगा। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.45 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

## जीएसटी वापसी के आवेदनों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी, सिस्टम में आवेदन दो प्रकार से वर्गीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीएसटी पार्ट 2 में काउंसिल द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार विभाग द्वारा जीएसटी वापसी के आवेदनों के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं, इन निर्देशों के अनुसार किसी भी वापसी के आवेदन को सिस्टम द्वारा दो प्रकार से वर्गीकृत किया जाएगा। कम जोखिम वाले एवं ज्यादा जोखिम वाले। कम जोखिम वाले प्रकरणों में विभाग द्वारा अस्थाई तौर पर 90 फीसदी कर की वापसी स्वीकृत कर दी जाएगी। शेष 10 फीसदी विस्तृत जांच के बाद दि जाएगी। परंतु अधिक जोखिम वाले प्रकरणों में पूरी जांच पड़ताल के बाद ही वापसी स्वीकृत की जाएगी। यह दिशा निर्देश 1 अक्टूबर 2025 के बाद से प्रस्तुत किए जाने वाले कर वापसी के प्रकरणों पर लागू होंगे। 22 सितंबर के बाद कर की दरों में की गई कमी के कारण कई व्यवसायियों को आगत कर में वापसी की पात्रता आएगी ।

### बीवीजी ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** बीवीजी इंडिया लिमिटेड ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुरू करने के लिए सेबी के समक्ष अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। इस निर्गम में 300 करोड़ रुपए तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2.85 करोड़ इक्विटी शेयरों का बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल है। नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 250 करोड़ रुपये उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए निर्धारित किए गए हैं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां( 2450064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।- 9205091963 (रायपुर /09/ अक्टूबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## साम्प्रे न्यूट्रिशन्स ने एफसीसीबी को दी मंजूरी

**जबलपुर।** लिडिंग कन्फेक्शनरी मेन्युफेक्चरर, साम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स ने गत दिवस 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के फोरेन करन्सी कन्वर्टिबल बोन्ड जारी करने पर विचार किया और उसे मंजूरी दे दी है - जो 355.06 करोड़ रुपये के बराबर है। कंपनी एफसीसीबी की सब्सक्रिप्शन अमाउन्ट के अनुसार 1 लाख अमेरिकी डॉलर प्रति बॉन्ड के 400 एफसीसीबी जारी करेगी। एफसीसीबी फंड का उपयोग ईजिप्त और लाइबेरिया (मोनरोविया) जैसे उभरते बाजारों में कंपनी की ग्लोबल फूटप्रिन्ट को व्यापक बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा।

SAMPRE
Sampre Nutrition Limited




## मिडास को "वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर" की मान्यता मिली

**जबलपुर।** मिडास हॉस्पिटल नागपुर को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ "आउटरीच कमेटी" के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर ढुआ द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर ढुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की।

## हर्बालाइफ ने लांच किया लिफ्टऑफ

**नई दिल्ली।** प्रमुख स्वास्थ्य एवं स्वस्थता (वेलनेस) कंपनी, समुदाय और मंच, हर्बालाइफ इंडिया, ने लिफ्टऑफ पेश करने की घोषणा की है। यह एक ताजगी देने वाला पेय है। इसमें कैफीन और गैस होती है जो आपको अपनी बुलबुले वाली फ़िज़ी ताज़गी से ऊर्जावान और चुस्त-दुरुस्त महसूस करने में मदद करता है। तरबूज के स्वाद और बिना किसी अतिरिक्त चीनी के उपलब्ध, लिफ्ट ऑफ को सक्रिय और संतुलित जीवनशैली चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक विकल्प के रूप में तैयार किया गया है।

## व्हाइट स्नो का प्रीमियर फेस्टिवल ब्राज़ील में

**भोपाल।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और यूनेस्को गांधी मेडल से सम्मानित फिल्म निर्देशक प्रवीण मोरछले की नई फिल्म "व्हाइट स्नो" का चयन प्रतिष्ठित 49वें साओ पाउलो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर के लिए हुआ है। यह लैटिन अमेरिका का सबसे बड़ा और विश्व के प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में से एक है, जो 16 से 30 अक्टूबर 2025 तक साओ पाउलो में आयोजित होगा। व्हाइट स्नो इंडिया फ्रांस, जर्मनी और कनाडा का संयुक्त प्रोडक्शन है इसके पूर्व व्हाइट स्नो फिल्म प्रोजेक्ट को एशियन फिल्म फाइनेंसिंग फोरम, 2023 हांगकांग में भारत से चुने गए एकमात्र फिल्म प्रोजेक्ट होने का गौरव मिला था।

## शब्द पहेली - 6012

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| ■ | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | ■ | ■ | 11 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 12 | | 13 | | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | ■ | 28 | | | |
| | ■ | ■ | 29 | ■ | 30 | | | ■ | ■ | |
| 31 | 32 | ■ | 33 | | | ■ | | ■ | 34 | ■ |
| 35 | | | | ■ | | ■ | 36 | | | |

**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6011 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | ब | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6022

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6021 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# जिनकी सेना 4 लाख महिलाओं से दुष्कर्म करे, उन्हें दूसरों को सिखाने का हक नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

*पी हरीश ने कहा कि जो देश अपने यहां धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है, वह दूसरों को मानवाधिकार का पाठ नहीं पढ़ा सकता। पाकिस्तान का असली चेहरा अब दुनिया के सामने आ चुका है*

भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय पटल पर बेनकाब किया है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद



■ महिला सुरक्षा पर यूएन में भारत ने पाकिस्तान को घेरा

(यूएनएससी) में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, पार्वथानेनी हरीश ने यूएनएससी में महिला शांति और सुरक्षा विषय पर खुली बहस के दौरान कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। खुली बहस के दौरान पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है।

**पाकिस्तान** दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए झूठी बातें करता है

**जम्मू-कश्मीर** भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा

### भारत का रिकॉर्ड बेदाग और अक्षुण्ण

भारत की स्पष्ट नीति को रेखांकित करते हुए पी. हरीश ने कहा कि महिला, शांति और सुरक्षा के एजेंडे पर हमारा (भारत) अग्रणी रिकॉर्ड बेदाग और अक्षुण्ण है। उन्होंने कहा कि महिला शांति सैनिकों को आगे बढ़ाने में भारत का नेतृत्व किरण बेदी जैसी हस्ती ने किया है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की पहली महिला अधिकारी डॉ. किरण बेदी को करीब 22 साल पहले वर्ष 2003 में पहली महिला पुलिस सलाहकार और संयुक्त राष्ट्र पुलिस प्रभाग की प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे भारत का नजरिया स्पष्ट होता है।

### 1971 में पाक ने पूर्वी पाकिस्तान में किया था अत्याचार

पी हरीश ने कहा कि जो देश अपने यहां धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है, वह दूसरों को मानवाधिकार का पाठ नहीं पढ़ा सकता। पाकिस्तान का असली चेहरा अब दुनिया के सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि यह वही देश है जिसने वर्ष 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और उस देश की सेना ने 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार जैसे सामूहिक दुष्कर्म के व्यवस्थित अभियान को मंजूरी दी थी। बता दें, ऑपरेशन सर्चलाइट पाकिस्तान की सेना का एक सैन्य अभियान था, जिसे 25 मार्च 1971 की रात शुरू किया गया था। इसका मकसद था पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में बंगाली आबादी के आंदोलन को कुचलना। इस रात, पाकिस्तानी सेना ने ढाका विश्वविद्यालय, अखबार दफ्तरों, छात्रावासों और आम नागरिक इलाकों में हमला किया। इस अभियान में बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं, बलात्कार और मानवाधिकार उल्लंघन हुए। अनुमान के अनुसार, लाखों लोग मारे गए और करीब 1 करोड़ लोग शरणार्थी बनकर भारत में आए।


### महिलाओं के बिना शांति स्थापना असंभव

हरीश ने कहा कि भारत का मानना है कि अब सवाल यह नहीं रह गया है कि महिलाएं शांति की स्थापना कर सकती हैं या नहीं। बल्कि, अधिक प्रासंगिक सवाल अब यह है कि क्या महिलाओं के बिना शांति स्थापना संभव है? उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महिलाएं लिंग आधारित हिंसा से निपटने में मदद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि शांति प्रक्रिया समाज के सभी वर्गों की जरूरतों और दृष्टिकोणों को प्रतिबिंबित करे। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा, महिला शांति सैनिक 'शांति की दूत' हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, हर साल हमें अपने देश के खिलाफ पाकिस्तान की भ्रामक आलोचना सुनने को मिलती है, खासकर जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने पुतिन को दी जन्मदिन की बधाई


**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम ने उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की समीक्षा की और भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम ने कहा कि वह 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। पुतिन के 5 दिसंबर को भारत आने की संभावना है।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल दक्षिण अफ्रीका रवाना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल 7 से 10 अक्टूबर



2025 तक दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु नटाल प्रांत में आयोजित होने वाली जी20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के रवाना हो गए हैं। लेंगे। वे ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ भोजन, सस्ती और विश्वसनीय पहुंच और सतत औद्योगिक विकास पर आयोजित होने वाले सत्रों में भाग लेंगे। वे नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की प्रगति से दुनिया को अवगत कराएंगे। ऊर्जा परिवर्तन कार्य समूह और ऊर्जा परिवर्तन मंत्रिस्तरीय बैठक का आयोजन द कैपिटल होटल, जिम्बाली, डरबन में होगा।

### पूर्व पीएम खालिदा के बेटे तारिक लड़ेंगे चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष



और पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 26 साल बाद अपने देश लौट रहे हैं। 58 वर्षीय रहमान ने कहा है कि वह जल्द ही बांग्लादेश लौटेंगे और चुनाव लड़ेंगे। वे पिछले 26 साल से लंदन में रह रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर बीएनपी चुनाव जीतती है तो वह बांग्लादेश के पीएम बनेंगे। दरअसल, अवामी लीग पार्टी के चुनाव लड़ने पर रोक है, ऐसे में बीएनपी की जीत की अटकलें लगाई जा रही हैं। बांग्लादेश में चुनाव अगले साल फरवरी तक होना तय माना जा रहा है।

### चंद्रशेखर पॉल की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या करने वाले आरोपी को



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टैक्सास पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान 23 वर्षीय एक युवक रिचर्ड फ्लोरेज नॉर्थ रिचलैंड हिल्स के निवासी रूप में हुई है। जिसने शुक्रवार रात ईस्टचेज पार्कवे स्थित एक गैस स्टेशन पर काम कर रहे चंद्रशेखर पॉल को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की गाड़ी से एक बंदूक बरामद की है। आरोपी वर्तमान में अस्पताल में भर्ती है, लेकिन उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा भारत

# 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ के घरेलू सैन्य 'उपकरण' खरीदे गए

आत्मनिर्भर भारत की रक्षा यात्रा एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है, दस वर्षों में भारत का रक्षा उत्पादन बढ़कर 1.5 लाख करोड़ पहुंचा

*मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं और इन पहलों के तहत, अब सैन्य उपकरणों की खरीद में घरेलू स्रोतों को प्राथमिकता दी जा रही है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ रुपए मूल्य के घरेलू सैन्य उपकरण और हथियार खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ ध्यान लगा रहा है। 'देश में रक्षाा विनिर्माण के अवसर पर सम्मेलन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार, युद्ध क्षेत्र के बदलते स्वरूप, खासकर ड्रोन आदि के इस्तेमाल की अहमियत से पूरी तरह वाकिफ है और उसके अनुसार ही अपनी सैन्य तैयारी कर रही है। राजनाथ सिंह ने बताया कि 2021-22 में, घरेलू स्रोतों से हमने करीब 74 हजार करोड़ रुपए के घरेलू सैन्य उपकरण खरीदे, लेकिन 2024-25 के अंत तक, घरेलू स्रोतों से सैन्य खरीद बढ़कर करीब 1.20 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि मानसिकता का भी है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं और इन पहलों के तहत, अब सैन्य उपकरणों की खरीद में घरेलू स्रोतों को प्राथमिकता दी जा रही है।



### रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करें

*राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में रक्षा क्षेत्र की भूमिका अहम है। हमें महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। साथ ही हमें रक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक बनना होगा। तीसरा, भारत को अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए, हमें कुछ खास तकनीकों और प्रौद्योगिकी में प्रगति करनी होगी।*

### रक्षा क्षेत्र में अवसरों की कमी नहीं

*रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि आपके पास संकल्पशक्ति, सही नीतियाँ, कुशल मैनपावर और देशहित में कुछ नया करने की इच्छाशक्ति है, तो रक्षा क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं है। पिछले दस वर्षों में भारत का रक्षा उत्पादन 46,425 करोड़ से बढ़कर 1.5 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। इसमें 33,000 करोड़ का योगदान निजी क्षेत्र से आना दर्शाता है कि आत्मनिर्भर भारत की रक्षा यात्रा अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल 'मैक इन इंडिया' या निर्यात के आँकड़ों तक सीमित नहीं है। 'आत्मनिर्भरता' उस भरोसे का नाम है कि संकट की घड़ी में हम अपनी रक्षा के लिए किसी और पर निर्भर न हों।*

### रक्षा नवाचार संवादः आईडेक्स स्टार्टअप्स के साथ परस्पर संवाद में रक्षा मंत्री बोले

#### भविष्य के युद्ध तकनीक से लड़े जाएंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन से पहले 'रक्षा नवाचार संवादः आईडेक्स स्टार्टअप्स के साथ परस्पर संवाद' के दौरान कहा कि युद्ध का मैदान बदल गया है। भविष्य के युद्ध एल्गोरिदम, ऑटोनॉमस सिस्टम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लड़े जाएंगे। ड्रोन, एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कंप्यूटिंग और निर्देशित-ऊर्जा हथियार भविष्य की रूपरेखा तैयार करेंगे।



#### हर नवाचार रक्षा में दे योगदान

रक्षा मंत्री ने दुख जताते हुए कहा कि आज देश में 100 से भी अधिक यूनीकॉर्न बन चुके हैं, परंतु डिफेंस सेक्टर में अभी कोई यूनीकॉर्न सामने नहीं आ पाया है। रक्षा मंत्रालय, स्टार्टअप्स को संपूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ रणनीतिक गठजोड़ कर रहा है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा इको-सिस्टम बनाना है जहां हर विचार को एक वउत्पाद के रूप में विकसित होने का और हर प्रोटोटाइप को उत्पादन में विस्तार का अवसर मिले तथा हर नवाचार भारत की रक्षा में योगदान दे।

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा

# भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए बना प्रेरणास्रोत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत आज दुनिया में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का एक प्रेरणास्रोत बन चुका है, चाहे बात आधार, यूपीआई, या डिजिटल गवर्नेंस की हो। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में जिस पैमाने पर जनता तक सेवाएं पहुंचाई हैं और शासन में पारदर्शिता व दक्षता लाई है, वह दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है।

उन्होंने यह बात मंगलवार को आयोजित 'ट्रस्ट एंड सेफ्टी इंडिया फेस्टिवल 2025' में कही। यह आयोजन फरवरी 2026 में होने वाले एआई इम्पैक्ट समिट की तैयारी का हिस्सा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के भविष्य पर वैश्विक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि 'भारत पर एक विशेष जिम्मेदारी है, क्योंकि वैश्विक दक्षिण के कई देश हमसे प्रेरणा लेते हैं। जयशंकर ने कहा कि जब मैं विदेश जाता हूं, तो वहां के नेता मुझसे भारत की डिजिटल सफलताओं की चर्चा करते हैं।

### एआई का विकास सुरक्षित व सुलभ हो

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत जैसे विशाल समाज के लिए 'जिम्मेदार एआई' की दिशा में काम करना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने तीन प्रमुख कदम बताए। जिसमें स्वदेशी उपकरण और ढांचे तैयार करना, इन नवाचारों के लिए आत्म-मूल्यांकन प्रणाली बनाना. और ठोस दिशा-निर्देश तैयार करना शामिल है। उन्होंने कहा कि केवल इन कदमों के बाद ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि एआई का विकास, उसका उपयोग और शासन, सभी सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ हों। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय एक 'महान परिवर्तन के मोड़' पर खड़ी है। जो फैसले आज लिए जाएंगे, वही आने वाले दशकों की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में एआई हमारी अर्थव्यवस्थाओं, काम करने के तरीकों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और जीवनशैली. सब कुछ बदल देगा।

### एआई नए अवसर लाएगा

जयशंकर ने कहा कि एआई नए अवसर तो लाएगा ही, लेकिन इसके साथ नए खिलाड़ी और नई ताकतें भी उभरेंगी। इसलिए जरूरी है कि हम इसका संतुलित और जिम्मेदार नियमन करें। उन्होंने कहा कि एआई का असर हर नागरिक तक पहुंचेगा, इसलिए डिजिटल नागरिकों की सुरक्षा के लिए 'गार्डरेल्स' यानी सुरक्षा सीमाएं तय करना बहुत जरूरी है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों का हवाला देते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी तभी भलाई की ताकत बनती है, जब मानवता उसे सही दिशा देती है।

## अगले साल नेपाल में होंगे चुनाव

# 5 मार्च को वोटिंग, उसी दिन गणना, नवंबर तक पंजीयन



एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के शीर्ष निर्वाचन निकाय ने सोमवार को प्रतिनिधि सभा चुनाव के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। इस कार्यक्रम के अनुसार नेपाल में 5 मार्च चुनाव होने हैं। नेपाल में हाल ही में केपी शर्मा ओली सरकार को अपदस्थ करने के बाद पहली महिला पीएम सुशीला कार्की के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार कामकाज संभाल रही है। नेपाल के चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों को 16 से 26 नवंबर तक चुनाव के लिए पंजीकरण कराना होगा।

यदि कोई नया राजनीतिक दल चुनाव में भाग लेना चाहता है, तो उसे 15 नवंबर तक पंजीकरण कराना होगा। राजनीतिक दलों को 15 फरवरी से 2 मार्च तक 15 दिनों की अवधि के लिए अपना चुनाव प्रचार अभियान चलाने की अनुमति होगी।

## पाक में जाफर एक्सप्रेस में फिर विस्फोट

# कई डिब्बे पटरी से उतरे, 4 यात्री घायल, कई पाक सैनिक मारे गए



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों ने एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया है। बलूचिस्तान रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने मंगलवार को दावा किया कि उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया और आईईडी विस्फोट कर ट्रेन के कई डिब्बों को पटरी से उतार दिया। यह हमला सुल्तान कोट इलाके में किया गया, जो शिकारपुर और जैकबाबाद इलाके के बीच में स्थित है। बीआरजी ने ऐलान किया है कि बलूचिस्तान की आजादी तक ऐसे हमले जारी रहेंगे। रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित आईईडी विस्फोट किया गया।

विस्फोट इतना ताकतवर था कि उसके असर से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन के पटरी से उतरने से चार यात्री घायल हुए हैं। वहीं बलूच विद्रोहियों का दावा है कि हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक यात्रा कर रहे थे और उन्हें निशाना बनाकर हमला किया गया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के फैकल्टी और कोर्स सदस्यों से की बात

# सुरक्षा के क्षेत्र में रणनीतिक बुद्धिमत्ता ही सच्ची शक्ति, रक्षा कॉलेज को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के 65वें कोर्स के फैकल्टी और कोर्स सदस्यों से बातचीत की। इस दौरान भारतीय सशस्त्र बलों, सिविल सेवाओं और 32 मित्र देशों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान रणनीतिक शिक्षा के क्षेत्र में एक मानक बन चुका है, जो राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के क्षेत्रों में बेहतर समझ, सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देता है।

### नीति निर्माण की समझ होगी विकसित

राष्ट्रपति ने कहा कि रणनीतिक बुद्धिमत्ता ही नेतृत्व की नींव होती है। विशेष रूप से सुरक्षा के क्षेत्र में। 47 सप्ताह का यह कोर्स प्रतिभागियों को नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया विकसित करने में मदद करेगा।



### युद्ध के समय साहस सर्वोपरि


*राष्ट्रपति ने कहा कि महाभारत भारत की शांति और युद्ध की दृष्टि को दर्शाता है, जहां अहिंसा और कूटनीति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, लेकिन जब युद्ध अपरिहार्य हो जाए तो साहस और कर्तव्य को सर्वोपरि माना गया है। हमारे लिए शांति सर्वोच्च है, लेकिन जब संघर्ष आवश्यक हो जाए।*

## फिनटेक कंपनी पेपाल के सीईओ ने भारतीय तकनीक सराही

# भारत का यूपीआई हमारे लिए अहम, इससे हम दुनिया के लिए नया 'प्लेटफॉर्म' बनाना चाह रहे

यूपीआई से डिजिटल वॉलेट और स्टैंडर्ड पेमेंट्स सिस्टम्स संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**बेस्ट डिजिटल वॉलेट को जोड़ेंगे**

दिग्गज ग्लोबल फिनटेक कंपनी पेपाल के सीईओ एलेक्स क्रिस ने मंगलवार को कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हमारे लिए अहम है और हम दुनिया के बेस्ट वॉलेट्स को कनेक्ट करके एक नया प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं।

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में बोलते हुए क्रिस ने कहा कि भारत के यूपीआई के एकीकरण से डिजिटल वॉलेट और स्टेंडर्ड पेमेंट्स सिस्टम्स की बेहतर इंटरऑपरेबिलिटी संभव होगी। पेपाल एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहा है, जिससे दुनिया के बेस्ट डिजिटल वॉलेट को आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है।

### पेपाल ने एनपीसीआई के साथ किया समझौता

*पेपाल ने निर्बाध सीमा-पार भुगतान के लिए 'पेपाल वर्ल्ड' के प्लेटफॉर्म पर यूपीआई के एकीकरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ समझौता किया है। यह कंपनी द्वारा शुरू की गई वैश्विक साझेदारियों की श्रृंखला का एक हिस्सा है, जो दुनिया की कई सबसे बड़ी भुगतान प्रणालियों और डिजिटल वॉलेट्स को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ेगी, जिसकी शुरुआत पेपाल और वेनमो के साथ इंटरऑपरेबिलिटी से होगी।*

#### यूपीआई दुनिया के लिए महत्वपूर्ण

क्रिस ने कहा कि भारत में पेपाल का ध्यान घरेलू भुगतानों पर नहीं, बल्कि सीमा पार भुगतान और ग्लोबल कनेक्टिविटी पर रहेगा। उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर और यूपीआई जैसे वर्ल्ड क्लास प्रोडक्ट की सराहना करते हुए कहा कि देश एक ऐसे स्थान के रूप में उभर रहा है जहां टैलेंट मूवमेंट, मनी मूवमेंट, कॉमर्स के अवसर मौजूद हैं। क्रिस के मुताबिक, यूपीआई पहला वॉलेट है जो दर्शाता है कि भारत का बाजार हमारे लिए और पूरी दुनिया के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

## विमानन मंत्री नायडू का बड़ा बयान

# विमान हादसे की जांच में कोई गड़बड़ नहीं, अंतिम रिपोर्ट शेष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो रही है। इस हादसे में 260 लोगों की जान चली गई थी।

मंत्री का यह बयान तब आया है, जब कुछ लोग विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच पर सवाल उठा रहे हैं। नायडू ने कहा कि यह जानने के लिए कि वास्तव में क्या हुआ था, सभी को एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि जांच में कोई हेराफेरी



या कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है। यह एक बहुत ही साफ-सुधरी और गहन प्रक्रिया है, जिसे हम नियमों के मुताबिक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम रिपोर्ट आने में अभी कुछ समय लगेगा। एएआईबी इस पर बहुत ही पारदर्शी और स्वतंत्र तरीके से जांच कर रहा है। हम उन पर कोई दबाव नहीं डालना चाहते कि वह जल्दबाजी में कोई रिपोर्ट तैयार करें।

# पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**महिला विश्व कप : आज दोपहर 3 बजे से एलिसा और फातिमा की टीमों में मुकाबला**

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है।

- टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया

इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी।

### ऑस्ट्रेलिया की नजर आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी

टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।




### टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर पाकिस्तान

बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान आठ टीम के टूर्नामेंट में अभी अंतिम स्थान पर है। हालांकि शनिवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुआ मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए निराशाजनक रहा क्योंकि इसने टीम से दो अंक अर्जित करने और तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका छीन लिया। फातिमा सना की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम बांग्लादेश (सात विकेट से हार) और भारत (88 रन से हार) के खिलाफ मैच में खेल के सभी विभागों में कमजोर साबित हुई। टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी और मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाजों की अनुपस्थिति के कारण पाकिस्तान टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में 200 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया है। इन दो मैच में सिदरा अमीन, फातिमा सना और मुनीबा अली जैसी स्टार बल्लेबाज संघर्ष करती दिखीं।

### टीम इस प्रकार

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एयमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

---

## खबर संक्षेप



### न्यूयॉर्क स्क्वाश से बाहर हुए तीन भारतीय खिलाड़ी

नई दिल्ली। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और रमित टंडन को न्यूयॉर्क में 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार को मैक्सिको के चौथे वरीय लियोनल कार्डेनास के खिलाफ 7-11, 6-11, 4-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि आठवें वरीय टंडन को इंग्लैंड के एड्रियन वालेर के खिलाफ 11-6, 9-11, 8-11, 11-8, 7-11 से हार मिली। चोटरानी को फ्रांस के दूसरे वरीय विक्टर क्रोइन के खिलाफ 1-11, 8-11, 5-11 से हार का समना करना पड़ा।

### बीएफआई कप में सेना के मुक्केबाजों का दबदबा

**चेन्नई।** सेना के मुक्केबाजों ने पहले बीएफआई कप के मंगलवार को पुरुष वर्ग में दबदबा कायम किया, जिसमें एस विश्वनाथ, मोहम्मद हुसामुद्दीन, वंशज, सचिन और अंकुश ने फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। एशियाई अंडर-22 चैंपियन सेना के एस. विश्वनाथ ने 47-50 किग्रा वर्ग के फाइनल में हरियाणा के आशीष पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। सेना के आशीष ने 50-55 किग्रा वर्ग के करीबी मुकाबले में एआईपी के नवराज को 3-2 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेना के हुसामुद्दीन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 55-60 किग्रा वर्ग के मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सागर जाखड़ को 5-0 से हराया।



### विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 16वें स्थान पर अजय बाबू



**फोर्डे।** राष्ट्रमंडल चैंपियन भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी विश्व चैंपियनशिप में पुरुष 79 किग्रा वर्ग में 16वें स्थान पर रहे, जिससे मीराबाई चानू के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में नाकाम रहे। बीस साल के अजय ने कुल 323 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 177 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया और 39 प्रतिभागियों के बीच 16वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अगस्त में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उठाए कुल 335 किग्रा (152 किग्रा और 183 किग्रा) वजन से 12 किग्रा वजन कम उठाया। उन्होंने अहमदाबाद में जीत की बदौलत अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। इंडोनेशिया के रिज्की जुनैनसियाह ने क्लीन एवं जर्क में रिकॉर्ड 204 किग्रा और स्नैच में 162 किग्रा के साथ कुल 361 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में 73 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

---

**अंडर 19 दूसरा टेस्ट : हेनिल और खिलन चटकाए तीन-तीन विकेट**

# भारत की अनुशासित गेंदबाजी, नहीं टिके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, 135 रन पर सिमटी कंगारुओं की टीम

एजेंसी ▶▶| मैके

हेनिल पटेल और खिलन पटेल की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन से भारत अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 135 रनों पर ऑलआउट करने के बाद पहली पारी में 7 विकेट गंवाकर 9 रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल ने क्रमशः 21 और 23 रन देकर तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिससे उनकी टीम 43.3 ओवर में सिमट गई। विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 66 रन (108 गेंदों में) बनाए। कप्तान विल मलाजचुक ने 10 और यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े




### ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब

*ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सुबह के सत्र में 10वें ओवर तक 32 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए। यंग और देशमुख ने इसके बाद छठे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाने की कोशिश की। यह साझेदारी खिलन की गेंद पर देशमुख के आउट होने से टूटी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने 44 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिए। भारत के लिए तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने दो विकेट लिए जबकि दीपेश देवेंद्र को एक सफलता मिली।*

### भारत ने 41 रन पर गंवाए तीन विकेट

भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और छह रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए।


### खिलन और हेनिल ने की 48 रन की साझेदारी

त्रिवेदी और राहुल कुमार (नौ रन) ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।

---

**टीम का ऐलान**

# स्टार्क की टीम में वापसी, भारत के खिलाफ खेलेंगे वनडे सीरीज



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की 19 अक्टूबर से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है जबकि पैट कमिंस की अनुपस्थिति में मिचेल मार्श टीम की कप्तानी जारी रखेंगे।

पिछले महीने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप से संन्यास लेने वाले स्टार्क वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे से लौटने के बाद अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहे थे। एशेज से पहले उनके काम के बोझ को सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया जा रहा है। उन्होंने पिछला एकदिवसीय मैच नवंबर 2024 में एडीलेड में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1-2 से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम में शामिल किए गए चार खिलाड़ियों में से स्टार्क एक हैं। इसके अलावा पदार्पण का इंतजार कर रहे बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ, मैट शॉर्ट और मिच ओवेन को भी टीम में जगह मिली है। शॉर्ट पिछली श्रृंखला में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पाए थे और ओवेन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय चरण के दौरान कन्कशन (सिर में चोट लगने के कारण बेहोशी जैसी स्थिति) का शिकार हो गए थे।

### कमिंस की अनुपस्थिति में मार्श होंगे कैप्टन

कमिंस की अनुपस्थिति में मार्श एकदिवसीय टीम की कप्तानी जारी रखेंगे जो एशेज की तैयारी के लिए कमर की हड्डी में खिंचाव से उबर रहे हैं। चयनकर्ताओं ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के इरादे से शुरुआती दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए मार्श की अगुवाई में 14 सदस्यीय टीम का भी चयन किया है। एलेक्स कैरी पर्थ में होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह एडीलेड ओवल में क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड के दूसरे दौर के मैच में खेलेंगे। वह न्यूजीलैंड दौरे के कारण शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे।

---

**वुहान ओपन**

# ओसाका ने लेला को हराया दूसरे दौर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| वुहान

नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

वर्ष 2017 के बाद पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।

### 30 साल बाद आमने-सामने होंगे आनंद-कास्परोव

**सेंट लुई।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे जब वे 8 अक्टूबर से 'क्लच शतरंज: द लीजेंड्स टूर्नामेंट' में आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज



रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे, जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज का नाम दिया गया है। कास्परोव ने आनंद के खिलाफ उस मुकाबले में दबदबा बनाया था और 20 बाजी का मुकाबला 10.5-7.5 से जीता था।

---

### विश्व जूनियर बैडमिंटन में भारत ने श्रीलंका को हराया

**गुवाहाटी।** भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए को सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एच में श्रीलंका को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ाए। ग्रुप एच में शीर्ष पर रहने के प्रबल दावेदार और दूसरे वरीय भारत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका को 45-27, 45-21 से हराया। श्रीलंका ने सोमवार को करीबी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को शिकस्त दी थी। अन्य शीर्ष देशों में 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की जबकि फिलिपीन्स ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराकर उलटफेर किया। चीन ने ग्रुप डी में इंग्लैंड को 45-22, 45-19 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने ग्रुप जी में पदार्पण कर रहे भूटान को 45-5, 45-17 से शिकस्त दी।



---

**एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की संतुलित पिच से भारतीय बल्लेबाजों को मिलेगी राहत**

# विशाखापत्तनम स्टेडियम में 11 साल के बाद महिला वनडे

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो महत्वपूर्ण मैच खेलने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाजों को संतुलित पिच से मिलने वाली मदद से राहत मिलेगी क्योंकि मेजबान टीम की बल्लेबाज मौजूदा महिला क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में भिड़ेगी। यह मैदान 23 जनवरी 2014 को श्रीलंका के खिलाफ भारत के मैच के बाद 11 साल के अंतराल पर किसी महिला एकदिवसीय मैच की मेजबानी कर रहा है।



### स्टैंड को दिया जाएगा मिताली का नाम

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्टूबर को होने वाले मैच से पहले एसीए-वीडीसीए स्टेडियम के स्टैंड को पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर रवि कल्पना का नाम दिया जाएगा।

### अब तक स्टेडियम में बनते रहे हैं बड़े स्कोर

आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) के एक अधिकारी ने बताया, 'अगर आप आईपीएल सहित पिछले कुछ मैचों पर नजर डालें तो पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी। अगर ओस नहीं होगी तो गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों को मैच आगे बढ़ने पर कुछ मदद मिलेगी।' यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में आम तौर पर बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं क्योंकि भारतीय पुरुष टीम और दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल में) दोनों ही 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रहे हैं।

---

**एशिया कप में कुलदीप ने की 6.27 इकोनॉमी दर से गेंदबाजी**

# सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित हुए तीन भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की।








### कुलदीप ने एशिया कप में चटकाए 17 विकेट

कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को तीन बार शिकस्त दी।

### स्मृति शीर्ष पर बरकरार

मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं लेकिन उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नेट स्किवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं। विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन महिला एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

### लीफ ट्रेस मैनेजमेंट से क्रांति: खबरा का किसान बना जैविक खेती का पथप्रदर्शक

# गन्ने के पत्तों से उपजा नवाचारः खबरा के किसान ने रचा जैविक खेती का नया मॉडल

हरिभूमि जबलपुर।

जिले के मझौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम खबरा के प्रगतिशील कृषक दिनकर राय ने जैविक खेती को एक नई दिशा देते हुए लीफ ट्रेस मैनेजमेंट तकनीक के माध्यम से रासायनिक मुक्त खेती का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। मंगलवार को उनके कृषि फार्म का निरीक्षण करने पहुँचे कृषि विभाग के अधिकारियों ने उनके नवाचारों की सराहना की। अवलोकन दल में उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम, जैविक निरीक्षक एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी तथा वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी मझौली आर. एल. मिश्रा शामिल रहे। यह निरीक्षण जैविक खेती प्रमाणीकरण के नवीनीकरण हेतु किया गया था। डॉ. निगम ने बताया कि दिनकर राय वर्ष 2016 से जैविक खेती कर रहे हैं। उन्होंने 10 एकड़ भूमि पर जैविक गन्ना लगाकर मध्यप्रदेश राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्थान से प्रमाणन प्राप्त किया था। वर्तमान में वे 27 एकड़ क्षेत्र में गन्ना, अरहर, चिया एवं किनोवा की खेती जैविक विधि से कर रहे हैं।



**लीफ ट्रेस मैनेजमेंटः बिना रसायन के उपजाऊ जमीन**

*दिनकर राय अब केवल गन्ने की पत्तियों का समुचित प्रबंधन (लीफ ट्रेस मैनेजमेंट) कर खेती करते हैं। इससे उनकी मिट्टी इतनी उपजाऊ हो गई है कि किसी रासायनिक उर्वरक या कीटनाशक की आवश्यकता नहीं पड़ती। उनकी फसलें पूर्णतया स्वस्थ रहती हैं और कीटों का प्रकोप भी नहीं होता। वे गन्ने की सीओ-12009, सीओ-8005, सीओ-261 और 86032 जैसी किस्में प्रयोग करते हैं। बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी हिस्से का उपयोग कर 100% अंकुरण दर प्राप्त करते हैं, जिससे संसाधनों का समुचित उपयोग होता है।*

**प्रसंस्करण और ब्रांडिंग में भी अग्रणी**

दिनकर राय अपने खेत पर ही गुड़ उत्पादन की भट्ठी संचालित करते हैं। वे गुड़ की कैंडी और गुड़ पाउडर जैसे उत्पाद तैयार कर "नेचुरल एलिमेंट्स" ब्रांड के तहत अमेजॉन सहित अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बेच रहे हैं।

| | |
|---|---|
| गुड़ कैंडी | : ₹250/किलो |
| गुड़ पाउडर | : ₹220/किलो |
| चिया बीज | : ₹1100/किलो |
| किनोवा | : ₹480/किलो |

अब वे गुड़-मूंगफली की चिक्की का उत्पादन भी शुरू कर रहे हैं। मकर संक्रांति के बाद गुड़ निर्माण शुरू करने की उनकी नीति से उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

**जैविक खेती का आदर्श मॉडल**

कृषि अधिकारियों के अनुसार दिनकर राय का फार्म जैविक खेती अपनाने वाले अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका समर्पण, नवाचार और विपणन रणनीति जैविक खेती के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रही है।

### सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों पर होगा ठहराव

# 14 अक्टूबर से शुरु होगी अमृत भारत ट्रेन की नियमित सेवाएं

हरिभूमि, जबलपुर।

रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अमृत भारत ट्रेन मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन. चर्लपल्ली .मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन सप्ताहिक एक्सप्रेस के मध्य एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई है। इस नई अमृत भारत ट्रेन का नियमित संचालन प्रत्येक मंगलवार को 14 अक्टूबर 2025 से मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन और प्रत्येक गुरुवार को 16 अक्टूबर 2025 से चर्लपल्ली स्टेशन से प्रारम्भ होगी। यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतब्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 15293 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन.चर्लपल्ली सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 14 अक्टूबर 2025 से प्रत्येक मंगलवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से सुबह 10.40 बजे रवाना होकर,



अगले दिन बुधवार सतना मध्यरात्रि 00.50 बजे, कटनी 02.25 बजे, जबलपुर 03.50 बजे, नरसिंहपुर 05.03 बजे, पिपरिया 06.13 बजे, इटारसी 08.00 बजे पहुँचकर और बुधवार को रात्रि 23.50 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 15294 चर्लपल्ली.मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 16 अक्टूबर 2025 से प्रत्येक गुरुवार अपने प्रारम्भिक स्टेशन चर्लपल्ली से भोर 04.05 बजे रवाना होकर, इटारसी रात 19.35 बजे, पिपरिया 20.36 बजे, नरसिंहपुर 21.36 बजे, जबलपुर रात्रि 23.40 बजे, पहुँचकर अगले दिन शुक्रवार कटनी मध्यरात्रि 00.55 बजे, सतना 02.20 बजे पहुँचकर और शुक्रवार को सायं 17.00 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पहुंचेगी।

**ठहराव**

हाजीपुर जंक्शन, सोनपुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, सतना जंक्शन, कटनी जंक्शन, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, नागपुर जंक्शन, बल्लारशाह जंक्शन, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, रामागुंडम, पेद्दपल्ली जंक्शन एवं काजीपेट जंक्शन।

**कोच संरचना**

इस ट्रेन में 08 शयनयान श्रेणी, 11 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडीए 1 पेन्ट्रीकार के कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

**कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज पराली न जलाने के लिए दे रहे संदेश**

# गांव-गांव में घूम रहा है नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ

हरिभूमि जबलपुर।

कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज द्वारा पराली न जलाने के लिए रथ के माध्यम से जिले में जन जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी क्रम में पाटन विकास खंड में ग्राम पोला, पौड़ी, व्यवहारी, मुर्रई, सिमरा, पड़रिया, पाटन समस्त 20 ग्रामों में आज नवाई प्रबंधन रथ द्वारा कृषकों को नरवाई न जलाने के लिए जागरूक किया गया, साथ ही उन्नत कृषि यंत्र अपनाने तथा नरवाई को ऊर्जा में बदलने जैसे सीएनजी गैस, साथ-साथ विभिन्न उपयोग बायोफर्टिलाइजर, पेलेट, पैकेजिंग मैटेरियल, मल्चिंग की जानकारी दी गई।



### स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम के बिना हार्वेस्टरों के प्रवेश पर रोक

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जिले में पराली/नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए फसल कटाई में उपयोग होने वाले सभी कम्बाईन हार्वेस्टरों में स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम (एस.एम.एस.) अनिवार्य किये जाने के आदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने सभी टोल नाका प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि फसल कटाई के लिए आने वाले कम्बाईन हार्वेस्टरों को बिना स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम के जिले के अंदर टोलनाकाओं से प्रवेश न दिया जाये।

**27 से 10 नवंबर तक आवेदन**

# आठ साल बाद 472 सब इंस्पेक्टरों की भर्ती

**जबलपुर।** कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी)ने गृह विभाग के अंतर्गत 500 पदों के लिए भर्ती निकाली है। इसमें 472 पद सब इंस्पेक्टर के लिए हैं। 28 पदों पर सूबेदारों की नियुक्ति होगी। 8 साल के बाद सब इंस्पेक्टर की भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में सूबेदार, उप निरीक्षक, विशेष सशस्त्र बल तथा सामान्य पुलिस बल के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई है। आवेदन प्रक्रिया 27 अक्टूबर से शुरू होकर 10 नवंबर तक चलेगी। परीक्षा 9 जनवरी 2026 को लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिन अभ्यार्थियों के पास मध्य प्रदेश का डोमिसाइल नहीं होगा। वह जनरल पदों पर ही आवेदन कर सकते हैं। प्रारंभिक परीक्षा सभी के लिए अनिवार्य होगी। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न दिए जाएंगे। परीक्षा 100 अंकों की आयोजित की गई है। इसका समय 2 घंटे निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। इसके अंक अंतिम चयन में नहीं जोड़े जाएंगे। इसमें भाषा तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान,कंप्यूटर आदि विषय होंगे। मुख्य परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी। प्रत्येक परीक्षा 300 अंकों की होगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए जिनके दो से अधिक बच्चे हैं। वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### चरगवां के भड़पुरा घाट में सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

# हाथ पैर बंधी लाश नदी में उतराती मिली

हरिभूमि, जबलपुर।



चरगवां थाना अतंर्गत ग्राम भड़पुरा घाट नर्मदा नदी में एक व्यक्ति की लाश उतराते मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लाश बोरे में बंद थी और हाथ पैर बंधे हुए थे। ग्राम कोटवार की सूचना पर पहुंची चरगवां पुलिस ने लाश बरामद कर पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह ग्राम भड़पुरा घाट नर्मदा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में उतराता मिला। लाश बोरी में बंद थी और उसके हाथ पैर भी बंधे हुए थे। प्रथम दृष्टया हत्या कर लाश फेंके जाने का मामला प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई गई है। ग्राम कोटवार एवं किसान गिरधानी चढ़ार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

**जलते ट्रांसफार्मर की आग पर नियंत्रण कर दिखाया अदम्य साहस**

# ट्रांसको के रियल हीरो बने ऑउटसोर्स कर्मी संजय

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के गोरा बाजार स्थित 220 के.वी. सबस्टेशन में बीती रात हुई आग की घटना में आउटसोर्स कर्मी संजय यादव ने अदम्य साहस और जांबाजी का परिचय देते हुए एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। उनकी त्वरित कार्रवाई से न केवल 160 एम व्ही ए. पावर ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहा, बल्कि पूरे यार्ड और शहर की बिजली आपूर्ति को भी खतरे से बचा लिया गया। इस असाधारण कार्य के लिए संजय यादव को "एम.पी. ट्रांसको के रियल हीरो" के रूप में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। दरअसल लगभग 10 करोड की लागत से स्थापित 160 एम व्ही ए क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर के टेप चेंजर में तकनीकी खराबी आने से अचानक आग लग गई। इसके पहले की लपटें तेज़ी से उठती और स्थिति गंभीर हो जाती, आउटसोर्स आपरेटर संजय यादव ने सहायक अभियंता चेतन यादव, आर.एस. बैस और हेल्पर अय्यूब खान के मार्गदर्शन मे अग्निशमन यंत्रों की मदद से जलते ट्रांसफार्मर के ऊपर चढ़कर आग पर नियंत्रण पा लिया। उनकी सूझबूझ, साहस और समय पर की गई कार्रवाई से एक बड़ी आपदा टल गई। यदि यह हादसा हो जाता तो शहर की विद्युत व्यवस्था के साथ



औद्योगिक क्षेत्र मनेरी प्रभावित तो होता ही अमरकंटक पावर हाउस से आने वाले पावर का प्रबंधन करने की विकट चुनौती खडी हो जाती।

**एमडी तिवारी ने किया पुरस्कृत**

एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी स्वयं सबस्टेशन पहुंचे और आउटसोर्स कर्मी संजय यादव का अभिनन्दन करते हुए उन्हें नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया और उस विषम परिस्थिति में संजय यादव को मार्गदर्शन देने वाले वरिष्ठ हेल्पर अयूब खान को भी सम्मानित किया तथा टीम के सभी सदस्यों की सराहना की। एम.पी. ट्रांसको द्वारा समय-समय पर आयोजित अग्निशमन एवं सुरक्षा प्रशिक्षणों के परिणामस्वरूप ही कर्मचारी आपात स्थितियों में इस तरह की प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम हो सके।

### *सीसीटीव्ही फुटेज से ऑटो चालक और आरोपी की शिनाख्त*

# मझगवां से अपहृत किशोरी कटनी में मिली

**जबलपुर।** थाना मझगवां क्षेत्र की 17 वर्षीय किशोरी के अपहरण की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। 26 नवम्बर 2024 को एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मझगवां पुलिस की टीम ने अपहृता की फोटो के आधार पर मझगवां, कुम्ही, सतधारा, फनवानी, अगरिया, बघराजी, खितौला, सिहोरा, कटनी, सागर, दमोह, गढ़ा कोटा सहित विभिन्न स्थानों तथा सिहोरा, मुड़वारा, कटनी और जबलपुर रेलवे स्टेशनों पर लगातार तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान मुड़वारा रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में अपहृता के साथ एक संदिग्ध ऑटो चालक दिखाई दिया। 6 अक्टूबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना मझगवां की टीम ने मिशन चौक कटनी में दबिश देकर संदिग्ध ऑटो चालक को पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि अपहृता हरिजन बस्ती टंकी मोहल्ला, नया बस स्टैंड, सिटी कोतवाली कटनी में है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपी की पहचान पानी टंकी न्यू बस स्टेंड कटंनी निवासी 28 वर्षीय विनय राज चौहटेल उर्फ टोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया है।




**इंद्राना से दमोह तक पहुंचाने में की थी मदद**

# डकैतों का एक और मददगार गिरफ्त में

हरिभूमि, जबलपुर।

खितौला थाना क्षेत्र स्थित ईसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त 2025 को हुई डकैती के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक और आरोपी को दबोच लिया है। आरोपी की पहचान उड़ना करैया पाटन निवासी बबलू उर्फ बाबू सिंह लोधी के रूप में हुई है।

खितौला पुलिस के अनुसार घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि वह देवरी, जिला सागर में छिपा हुआ है। खितौला पुलिस ने दबिश देकर 4 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार कर लिया।

जांच में सामने आया है कि आरोपी ने मुख्य डकैत राजेश दास व उसके अन्य साथियों को इंद्राना से दमोह तक पहुंचाने में मदद की थी। इतना ही नहीं, आरोपी डकैती के पहले और बाद में परिवहन की व्यवस्था करता था तथा घटना में शामिल अन्य आरोपियों के साथ सीसीटीवी फुटेज में भी नजर आया था।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी से 40 हजार नगद और डकैती की घटना के दिन पहने गए कपड़े बरामद किए हैं। फिलहाल, पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी रखे हुए है। गौरतलब है कि आरोपी बबलू लोधी पर पहले से ही अपहरण, झगड़े और आर्म्स एक्ट समेत कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

# हाईवे जाम कर खड़े 3 हाईवा चालकों पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत नेशनल हाईवे 45 जबलपुर भोपाल मार्ग पर अंधमूक बायपास के पास मार्ग अवरुद्ध कर रेत से भरे तीन हाईवा को पुलिस ने जब्त करते हुए हाईवा चालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

संजीवनीनगर थाना प्रभारी बी.डी. द्विवेदी ने बताया कि गत शाम यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित किये जाने के बाद नेशनल हाईवे 45 जबलपुर-भोपाल मार्ग पर अंधमूक वायपास के पास हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेड एल 5827, हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 6048 एवं हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 82665 लोकमार्क पर बाधा डालकर अनाधिकृत रूप से खतरनाक हालत में खड़ा होना एवं आने जाने वाले वाहनों में लगातार जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। पुलिस ने हाईवा चालक ग्राम परमट झांसीघाट गोटेगावं जिला नरसिंहपुर निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद मेहरा, ग्राम मालकछार शीतलपुर थाना शहपुरा निवासी 26 वर्षीय धर्मेंद्र बर्मन और ग्राम नीमखेड़ा झांसीघाट थाना शहपुरा निवासी 26 वर्षीय लल्लू मल्लाह को गिरफ्तार कर उनके पास से रेत से भरा हाईवा जब्त किया है। पुलिस ने तीनों हाईवा चालकों के विरूद्ध पृथक पृथक धारा 285 बीएनएस एवं धारा 122/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240